श्रावण कृष्ण पक्ष 10, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

रांची का तापमान

| कांके | रांची |
|---|---|
| अधिक. 29.6° | अधिक. 30.7° |
| न्यून. 23.0° | न्यून. 23.0° |

रांची, रविवार
20 जुलाई 2025
वर्ष-26, अंक-168, पृष्ठ-12

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर


पेज 10

## उद्योग सचिव ने विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ दिल्ली में की बैठक

# औद्योगिक विकास में रणनीतिक सहयोग देगा जेआईसीए

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दिशा निर्देश पर राज्य में विकास योजनाओं को गति देने के उद्देश्य को लेकर उद्योग सचिव अरवा राजकमल और जियाडा के प्रबंध निदेशक वरुण रंजन ने शनिवार को दिल्ली में विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ अलग-अलग बैठक की। झारखंड के प्रतिनिधिमंडल ने नई दिल्ली में जापानी अंतरराष्ट्रीय सहयोग एजेंसी (जेआईसीए) इंडिया की अपर मुख्य विकास विशेषज्ञ अदिति पुरी के साथ एक बैठक की। इसमें जेआईसीए ने औद्योगिक विकास, स्वास्थ्य अवसंरचना और कौशल विकास पर झारखंड के कार्यों की सराहना की और रणनीतिक सहयोग की संभावनाओं में गहरी रुचि व्यक्त की। वहीं, उद्योग सचिव ने जापान एक्सटर्नल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन (जेईटीआरओ) इंडिया के मुख्य महानिदेशक सुजुकी ताकाशी से मुलाकात की।



**प्रतिनिधिमंडल ने जेआईसीए, जेईटीआरओ और एनईसी के प्रतिनिधियों से की मुलाकात**

जेईटीआरओ ने झारखंड को जापानी निवेशकों से जोड़ने के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया है। दोनों पक्षों में नए निवेश अवसरों को खोलने के लिए आउटरीच कार्यक्रमों पर सहमति बनी है।

एक बैठक नई दिल्ली स्थित झारखंड भवन में एनईसी कॉरपोरेशन के कॉरपोरेट स्ट्रैटेजी के रयोहेई आइबा के साथ हुई। आईटी सॉल्यूशन, दुर्लभ मृदा खनिज खनन के लिए डिजिटल तकनीकों और एनईसी के सहयोग से एक जापानी भाषा अकादमी की स्थापना में संयुक्त उद्यम के अवसरों की खोज करेगी। एनईसी ने झारखंड की डिजिटल परिवर्तन यात्रा में उसके साथ साझेदारी करने में गहरी रुचि व्यक्त की।

## हमें गर्व है अपने वीर सैनिकों पर

राष्ट्रीय नवीन मेल




डॉ वीणा पांडेय 'भारती'

किसी भी देश का सैन्य बल उस देश की सुरक्षा तंत्र की मजबूती को दर्शाता है। परंतु, भारत की सेना सीमाओं की सुरक्षा के साथ-साथ भारतीयों के सपने, उनकी भावनाओं की सुरक्षा भी करती है। इसका बहुत ही जीता जागता उदाहरण हमने 'ऑपरेशन सिंदूर' में देखा। 'ऑपरेशन सिंदूर' ना सिर्फ तीनों सैन्य बल की एकता और एकाग्रता को दिखाता है, बल्कि ये देशवासियों को यह भी आश्वस्त करता है कि कोई उसके सम्मान के साथ खिलवाड़ करेगा, तो निश्चित ही उसे छोड़ा नहीं जाएगा। एक सैनिक अपने घर, परिवार छोड़ कर देश की सीमाओं एवं उसके मान सम्मान को सुरक्षित रखने की प्रतिज्ञा लेता है, जिसकी कीमत वह अपनी प्राणों की आहुति देकर चुकाता है।

अपनी चंद पंक्तियां समर्पित करती हूं-
'तिरंगे में लिपट कर वह यही कहता रहा शायद,
देश की खातिर हम जान की परवाह नहीं करते।'

हमें एक शिक्षित एवं जागरूक नागरिक होने के कारण अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन अवश्य करना चाहिए। शेष पेज 11 पर

## नामकुम में महिला से चेन छिनतई

**रांची।** राजधानी रांची के नामकुम थाना क्षेत्र के खिजरी गांव में पैदल जा रही महिला से बाइक सवार स्नैचरों ने चेन छिनतई कर ली। खिजरी के शाहदेव हॉम में रहने वाली डॉली ने बताया कि वह शाम साढ़े पांच बजे नामकुम सीआरसी के समीप अपनी फ्रेंड शोभा के साथ टहल रही थी। उसी दौरान पल्सर बाइक पर सवार दो युवक उसके पास पहुंचे और चेन छिनकर नामकुम डोरंडा रोड की ओर फरार हो गए। पीड़िता के अनुसार चेन की कीमत लगगभ डेढ़ लाख रुपए है।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं। संपर्क/व्हाट्सएप 82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क +91 82923 73444 कार्यकारी संपादक।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दी तीन बड़ी सड़क परियोजनाओं को मंजूरी

# रांची को मिलेगा सुगम यातायात का तोहफा

**सीएम ने दिया डीपीआर तैयार कर जल्द परियोजनाओं को धरातल पर उतारने का निर्देश**

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को राजधानी रांची समेत झारखंड के अन्य प्रमुख शहरों में यातायात व्यवस्था को सुचारू और आधुनिक बनाने की दिशा में तीन महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दे दी। इन परियोजनाओं की विस्तृत प्रस्तुति पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने मुख्यमंत्री के समक्ष दी थी।

इसके बाद मुख्यमंत्री सोरेन ने डीपीआर (डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट) तैयार कर जल्द परियोजनाओं को धरातल पर उतारने का निर्देश दिया है। साथ ही, अन्य प्रमुख शहरों में भी यातायात सुधार के उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हरमू मुक्तिधाम से रेडिशन ब्लू तक फ्लाईओवर और हिनू पुल से जगन्नाथपुर तक स्वर्णरेखा नदी पर फ्लाईओवर जैसे अन्य प्रस्तावों पर भी विचार करने की बात कही है। इन परियोजनाओं से न केवल ट्रैफिक जाम की समस्या कम होगी, बल्कि स्थानीय रोजगार, निवेश और औद्योगिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री सोरेन ने समयबद्ध क्रियान्वयन और नियमित समीक्षा का निर्देश देते हुए कहा कि यह पहल झारखंड को आधुनिक और विकसित राज्य बनाने की दिशा में एक अहम कदम है।

*"न केवल **ट्रैफिक जाम** की समस्या कम होगी बल्कि औद्योगिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा"*



### मंजूर की गईं तीन प्रमुख परियोजनाएं

1. अरगोड़ा चौक-कटहल मोड़-चापू टोली एलिवेटेड फ्लाईओवर की मंजूरी दी गई। इसकी लंबाई 1.75 किलोमीटर, चौड़ाई फ्लाईओवर की 10 मीटर, नीचे की सड़क 7 मीटर चौड़ी होगी। सड़क के दोनों ओर ड्रेनेज और यूटिलिटी डक्ट बनेगा। नीचे की सड़क का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। फ्लाईओवर पर पूर्ण प्रकाश व्यवस्था और दोनों किनारों पर न्वॉयज बैरियर लगेगा। इसके बनने से अरगोड़ा से चापू टोली तक व्यस्त यातायात से राहत मिलेगी और सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित होगी।
2. करमटोली-मोरहाबादी-साइंस सिटी फ्लाईओवर एवं रिंग रोड तक फोर लेन बनेगा। फ्लाईओवर की लंबाई : 2.2 किलोमीटर (करमटोली चौक से साइंस सिटी तक) एवं चौड़ाई 10 मीटर होगी। फोर लेन सड़क लंबाई साइंस सिटी से रिंग रोड तक 5 किलोमीटर से अधिक होगी। इसके बनने से राजधानी के व्यस्त मार्गों पर जाम की समस्या में कमी आएगी और आवाजाही तेज होगी।
3. रांची रेलवे स्टेशन से एयरपोर्ट तक वैकल्पिक फोर लेन सड़क। इसकी कुल लंबाई 4.7 किलोमीटर होगी। साथ ही, एलिवेटेड रोड 800 मीटर बनेगी। दोनों ओर फुटपाथ और कवर्ड साइकिल ट्रैक होगा। ट्रैक के ऊपर सोलर पैनल, होगा, जिससे सड़क रोशन रहेगी। ग्रीनफील्ड कॉरिडोर, गजीबो, बैठने की बेंच और प्राथमिक सुविधाएं होंगी। इसके बनने से एयरपोर्ट तक जाने के लिए वैकल्पिक तेज रफ्तार मार्ग उपलब्ध होगा। इससे हटिया, डोरंडा, हीनू और एचईसी क्षेत्र के लोगों को रांची रेलवे स्टेशन तक त्वरित और सुगम पहुंच होगी।

### जमशेदपुर, डालटनगंज के लिए भी सुधार की योजनाएं

*मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने निर्देश दिया कि रांची की तर्ज पर जमशेदपुर, डालटनगंज और अन्य शहरों में भी ट्रैफिक सुधार की योजनाएं बनाई जाएं।*

- **जमशेदपुर-साकची सिटी फ्लाईओवर परियोजना :** 2.54 किमी लंबा फ्लाईओवर, जाम की समस्या से राहत देगा।
- **डालटनगंज-गढ़वा वैकल्पिक कॉरिडोर :** चारों दिशाओं को जोड़ने वाला गोलाकार एलिवेटेड कॉरिडोर, ट्रैफिक संतुलन में मदद करेगा।
- **एनएचएआई के ट्रांजिशन प्वॉइंट्स पर सुधार :** रामगढ़, डालटनगंज, बरकाकाना जैसे स्थानों पर सुरक्षा और जंक्शन सुधार पर जोर दिया।

## चतरा में ओझा गुनी के आरोप में वृद्ध की हत्या

**चतरा।** चतरा के प्रतापपुर थाना क्षेत्र के बरवा कोचवा में शुक्रवार की देर रात 60 वर्षीय वृद्ध व्यक्ति का गर्दन रेतकर हत्या कर दी गई। मृतक की शिनाख्त बरवाकोचवा गांव निवासी कैल भारती के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, कैल भारती की हत्या ओझा गुणी करने का आरोप लगाकर की गई है। कैल भारती रात में अपने मड़ई में सोया हुआ था। शनिवार को परिजनो ने देखा की मड़ई में रखे खाट पर उसका शव पड़ा हुआ है। घटना की सूचना पुलिस को दिया गया।

सूचना पाकर प्रतापपुर थाना प्रभारी कासिम अंसारी दल-बल के साथ घटना स्थल पहुंचे और जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेज दिया। मृतक की पुत्री रौशनी कुमारी ने बताया कि अंधविश्वास को लेकर गोतिया में कलह चल रहा था। इस वजह से आपसी कलह में मेरे पिता की गला रेतकर हत्या कर दी गई। मृतक झाड़-फूंक कर अपने तथा अपने परिवार का भरण पोषण करता था।

## गोमिया के काशीताड़ जंगल में भारी मात्रा में हथियार बरामद



- पुलिस को नक्सलियों के खिलाफ मिली बड़ी कामयाबी

नवीन मेल डेस्क

**बोकारो।** बोकारो जिले में पुलिस को नक्सलियों के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। बोकारो एसपी हरविंदर सिंह ने शनिवार को बताया कि जिले में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे सर्च ऑपरेशन में गोमिया प्रखंड के काशीताड़ जंगल में बड़ी कामयाबी मिली। बोकारो पुलिस को दो बंडल कोडेक्स वायर, एसएलआर राइफल के 20 राउंड कारतूस, एक एसएलआर राइफल, एक इंसास की मैगजीन, एक एसएलआर की मैगजीन और एक डेटोनेटर बरामद हुआ है। नक्सलियों के खात्मे के लिए बोकारो पुलिस, सीआरपीएफ कोबरा 209 बटालियन और झारखंड जगुआर हर स्तर पर नक्सल ऑपरेशन और सर्च ऑपरेशन चला रही है। इसी सर्च ऑपरेशन के दौरान 16 जुलाई 2025 को बोकारो जिले के गोमिया थाना क्षेत्र के बिरहोर डेरा में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई थी, जिसमें दो नक्सलियों को पुलिस बल ने मार गिराया था। वहीं, एक सीआरपीएफ कोबरा बटालियन का जवान नक्सलियों को मुंहतोड़ जवाब देने में शहीद हो गया। बोकारो पुलिस गोमिया थाना क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन चला रही थी, जिस दौरान बड़ी कामयाबी मिली। बोकारो पुलिस का मानना है कि नक्सलियों की इतनी अधिक मात्रा में सामग्री जब्त होना एक बड़ी कामयाबी है। जल्द ही बोकारो शेष पेज 11 पर

## साक्षी व जीवा के साथ धौनी ने की दिउड़ी मंदिर में पूजा



**तमाड़।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धौनी शुक्रवार को सपरिवार पत्नी साक्षी धौनी एवं बेटी जीवा के साथ सोलहभुजी मां दिउड़ी के दरबार में पहुंचे। उन्होंने मां दिउड़ी की विधिवत पूजा-अर्चना की। मंदिर प्रांगण में पहुंचने पर मंदिर समिति ने उन्हें पारंपरिक चुनरी पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान उनकी एक झलक पाने को लोग बेताब दिखे। हालांकि, भीड़ को देखते हुए मंदिर परिसर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। धौनी कुछ समय तक मंदिर परिसर में रुके। फिर रांची के लिए रवाना हो गए। ज्ञात हो कि यह मंदिर अपनी प्राचीनता और धार्मिक महत्व के लिए प्रसिद्ध है।

**उमड़े प्रशंसक, एक झलक पाने को थे बेताब**

## इंडिया | टीवी पर युद्ध हिंसा और राजनीति की खबरों से त्रस्त बचपन



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

रूस-यूक्रेन का अंतहीन युद्ध , इस्राइल-ईरान तनाव , पाकिस्तान व बांग्लादेश की स्थितियों का भारत पर प्रभाव पड़ रहा हो, आतंकी हमलों, पुल ढहने और विमान दुर्घटना से लेकर दिन दहाड़े हत्या की खबरें ध्वनि प्रभाव और नाटकीयता के साथ चौबीसों घंटे टीवी पर चल रही हों और उस पर चर्चा घर में चले तो वहां मौजूद बच्चों –किशोरों पर असर न डालें ऐसा हो नहीं सकता है। ब्रेकिंग न्यूज की भीड़ में समाचारों की मार्केटिंग के बीच यह दुनिया क्या असुरक्षित नहीं लग रही है? परिजन जब तक घर न लौटें मोबाइल पर अपडेट ली जाती है ऐसे में जो बच्चे बड़े हो रहे हैं, उनकी मनोस्थिति का क्या होगी क्या अपनी माताओं के साथ वे भयभीत नहीं महसूस करेंगे? माताएं सोच रहीं हैं कि उन्हें हवाई यात्रा से बचना चाहिए या घूमने से नहीं तो कोई पहलगाम जैसी घटना हो सकती है। अहंकार और विस्तारवादी सोच के कारण टूटी इमारतों के बीच भूख से बिलखते बच्चे और टैरिफ धमकी,पेट्रोलियम उत्पादों की उथल-पुथल में फंसा भारत और फिर तमाम असुरक्षा के बीच बुद्धिजीवी माता-पिता अपने बच्चों को हौसला कैसे दें? यह कठिन घड़ी है, क्योंकि जीवन कुछ ज्यादा अनिश्चित हो गया है। और यह उन तमाम माता-पिता के लिए एक चुनौती है, जहां उन्हें बच्चों को सतर्क भी करना है और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित भी। बच्चों की यह एक पीढ़ी पहले ही कोविड की भयावहता और असुरक्षा झेल चुकी है । युद्ध और मामूली बातों पर हिंसा की घटनाएं उनके बचपन को बाधित कर रही हैं और यह चिंता और घनी होती जा रही है। एक शोध अध्ययन 'कोविड-19 : पोस्ट-ट्रॉमेटिक ग्रोथ और तनाव के अनुभव पर सामाजिक संबंध की भूमिका' में मार्सेला माटोस, कर्स्टन मैकइवान, मार्टिन कानोवस्की आदि यह मानते हैं कि कोविड-19 महामारी के दौरान जो एक प्रमुख तनाव समझा गया वह था सामाजिक वियोग और अकेलेपन की भावना। उनका अध्ययन इस बात की भी पड़ताल करता है कि अकेलेपन और करुणा के अभाव ने किस तरह से लोगों क पोस्ट-ट्रॉमेटिक ग्रोथ और पोस्ट-ट्रॉमेटिक स्ट्रेस को प्रभावित किया है।'कोविड 19 समुदाय, संचार और करुणा', यही फियोना लोंगमुइर का शोध पेपर था और यह पेपर उन तरीकों की जांच करता है, जिनमें ऑस्ट्रेलियाई स्कूल के लीडर्स ने कोविड-19 वैश्विक महामारी से उत्पन्न संकट और अनिश्चितता की स्थितियों को समझा और उनका सामना किया। उनके निष्कर्षों से यह पता चला कि इन तमाम विद्यालयों का मुख्य फोकस संवेदना निर्माण और अपने समुदायों की भलाई करना था। पक्विता डी जुलुएटा ने अपने अध्ययन में लिखा, 'करुणा मानव कल्याण के लिए केंद्रीय है, जो इसे देते हैं और जो इसे प्राप्त करते हैं, दोनों को ही लाभ होता है।' तो यह जरूरी है कि माता-पिता इस असुरक्षित माहौल में अपने बच्चों को और करुणा और संवेदनशीलता से समझें।




उन्हें सुनने की कोशिश करें। अगर वे भयभीत नजर आएं या डर को व्यक्त करें, तो उन्हें डरपोक की संज्ञा न दें। आशा तभी संजोई जा सकती है, जब स्कूल से पास होते ही उन्हें सिर्फ यह न बताया जाए कि कुछेक लोगों से ही यह दुनिया चलती है और वे इंजीनियर, डॉक्टर, वकील या चार्टेड अकाउंटेंट होते हैं। बारहवीं के बाद कोई भी सपना इन लक्ष्यों से अलग नहीं होता। अनेक अभिभावक उन्हें टॉपर या अपनी पसंद पर इंजिनियर डॉक्टर या कुछ और बनाना चाहते हैं कोई उनसे नहीं पूछता कि तुम क्या बनना चाहते हो? सभी गूगल से पूछकर उसे यह बताने में लगे रहते हैं कि स्कूल की आजाद दुनिया कुछ नहीं होती और न होती है कुछ उसकी वह अटेंडेंस वाली पढ़ाई। दुनिया तो नौकरी से शुरू होकर वहीं समाप्त भी हो जाती है। लेकिन एक दुनिया स्वस्थ रूप से खुश होकर जिंदा रहने की भी होती है और उन दुखों को महसूस करने के कवच-कुंडल के साथ। अगर स्कूल,समाज संग माता-पिता इस बात को समझेंगे, तो आने वाली पीढ़ी को वे उस करुणा और संवेदना से जोड़ पाएंगे, जो कहीं न कहीं से उनको जीवन की आशा देगी। सिर्फ बच्चों को ही नहीं, बल्कि खुद को भी। अगर ऐसा नहीं हुआ, तो कल कोई बच्चा हवाई जहाज पर बैठने से डरेगा, और डरेगा उड़ते ड्रोन को देखकर, कहीं पहाड़ों पर घूमने जाने से भी डरेगा और ठिठक जाएगा मॉक ड्रिल की खबर और उस सायरन को सुनकर। इस असुरक्षा को हर मां-बाप और स्कूल के शिक्षक को समझना होगा और करुणा और संवेदना के मूल्यों को एकीकृत कर उनको अर्नेस्ट हेमिंग्वे के उपन्यास, 'द ओल्ड मैन एंड द सी' के उस सिंटिया नामक बूढ़े मछुआरे के कथन को दोहराना होगा, 'मनुष्य को पराजित नहीं किया जा सकता।

## शिक्षक की पिटाई से छात्र की आंख जख्मी, रांची रेफर

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** हनुमान नगर बारालोटा स्थित मां उग्रतारा एकेडमी में पढ़ने वाले एक छात्र की आंख शिक्षक की पिटाई में गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद छात्र को शहर के निजी क्लिनिक में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए रांची रेफर कर दिया है। घटना की जानकारी परिजनों को मिलने के बाद हड़कंप मच गया। घायल छात्र की पहचान बारालोटा निवासी 12 वर्षीय अंश कुमार के रूप में हुई है, जो कक्षा पांच का छात्र है। परिजनों का आरोप है कि स्कूल के शिक्षक विकास कुमार और विक्की ने अंश की बेरहमी से पिटाई की, जिससे उसकी आंख पर गंभीर चोट लगी। परिजनों के अनुसार सूचना मिलने पर जब वे स्कूल पहुंचे, तो शिक्षक और स्टाफ बच्चे को निजी क्लिनिक लेकर जा चुके थे। वहां डॉक्टरों ने छात्र की आंख की काली पुतली फटने की बात कही, जिसके बाद परिजन उसे रांची इलाज के लिए ले गए। आरोप है कि रांची रेफर की जानकारी होते ही स्कूल के शिक्षक और अन्य स्टाफ फरार हो गए। परिजनों ने दोषी शिक्षकों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।



- मां उग्रतारा एकेडमी के शिक्षकों पर लापरवाही का आरोप परिजनों ने की कार्रवाई की मांग

इस संबंध में मां उग्रतारा एकेडमी के प्राचार्य बबन सिंह ने सफाई दी है कि छात्र अंश कुमार की आंख में चोट किसी शेष पेज 11 पर

# इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में सतत विकास को शामिल करना जरूरी : डॉ अनीता

## सीयूजे में सस्टेनेबिलिटी इंजीनियरिंग पर एफडीपी का हुआ समापन

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे) के सिविल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा आयोजित 'सस्टेनेबल इंजीनियरिंग : कांसेप्ट्स एंड अप्रोचेज' (स्थायित्व इंजीनियरिंग : अवधारणाएं और दृष्टिकोण) विषय पर छह दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) का शनिवार को एक सफल सत्र के साथ समापन हुआ। एआईसीटीई ट्रेनिंग एंड लर्निंग (एटीएएल) अकादमी द्वारा प्रायोजित एफडीपी का उद्देश्य संकाय सदस्यों और शोधकर्ताओं को समकालीन ज्ञान, उपकरण और सतत इंजीनियरिंग प्रक्रियाओं से लैस करना था। कार्यक्रम के दौरान, शिक्षा जगत, उद्योग और अनुसंधान संस्थानों के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों ने हरित बुनियादी ढांचे, सतत जल संसाधन प्रबंधन, नवीकरणीय ऊर्जा प्रणालियों, अपशिष्ट प्रबंधन रणनीतियों और जलवायु-अनुकूल इंजीनियरिंग समाधान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर बेहद जानकारी युक्त सत्र आयोजित किए गए। समापन समारोह में मुख्य अतिथि, डॉ अनीता रॉय, प्रबंध निदेशक, लूरी वाटरसिस्टम्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली ने ससतत विकास संबंधित शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए सिविल इंजीनियरिंग विभाग की प्रतिबद्धता की प्रशंसा की। उन्होंने दीर्घकालिक राष्ट्रीय विकास के लिए इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम और अनुसंधान में सतत विकास को शामिल करने के महत्व पर जोर दिया।

कार्यक्रम सह-समन्वयक डॉ शिखा चौरसिया ने छह दिवसीय कार्यक्रम की एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें तकनीकी सत्रों, व्यावहारिक प्रशिक्षण और औद्योगिक दौरों में प्रतिभागियों की भागीदारी पर प्रकाश डाला।

डॉ चौरसिया सभी विशेषज्ञों और प्रतिभागियों को उनकी सक्रिय भागीदारी और बहुमूल्य योगदान के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम समन्वयक प्रो अजय सिंह ने अपने समापन भाषण में आयोजन टीम और प्रतिभागियों को बधाई दी तथा सतत विकास के क्षेत्र में निरंतर सहयोग और ज्ञान प्रसार को प्रोत्साहित किया। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, रांची के डॉ डीके रुसिया और डॉ मिंटो जॉब ने एफडीपी में भाग लिया और कार्यक्रम की विषयवस्तु की सराहना की। डॉ अमृता लाल और डॉ सुरेश ने भी कार्यक्रम पर बात की और कार्यक्रम के दौरान किए गए विचार-विमर्श की सराहना की।

विभिन्न संस्थानों के 30 से अधिक प्राध्यापकों और शोध विद्वानों की भागीदारी के साथ, एफडीपी ने सतत विकास की चुनौतियों पर एक बहु-विषयक संवाद को सफलतापूर्वक बढ़ाया और पर्यावरण-अनुकूल इंजीनियरिंग समाधानों के लिए सहयोगात्मक शिक्षण को प्रेरित किया। सीयूजे के कुलपति प्रो केबी दास ने कार्यक्रम के सफल समापन पर सिविल इंजीनियरिंग विभाग को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की और बधाई दी।

---

### पारा मेडिकल परीक्षा के मद्देनज़र परीक्षा केंद्रों के पास निषेधाज्ञा लागू

**रांची।** झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद की ओर से रविवार को आयोजित होनेवाली पारा मेडिकल प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा के सुचारु संचालन और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से अनुमंडल दंडाधिकारी, सदर ने निषेधाज्ञा लागू कर दी है। यह प्रतिबंध 20 जुलाई की सुबह 7:सात बजे से शाम 7 ।30 बजे तक प्रभावी रहेगा और यह रांची जिले के 19 परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर की परिधि में लागू होगा। निषेधाज्ञा के अंतर्गत परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे पर पांच या अधिक व्यक्तियों का (सरकारी कार्य व शवयात्रा को छोड़कर) एक स्थान पर एकत्र नहीं होने, वहां ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग नहीं करने, किसी तरह के अस्त्र-शस्त्र या हथियार लेकर चलने पर या किसी प्रकार की सभा, बैठक या प्रदर्शन पर पूरी तरह से रोक रहेगी।

# हर तबके की लडाई लड रही है कांग्रेस : कमलेश

नवीन मेल संवाददाता



**काम करने वालों को मिले संगठन में जगह : मंत्री**

कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि हमें ऐसे लोगों को संगठन में जगह देना है जो काम करना चाहते हैं। अगर कोई ब्लॉक या मंडल अध्यक्ष काम नहीं करते हैं तो उनके स्थान पर दूसरों को मौका देना चाहिए।

**रांची।** जिला ग्रामीण कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में संगठन सृजन और प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन पुराना विधानसभा सभागार में शनिवार को किया गया। कार्यक्रम में रांची ग्रामीण और खूंटी जिला के प्रखंड पर्यवेक्षक, प्रखंड अध्यक्ष एवं नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष उपस्थित हुए। कार्यक्रम में रांची जिला ग्रामीण के मंडल अध्यक्षों को नियुक्ति-पत्र दिया गया। इसके बाद प्रखंड और मंडल अध्यक्ष एवं पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण भी दिया गया। रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने सभी मंडल अध्यक्षों का स्वागत करते हुए कहा कि यह उम्मीद की जाती है कि आने वाला दिनों में संगठन सृजन के तहत आपको प्रदेश या जिला स्तर से जो भी जिम्मेवारी मिलती है उसकी पूरी ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हर वर्ग हर तबके की लड़ाई लड़ रही है। इसमें ओबीसी, आदिवासी, दलित और गरीब स्वर्ण वर्ग शामिल हैं। सभी की लड़ाई राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी लगातार सदन से सड़क तक आवाज उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 25 जुलाई को ओबीसी भागीदारी न्याय सम्मेलन का आयोजन दिल्ली में किया जाएगा। उन्होंने कार्यक्रम में झारखंड से भी ओबीसी समाज के पहुंचकर सफल बनाने का आहव्रान किया। विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने कहा कि यदि पूरे देश में आम जनता की बात को, उनकी समस्याओं को कोई समझता है तो सिर्फ वह कांग्रेस पार्टी है। आज पूरे देश में अगर कोई परिवर्तन ला सकता है तो वह राहुल गांधी ही हैं। उन्होंने पूरे देश में भारत जोड़ो यात्रा कर सभी वर्गों के लोगों से मिलकर उनके दर्द को समझा।

विधायक दल के उप नेता राजेश कच्छप ने कहा कि संगठन के लोग पूरी जिम्मेदारी से अपना काम करें और अपना हक अधिकार के लिए किसी से डरे नहीं। रांची एवं खूंटी जिला के प्रभारी विधायक नमन विक्सल कौनगाड़ी ने कहा कि दोनों जिलों के कार्यकर्ताओं को अगर किसी भी तरह की समस्या होती है तो वह अपना सहयोग देने के लिए सदैव तत्पर हैं।

कार्यक्रम को कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर और पूर्व कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में मीडिया सेल के अध्यक्ष सतीश पॉल मुंजनी, रमा खलखो, सुंदरी तिर्की, कार्यालय प्रभारी राजीव रंजन राजू, मीडिया प्रभारी सुरेश कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य मंत्री का बेटा कर रहा अस्पतालों का निरीक्षण, वीडियो कर रहा अपलोड

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी का बेटा कृष अंसारी भी अस्पतालों का निरीक्षण कर रहा है। वह अपने दोस्तों के साथ अस्पताल का निरीक्षण करता फिर रहा है। इसके बाद निरीक्षण का वीडियो भी अपने सोशल साइट पर अपलोड कर रहा है। राज्य में मंत्रियों के विभाग में उनके रिश्तेदारों की ओर से अप्रत्यक्ष रूप से दखल दिये जाने की परंपरा राज्य गठन के कुछ ही दिनों बाद शुरू हो गई थी। मंत्रियों के रिश्तेदारों की ओर से विभाग के अफसरों पर दिये जाने वाले दवाब सहित अन्य मुद्दों पर दबी जुबान से चर्चा होती रही है, लेकिन किसी मंत्री के पुत्र की ओर से अपने पिता के विभाग से जुड़े संस्थानों में निरीक्षण करने के बाद उसका वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किये जाने की यह पहली घटना सामने आयी है।

वहीं स्वास्थ्य मंत्री के बेटे के सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किया गया यह वीडियो राज्य के अधिकारियों के लिए चर्चा का विषय बना हुआ है। साथ ही दबी जुबान से यह सवाल भी उठाया जा रहा है कि क्या मंत्री के बेटे को अस्पताल के निरीक्षण का अधिकार है। मंत्री के बेटे के सोशल मीडिया अकाउंट पर निरीक्षण से जुड़े अपलोड किए गये वीडियो में मंत्री के बेटे के साथ कई लोग नजर आ रहे हैं। इसमें से एक आदमी अस्पताल के वार्ड में पहुंचने के बाद मरीजों से पूछ रहा है कि कोई तकलीफ हो तो बताइये। मंत्री के बडा बेटा आये हुए हैं। सोशल मीडिया पर अपलोड इसी वीडियो में किसी का बिल देख कर चार्ज के बारे में कह रहा है कि चार्जेज तो इनवैलिड हैं।

### इरफान ने बेटे की इस वायरल वीडियो पर दी सफाई

रांची के एक अस्पताल में देर रात मरीजों का हालचाल पूछते स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के बेटे कृष अंसारी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद विवाद खड़ा हो गया है। वीडियो पर जहां कुछ लोग इसे नेतागिरी करार दे रहे हैं, वहीं मंत्री इरफान अंसारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसे संवेदनशीलता और सेवा भावना का प्रतीक बताया है। मंत्री ने कहा कि कृष अस्पताल में निरीक्षण करने नहीं गया था, बल्कि अपने शिक्षक आदित्य कुमार झा के बीमार पिता को देखने गया था। उसी रात कुछ आदिवासी परिवार मंत्री आवास पर सहायता की गुहार लेकर पहुंचे, जिनके परिजन रिम्स में भर्ती थे। मानवीय आधार पर कृष उनसे मिलने गया और मदद की कोशिश की। संयोग से एक वरिष्ठ पत्रकार के परिजन भी अस्पताल में भर्ती थे, जिन्हें भी सहयोग की आवश्यकता थी।

### चुटिया पुलिस ने हिंदूवादी नेता भैरव सिंह को किया गिरफ्तार



**रांची।** चुटिया थाना क्षेत्र में पार्किंग ठेकेदारी को लेकर हुए विवाद और मारपीट मामले में पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए हिंदूवादी नेता भैरव सिंह को शुक्रवार को गिरफ्तार किया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार घटना रांची के सुजाता चौक के पास स्थित बिग बाजार इलाके की है, जहां पार्किंग ठेके को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि सड़क पर ही मारपीट की नौबत आ गई। इस मामले में भैरव सिंह को नामजद आरोपी बनाया गया था। पुलिस ने मामले की छानबीन के बाद आरोपी भैरव सिंह को पंडरा इलाके से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद मेडिकल जांच करवा कर उसे कोर्ट में पेश किया गया. कोर्ट के आदेश के बाद भैरव सिंह को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

**बाबूलाल ने राज्य सरकार पर साधा निशाना, बोले**

# लोकतंत्र की आत्मा के खिलाफ काम कर रही हेमंत सरकार

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को हेमंत सरकार पर बड़ा निशाना साधा। मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार लोकतंत्र की आत्मा के खिलाफ काम कर रही है। बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा है कि झारखंड सरकार संविधान पर हमला कर रही है और रूल ऑफ लॉ का गला घोंट रही है। ये वक्तव्य झारखंड हाईकोर्ट का है। हाईकोर्ट ने 4 जनवरी 2025 को अधिसूचना जारी करके सरकार को नगर निकाय चुनाव तीन सप्ताह के भीतर कराने का निर्देश दिया था। आज 19 जुलाई है, ना चुनाव करवाये गए, ना ही कोर्ट से मांगे गए चार माह के समय में चुनाव की कोई तैयारियां की गई। मरांडी ने कहा कि इस तरह हाईकोर्ट के आदेश की अवहेलना करना दिखाता है कि हेमंत सरकार न्यायपालिका का कितना सम्मान करती है। जब कोर्ट ने वापस इस मुद्दे पर सरकार से जवाब मांगा तो बहाना दिया गया कि राज्य निर्वाचन आयोग की नियुक्ति नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि नगर निकाय हो या महिला आयोग या फिर जेपीएससी, हेमंत सरकार ने अध्यक्ष की नियुक्ति करने में आनाकानी के अलावा आज तक कुछ नहीं किया। क्योंकि, मुख्यमंत्री लोकतंत्र और संविधान के हर संस्थान को अपने अधीन रखकर उसे नियंत्रित करना चाहते हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि हाईकोर्ट ने यह भी कहा कि स्थानीय निकायों को प्रशासक के भरोसे चलाना लोकतंत्र की आत्मा के खिलाफ है, ऐसी व्यवस्था लंबे समय तक नहीं चल सकती।

# स्वास्थ्य मंत्री का जनता दरबार 21 को

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी कांग्रेस भवन में आगामी सोमवार को जनता दरबार में जन समस्याओं को सुनेंगे। उक्त जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने शनिवार को बताया कि कांग्रेस पार्टी की ओर से जनता के समस्याओं को नजदीक से जानने और उसके निराकरण के लिए प्रयास करने की दिशा में लगातार जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनता दरबार का लाभ आम जनता को सीधे तौर पर हो रहा है। सरकार गठन के प्रारंभ से ही कांग्रेस जन समस्याओं के समाधान के को लेकर गंभीर हैं। कांग्रेस की ओर से प्रत्येक सोमवार को जनता दरबार के आयोजन का निर्णय लिया गया है। इसी कड़ी में स्वास्थ्य मंत्री जनता से रूबरू होंगे। उन्होंने कहा कि जनता दरबार प्रारंभ होने के पहले अपनी समस्याओं को रखने के पूर्व लोगों को कार्यालय में आवेदन एवं उचित दस्तावेज के साथ सूचीबद्ध कराना होगा। ताकि उनकी समस्याओं को सुनकर उनका निदान किया जा सके।

### खोरहा टोली विवाद से मेरा कोई संबंध नहीं : डीडीसी

**रांची।** गोड्डा की पूर्व डीडीसी स्मिता टोप्पो ने कहा है कि 18 जुलाई को प्रकाशित खोरहा टोली कोकर भूमि विवाद मामले से उनका कोई संबंध नहीं है और वे किसी पर दबाव नहीं डाल रही हैं। उक्त समाचार में ही मानवीय भूलवश दो व्यक्तियों के नाम गलत छप गए थे। सही नाम इस प्रकार है - पहला नाम सन्नी आलोक तिग्गा और दूसरा अमर शीतल तिग्गा है।

# एमएसपी में वृद्धि की मांग को लेकर कृषि मंत्री ने केंद्र को लिखा पत्र

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने केंद्र सरकार से राज्य के लघु वनोपज के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि की मांग की है। उन्होंने इस संबंध में केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम को शनिवार को पत्र लिखकर कई ठोस सुझाव दिए हैं। मंत्री तिर्की ने इस संबंध में प्रेस रिलीज विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि झारखंड में बड़ी संख्या में लोग लाह, करंज बीज, महुआ, साल बीज, जंगली शहद और चिरौंजी जैसे वनोपजों पर निर्भर हैं, जो न केवल आय का मुख्य स्रोत हैं बल्कि जैविक कृषि और पर्यावरण संरक्षण में भी सहायक हैं। लेकिन इन उत्पादों का एमएसपी वर्तमान बाजार दर से काफी कम है। इससे आदिवासी समुदाय को उचित लाभ नहीं मिल पा रहा। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि कुसमी लाह का एमएसपी 275 रुपये है, जबकि बाजार मूल्य 730 से 750 रुपये प्रति किलो है। इसी तरह जंगली शहद का एमएसपी 225 रुपये और बाजार मूल्य 600-800 रुपये के बीच है। चिरौंजी, महुआ, करंज और साल बीज जैसे अन्य उत्पादों के साथ भी यही स्थिति है। मंत्री ने एमएसपी का पुनर्निर्धारण वैज्ञानिक आधार पर करने, उसमें यथोचित वृद्धि करने, मूल्य निर्धारण प्रक्रिया में कृषि विशेषज्ञों को शामिल करने और राज्यों के सहयोग से एक केंद्रीय मूल्य मॉनिटरिंग प्रणाली बनाने की मांग की। उन्होंने कहा कि इन मांगों पर जल्द कार्रवाई होने से आदिवासी समाज और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी।

**स्थापना दिवस मनाया** | पेंशन अधिनियम संशोधन की तीखी आलोचना की

# पेंशनर्स एसोसिएशन रांची में 25 को मानव श्रृंखला बनाएगा

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** रांची जीपीओ परिसर में शनिवार को ऑल इंडिया पोस्टल (आरएमएस) पेंशनर्स एसोसिएशन, झारखंड इकाई का 12वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। मौके पर राज्य सचिव एमजेड खान ने कहा कि एसोसिएशन की स्थापना वर्ष 2013 में वेल्लोर में की गई थी। आज 13 वर्षों में यह संगठन पूरे देश में अपनी सक्रियता और मजबूत उपस्थिति दर्ज करा चुका है। झारखंड के लगभग सभी जिलों में संगठन की यूनिटें कार्यरत हैं। बैठक में वक्ताओं ने केंद्र सरकार की ओर से संसद में 25 मार्च को वित्त विधेयक के माध्यम से किए गए पेंशन अधिनियम संशोधन की तीखी आलोचना की। एसोसिएशन का कहना है कि इस संशोधन के जरिए पेंशनर्स को वर्तमान और भविष्य की श्रेणियों में बांटकर उन्हें आठवें वेतन आयोग के संभावित लाभ से वंचित करने की साजिश की जा रही है।

ऑल इंडिया पोस्टल (आरएमएस) पेंशनर्स एसोसिएशन के राज्य सचिव ने कहा कि इस संशोधन और वेतन आयोग गठन में हो रही देरी के विरोध में 25 जुलाई को शाम चार बजे रांची के फिरायालाल चौक पर एक मानव श्रृंखला का आयोजन किया जाएगा। एमजेड खान ने कहा कि यह विरोध प्रदर्शन फोरम ऑफ सिविल पेंशनर्स एसोसिएशन के राष्ट्रीय आह्वान पर आयोजित होगा। इसमें राज्य भर के विभिन्न पेंशनर्स संगठनों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।

बैठक की अध्यक्षता एसपी मंडल ने की, जबकि संचालन राज्य सचिव एमजेड खान ने किया। बैठक में बीएसएनएल के राज्य सचिव विनोद कुमार, बैंक पेंशनर्स एसोसिएशन के एमएल सिंह, सेंट्रल ग्राउंड वाटर बोर्ड के एनके पांडेय, मनोज सिंह, आरके मिंज और पोस्टल (आरएमएस) पेंशनर्स एसोसिएशन के बीके चौधरी, गणेश डे, त्रिलोकी नाथ साहू, सुखदेव राम, रामचंद्र प्रसाद, राजेंद्र महतो सहित दर्जनों पेंशनर्स मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### रांची में हिंदी साहित्य गोष्ठी 27 जुलाई को मुख्य अतिथि होंगी मंत्री दीपिका पांडेय सिंह



**रांची।** रांची स्थित पुराना विधानसभा सभागार, सेक्टर 2 में आगामी 27 जुलाई को एकदिवसीय हिंदी साहित्य गोष्ठी का आयोजन होगा। इसमें बतौर मुख्य अतिथि ग्रामीण विकास विभाग की मंत्री दीपिका पांडेय सिंह शामिल होंगी। कार्यक्रम के संयोजक अजय राय ने शनिवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कार्यक्रम में शामिल होने पर अपनी सहमति दे दी है। ज्ञात हो कि हिंदी साहित्य गोष्ठी का आयोजन हिंदी साहित्य भारती (झारखंड प्रदेश इकाई) और केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा के संयुक्त तत्वावधान में हो रहा है। अजय राय ने बताया कि मंत्री के आवास में उनकी मुलाकात के बाद मंत्री ने कार्यक्रम में शामिल होने पर सहमति दे दी है। राय ने कहा कि इस गोष्ठी का विषय होगा 'भारतीय ज्ञान परंपरा और हम', जो वर्तमान समय में हिंदी भाषा की प्रासंगिकता, सांस्कृतिक चेतना और युवा पीढ़ी को भारतीय मूल्यों से जोड़ने के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### ओबीसी आरक्षण नहीं देना चाहते हैं झामुमो-कांग्रेस : सुदेश महतो



**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने झारखंड में नगर निकाय चुनाव नहीं कराने पर झारखंड हाई कोर्ट की सख्त टिप्पणी को लेकर हेमंत सरकार पर निशाना साधा है। सुदेश ने शनिवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि झामुमो–कांग्रेस की सरकार पिछड़ों को आरक्षण नहीं देना चाहती। साथ ही स्थानीय निकायों को अफसरों के भरोसे चलाना चाहती है। उन्होंने कहा कि हाई कोर्ट की टिप्पणी से स्पष्ट हो गया कि झामुमो और कांग्रेस को लोकतांत्रिक मूल्यों में भरोसा नहीं है। उन्होंने कहा कि झामुमो–कांग्रेस नगर निकाय में ओबीसी को आरक्षण नहीं देना चाहते और इसे टालने का बहाना ढूंढते रहते हैं। राज्य सरकार गंभीर रहती तो काफी पहले ट्रिपल टेस्ट करवा कर नगर निकाय चुनाव करवा सकती थी। जब आजसू पार्टी ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया तब सरकार ओबीसी आरक्षण के लिए ट्रिपल टेस्ट करवाने पर विवश हुई। सुदेश ने कहा कि हाई कोर्ट ने चार जनवरी 2024 को ही आदेश दिया था कि तीन सप्ताह में नगर निकाय चुनाव करवाया जाए, लेकिन राज्य सरकार ने जानबूझकर ट्रिपल टेस्ट अभी तक पूरा नहीं किया और विगत एक वर्ष से ओबीसी आयोग के अध्यक्ष का पद खाली रखकर ट्रिपल टेस्ट में देरी की साजिश की गई। विगत चार माह से मुख्य निर्वाचन आयुक्त का पद भी नहीं भरा जा रहा है। इससे साबित हो जाता है कि झामुमो–कांग्रेस लोकतंत्र और संविधान को कमजोर करने में जुट हैं।

### पत्नी से तंग आ कर युवक ने की आत्महत्या

**रांची।** चुटिया थाना क्षेत्र के रहने वाले 27 वर्षीय अनिल सिंह ने पत्नी के द्वारा प्रताड़ित किए जाने पर आत्महत्या कर ली। पुलिस के द्वारा मिली जानकारी के अनुसार अपने पत्नी सहित ससुरार पर टॉर्चर करने का आरोप लगाया था। अनिल साहू ने मरने से पहले वीडियो कॉल कर अपने परिजनों को पूरी जानकारी दी है। मृतक के परिजनों ने बताया कि अनिल साहू की पत्नी लगातार अनिल साहू को टॉर्चर करती थी। पत्नी के साथ विवाद बढ़ने के बाद शनिवार सुबह आठ बजे अनिल साहू ने वीडियो कॉल कर पूरी कहानी बताई और फंसी लगा कर आत्महत्या कर लिया ।वहीं पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उसकी पत्नी का कहीं और भी अफेयर चल रहा था, जिसे लेकर पति पत्नी के बीच विवाद गहराई फिर आत्महत्या कर लिया। हालांकि पत्नी ने चुटिया थाना में सरेंडर कर दिया। वहीं परिजन ने प्रशासन से गुहार लगाते हुए कहा कि पत्नी सहित पूरे ससुराल वालों पर कार्रवाई होनी चाहिए।

### चोरों ने चोरी की घटना को दिया अंजाम

**रांची।** रांची के जगन्नाथ पुर थाना क्षेत्र स्थित पुंदाग ओपी क्षेत्र में श्रेष्ठ ज्वेलर्स में चोरी की घटना को चोरों ने अंजाम दिया है। दुकान की शटर को गैस कटर से काटा गया। चोर लाखों के जेवरात लेकर हुए फरार। मौके पर एफएसएल की टीम पहुंची। वहीं, पुलिस भी जांच में जुट गई हैं। सीसीटीवी सहित हर एक बिंदु बिंदु पर जांच की जा रही हैं। लगभग 5 लाख के सामान और नगद को मिला कर ले गए चोर।

### बैंक ऑफ इंडिया ने झारखंड में किया किसान दिवस का आयोजन



**रांची।** बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) ने पूरे झारखंड में बड़े उत्साह के साथ शनिवार को किसान दिवस मनाया। इस विशेष अवसर पर बैंक ने झारखंड के विभिन्न जिलों में कृषि ऋण शिविरों का आयोजन किया। कार्यक्रम के तहत बैंक ऑफ इंडिया के प्रधान कार्यालय, मुंबई से विशिष्ट अतिथि, मुख्य महाप्रबंधक सुधीरंजन पाढ़ी, महाप्रबंधक धनंजय कुमार और महाप्रबंधक मनोज कुमार के साथ झारखंड प्रदेश के फील्ड महाप्रबंधक गुरु प्रसाद गोंड ने विभिन्न स्थानों पर उपस्थित होकर कृषि ऋण शिविरों का संचालन किया। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य किसानों को सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देना और उन्हें वित्तीय सहायता प्रदान करना था। कार्यक्रम के दौरान किसानों को ऋण लेने की प्रक्रिया, सरकारी योजनाओं के लाभ, और कृषि विकास के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। किसान दिवस के इस आयोजन के तहत शनिवार (19 जुलाई 2025) को कुल 1793 लाभुकों के बीच करीब 90 करोड़ रुपए के ऋण का वितरण किया गया तथा 1821 लाभुकों के बीच 224 करोड़ रुपए का ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किया गया। इसके अतिरिक्त, इस किसान माह में 19 जुलाई तक कुल 31,240 लाभुकों के बीच लगभग 540 करोड़ रुपए के ऋण वितरित किए गए। बैंक ऑफ इंडिया का यह आयोजन झारखंड के किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए एक प्रयास है।

## नई हिंदी फिल्म 'मर्डरबाद' देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज

# रांची की बेटी रवीना ने दिखाया अभिनय का जलवा

**नवीन मेल संवाददाता**



फिल्म में निभाई है पुलिस इंस्पेक्टर अदिति रावत की भूमिका

**रांची।** रांची की बेटी रवीना की नई हिंदी फिल्म 'मर्डरबाद' 18 जुलाई 2025 को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज हो गई। फिल्म में रवीना ने पुलिस इंस्पेक्टर अदिति रावत की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके अभिनय और स्क्रीन प्रेजेंस को दर्शकों से सराहना मिल रही है। ये जानकारी झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने दी। उन्होंने बधाई देते हुए कहा कि रवीना ने झारखंड और मारवाड़ी समाज का नाम रोशन किया है।

संजय सर्राफ ने बताया कि रवीना मूलतः रांची की निवासी हैं। वे झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के पूर्व महामंत्री की पुत्री हैं। उन्होंने लॉरेटो कॉन्वेंट हाई स्कूल, डोरंडा से स्कूली शिक्षा और संत जेवियर्स कॉलेज से बीकॉम की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद उन्होंने मुंबई का रुख किया।

मुंबई पहुंच कर उन्होंने कई विज्ञापनों में चर्चित कलाकारों के साथ काम किया, जिनका प्रसारण विभिन्न चैनलों एवं यूट्यूब पर होता रहा है। फिल्म के निर्देशक अनरव चटर्जी हैं। नकुल रोशन शहदेव, कनिका कपूर, शारीब हाशमी, सलोनी बत्रा, मनीष चौधरी, अमोल गुप्ता, अंजन श्रीवास्तव, मसुदा अख्तर, सुब्रत दत्ता, बरुण चंदा, विभा छिब्बर और उदय टिकेकर इस फिल्म के अन्य कलाकार हैं। शान कुशल इस फिल्म के एक्शन डायरेक्टर हैं। इस फिल्म की शूटिंग राजस्थान एवं पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में हुई है।

झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल, महामंत्री विनोद कुमार जैन, ललित कुमार पोद्दार, पवन पोद्दार, राजेंद्र केडिया, मनोज चौधरी, कौशल राजगढ़िया, अनिल कुमार अग्रवाल, प्रमोद कुमार सारस्वत, संजय सर्राफ, सुभाष पटवारी, कन्हैया लाल कन्नू, विमल अग्रवाल, भोला चौधरी, नंदकिशोर अग्रवाल, सुमेर सेठी, राजेश रिटोलिया, प्रमोद छावछरिया, सुरेश सिंथोलिया ने रवीना के इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बहुत-बहुत शुभकामनाएं एवं बधाई दी हैं। साथ ही, उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा है कि रवीना के इस उपलब्धि पर पूरा समाज गौरवान्वित हुआ है। रवीना ने झारखंड एवं मारवाड़ी समाज का गौरव बढ़ाया है।

## अबुआ पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का त्वरित निष्पादन हो : संजय भगत



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री के निर्देश पर शनिवार को अबुआ साथी पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों से संबंधित समीक्षा बैठक हुई। नोडल पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक, समेकित जनजातीय विकास अभिकरण, रांची संजय भगत ने अबुआ पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निष्पादन के संबंध में ऑनलाइन बैठक कर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

संजय भगत ने विभागावार प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को उन्होंने त्वरित निष्पादन करने को कहा। उन्होंने कहा कि जिन पदाधिकारियों के लॉगिन में मामले लंबित हैं, वे इसे गंभीरता से लेते हुए यथाशीघ्र त्वरित निष्पादन करें।

### बिरसा राजपथ



राजधानी रांची के **हरमू रोड** में शनिवार की शाम में करीब चार बजे लगा जाम

## रांची जिले का अजूबा प्रखंड रातू

# शीर्षासन किए है प्रखंड और अंचल कार्यालय

**उठते सवाल:** क्या सरकारी गाइडलाइन की उपेक्षा होती रहेगी

**नवीन मेल संवाददाता**







**रांची।** जिले के प्रखंड रातू में अजूबा नजारा देखने को मिलता है। सरकारी गाइडलाइन की अवहेलना साफ-साफ दिखती है और यहां आज से नहीं जब से नया प्रखंड कार्यालय बना है तब से यही परिस्थिति बनी हुई है। झारखंड के सभी प्रखंड नए भवनों पर चल रहे हैं इसके लिए गाइडलाइन जारी किया गया था और भवन निर्माण का नक्शा तैयार किया गया था, जिसमें इस बात का जिक्र था कि ऑफिसर का केबिन किस जगह पर होगा कौन कहां बैठेंगे । आईए जानते हैं क्या है मामला।

प्रखंड के जर्जर भवनों और आधुनिक सुविधाओं की कमी को ध्यान में रखते हुए सरकार ने सभी प्रखंड और अंचल कार्यालय के लिए नया भवन बनाया। लोगों को इधर-उधर भाग दौड़ ना करना पड़े इसके लिए प्रखंड और अंचल कार्यालय एक ही भवन पर शिफ्ट किए गए जिसमें नीचे के फ्लोर में अंचल का कार्यालय और ऊपर के फ्लोर में प्रखंड कार्यालय का नक्शा बनाया गया। इस नक्शा का पालन सभी प्रखंड करते हैं और निर्धारित स्थान पर ही सभी बैठते हैं। रातू का प्रखंड और अंचल ही अजूबा है जिसमें अंचल कार्यालय ऊपर के फ्लोर में और प्रखंड कार्यालय नीचे के फ्लोर में देखने को मिलता है इससे आम लोगों को भारी परेशानी होती है। इसके बावजूद लगातार शीर्षासन पर रातू प्रखंड के अंचल और प्रखंड कार्यालय हैं। इस विषय पर किसी ने ध्यान नहीं दिया लेकिन जनता हमेशा इस बात पर चर्चा करती है कि अंचल कार्यालय ऊपर रहने से भारी दिक्कत होती है। सूत्रों के हवाले से जानकारी प्राप्त हुई है कि जिस समय प्रखंड नए भवन पर शिफ्ट किया जा रहा था उस समय के रातू प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी एक ही थे, शारीरिक दुर्बलता की वजह से वे ऊपर नहीं चढ़ पाते थे इसलिए अंचल कार्यालय को ऊपर और प्रखंड कार्यालय को नीचे शिफ्ट किया गया था जो बदस्तूर आज भी वही है। अब तो सारी सुविधाएं व्यवस्थाएं इसी मॉडल पर चल रही है लेकिन क्या सरकारी गाइडलाइन की उपेक्षा होगी और प्रखंड, अंचल कार्यालय इसी तरह से चलेंगे यह सवाल लोगों के मन में अब भी चल रहा है। जनता यहां तक उम्मीद कर बैठी है कि किसी रोज परिवर्तित होगा और अंचल कार्यालय नीचे और प्रखंड कार्यालय ऊपर होगा। बहरहाल इस मामले पर किसी का ध्यान नहीं है लेकिन आम जनता की परेशानी तो आम जनता ही समझ रही है, कोई तो बात थी कि पूरे झारखंड में एक मॉडल का प्रखंड और अंचल कार्यालय का भवन बनाया गया और जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पदाधिकारियों के बैठने का नक्शा बनाया गया था, आज उस गाइडलाइन की उपेक्षा है और जनता की सरकार से बड़ी अपेक्षा है कि किसी रोज परिवर्तन हो और जैसे दूसरे प्रखंड अंचल चल रहे हैं उसी तर्ज पर रातू का प्रखंड और अंचल कार्यालय भी चले। पदाधिकारी अगर अपने सुविधा को ध्यान में रखते हुए व्यवस्था को परिवर्तित करेंगे तो व्यवस्था की व्यवस्था का क्या होगा।

### आज / कल




## रांची में निमार्णाधीन बिल्डिंग से गिरकर मजदूर की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** राजधानी रांची के कोतवाली थाना क्षेत्र के अपर बाजार स्थित एक निमार्णाधीन बिल्डिंग से गिरकर शनिवार को एक मजदूर की मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त राजेश महतो (30) के रुप में की गई है। राजेश महतो बोकारो के चंदनक्यारी का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार, वह बिल्डिंग के ऊपरी हिस्से में मजदूर के रूप में काम कर रहा था। तभी अचानक असंतुलित होकर नीचे गिर गया। गिरने की आवाज सुनकर आसपास के लोग और बिल्डिंग में मौजूद अन्य मजदूर तुरंत मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक मजदूर की मौत हो चुकी थी। मृतक के पिता बारुनी महतो के बयान पर अस्वाभाविक मौत का मामला दर्ज किया गया है। कोतवाली इंस्पेक्टर आदिकांत महतो ने बताया कि निमार्णाधीन बिल्डिंग से गिरकर मजदूर की मौत हो गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया है। पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में 2500 से ज्यादा भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल ने शनिवार को हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 164वें श्री श्याम भंडारे का भव्य आयोजन किया। 2500 से ज्यादा भक्तों ने प्रसाद प्राप्त किया।

श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, मंत्री श्याम सुंदर शर्मा, एक श्याम भक्त परिवार के सदस्यों ने संयुक्त रूप से श्री श्याम भोग का भजन गायन किया। ठाकुर जी से भोग स्वीकार करने का अनुरोध किया। खाटूनरेश, बजरंगबली, शिव परिवार, लड्डू गोपाल जी, शालिग्राम जी, गरुड़ जी, गुरुजनों का भोग लगाकर महाप्रसाद को विशाल भंडारे में मिश्रित किया गया। श्याम भक्त परिवार ने सर्वप्रथम मंदिर के आचार्यों को भोग प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रथम देव श्री गणेश जी महाराज की जय-जयकारों के बीच श्री श्याम भंडारे का प्रसाद वितरण प्रारंभ किया गया। श्री श्याम मंदिर में निर्मित प्रसाद में आज के भंडारे में इडली, उपमा, नारियल, चटनी, केसरिया जलेबी का प्रसाद शामिल था। श्री श्याम भंडारे में अध्यक्ष सुरेश सरावगी, रोहन अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, कौशल चौधरी, अंकित कुमार, कृष्णा कुमार, संकेत चौधरी, मनोज खेतावत, उपेंद्र पांडे सहित 50 से ज्यादा कार्यकर्ताओं ने सहयोग दिया।

## रांची नगर निगम ने दस होर्डिंग्स को हटाया

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** रांची नगर निगम के प्रशासक के निर्देश पर नगर निगम अवैध होर्डिंग्स के विरुद्ध कार्रवाई के लिए लगातार विशेष अभियान चला रहा है। इस क्रम में शनिवार को बाजार शाखा के पदाधिकारियों एवं कर्मियों की टीम ने बिरसा चौक से हवाई नगर रोड तक जांच अभियान चलाया।

इस क्रम में पाया गया कि कुल 10 होर्डिंग्स में एजेंसी द्वारा अपना नाम अंकित नहीं करवाया गया था। इसपर कार्रवाई करते हुए सभी 10 होर्डिंग्स को काट कर हटाया गया। ज्ञात हो कि विज्ञापन पट्ट/होर्डिंग्स लगाने वाली सभी एजेंसी को निर्देश दिया गया है कि अपने-अपने संबंधित होर्डिंग्स पर अपनी एजेंसी का नाम/नंबर को पट्ट पर भी अंकित करें।

जांच दल में सहायक प्रशासक निकेश कुमार, नगर अभियान प्रबंधक एवं बाजार शाखा की टीम के सदस्य शामिल थे। ज्ञात हो कि रांची नगर निगम शहरी क्षेत्र में अवैध तरीके से, बिना एनओसी प्राप्त किए, विज्ञापन पट्ट/होर्डिंग्स लगाए जाने के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई कर रही है।

## पारा मेडिकल प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा को लेकर निषेधाज्ञा जारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**निषेधाज्ञा में यह है**

- किसी प्रकार का ध्वनि विस्तारक यंत्र का व्यवहार करना।
- किसी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र, जैसे बंदूक, राईफल, रिवाल्वर, बम, बारूद आदि लेकर चलना।
- किसी प्रकार की बैठक या आमसभा का आयोजन करना।
- किसी प्रकार का हरवे हथियार जैसे- लाठी-डंडा, तीर-धनुष, गड़ासा भाला आदि लेकर चलना (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों / कर्मचारियों को छोडकर)।

**रांची।** झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद, रांची द्वारा आयोजित पारा मेडिकल प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (इंटरमीडिएट एवं मैट्रिक स्तरीय)- 2025 रांची जिले के 19 परीक्षा केंद्रों पर रविवार को होगी। परीक्षा के सफल संचालन एवं विधि-व्यवस्था संधारण के लिए उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, रांची एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची के संयुक्तादेश पर पुलिस बल एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। असामाजिक तत्व परीक्षा केंद्रों पर भीड़ लगाकर विधि-व्यवस्था भंग करने की चेष्टा कर सकते हैं, इस आशंका को देखते हुए अनुमंडल दंडाधिकारी, सदर, रांची ने बीएनएसएस की धारा-163 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इन परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा जारी की है।

## सेंट जेवियर्स स्कूल डोरंडा में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का हुआ आयोजन

# सभी छात्र विशिष्ट होते हैं, हमें उनकी प्रतिभा को पहचानना चाहिए : भजंत्री

**नवीन मेल संवाददाता**



**छात्रों को मेडल व सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया**

रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को मेडल व सर्टिफिकेट प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। इस समारोह में कक्षा केजी. से पांचवी तक के विजेता छात्रों को पुरस्कृत किया गया। छात्रों को अनुशासन, परिश्रम, नेतृत्व, करुणा आदि मानवीय गुणों के लिए भी उन्हें पुरस्कृत किया गया।

**रांची।** राजधानी रांची के डोरंडा स्थित सेंट जेवियर्स स्कूल (जूनियर सेक्शन) में शनिवार को 'चिंगारी जलाएं, चैंपियन बनें' वार्षिक पुरस्कार वितरण समाहरोह का आयोजन किया गया। रांची के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे।

मंजूनाथ भजंत्री ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। दीप प्रज्वलित करने में विशिष्ट अतिथि डीआईजी, एससीआरबी, रांची वाईएस रमेश, एसएआर रांची, मनीषा तिर्की, फादर अजीत कुमार खेस एसजे, आशीष बुधिया डॉक्स प्रेसिडेंट, सीए फ्रांसिस प्राचार्य संत एंथनी स्कूल डोरंडा एवं विद्यालय के प्राचार्य फादर फुलदेव सोरेंग, सुपीरियर फादर सुधीर कुमार कुजूर शामिल थे। रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सभी छात्र विशिष्ट होते हैं। हमें उनकी प्रतिभा को पहचानना चाहिए। उन्होंने बच्चों को अनुशासन में रहकर कार्य करने के लिए प्रेरित करते हुए मोबाइल के सदुपयोग पर जोर देते हुए कहा कि हमें इसका उपयोग बुद्धिमता से करना चाहिए। उन्होंने अभिभावकों को भी संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपने बच्चों के संगति पर ध्यान देना चाहिए। ताकि, वे देश के एक अच्छे नागरिक बन सकें और अपने जीवन में सफलता प्राप्त कर सकें।

स्कूल के प्राचार्य फादर फुलदेव सोरेंग ने अपने स्वागत भाषण द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया।




# शिक्षा के हब के रूप में विकसित किए जाएंगे पांच प्रखंड : बंधु तिर्की

**नवीन मेल संवाददाता**



**बेडो.**। प्रखंड मुख्यालय स्थित राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय बेडो.परिसर में बेडो, लापुंग, इटकी मांडर और चान्हो प्रखंड के हाई स्कूल के सभी प्रधान शिक्षकों एवं शिक्षा पदाधिकारियों के साथ बैठक कर पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि सभी प्रखंडों में छात्र-छात्राओं के बेहतर भविष्य के लिए उच्च स्तरीय क्विज प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसके लिए 18 अगस्त तक फॉर्म भरना और जमा करना अनिवार्य होगा। 5 सितंबर को प्रतियोगिता में सफल बच्चों को बेहतरीन पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। विद्यालयों में व्याप्त समस्याओं का निराकरण के लिए विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं अपनी समस्याएं लिखित रूप से प्रखंड के माध्यम से मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की को भेजें ताकि विधानसभा सत्र में उन समस्याओं का निराकरण हो । बेड़ो के अंचल अधिकारी प्रताप मिंज, बेड़ो लापुंग इटकी मांडर और चान्हो प्रखंड की बीईईओ शांति मुनी तिर्की, बेड़ो के उप प्रमुख मोदि्सर हक, कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष प्रो करमा उरांव, विधायक प्रतिनिधि नवल किशोर सिंह, क्विज प्रतियोगिता के प्रभारी प्रो.रितेश सिंह, एस एस प्लस टू उच्च विद्यालय की प्रधानाध्यापिका हेनरिता मिंज केरकेट्टा, सहित दर्जनों विद्यालय के प्रधान शिक्षक मौके पर मौजूद थे।

## बागबेड़ा जलापूर्ति योजनाओं का काम ठप, आठ साल से लोग प्यासे

**पूर्वी सिंहभूम**। बागबेड़ा और आसपास के 21 पंचायतों के 113 गांवों तथा रेलवे क्षेत्र की 33 बस्तियों के करीब 2.25 लाख लोग आठ वर्षों से जलापूर्ति योजनाओं के अधूरे कार्यों के कारण पानी की बूंद-बूंद को तरस रहे हैं। बागबेड़ा ग्रामीण जलापूर्ति योजना और हाउसिंग कॉलोनी जलापूर्ति योजना के फिल्टर प्लांट सहित कई स्थलों का निरीक्षण किया।

## मुरी ओपी में नए प्रभारी ने दिया योगदान



**मुरी**। मुरी ओपी थाना के नए प्रभारी के रूप में गगन कुमार ठाकुर ने शनिवार को पदभार ग्रहण किया। उनका स्वागत गुलदस्ता देकर तत्कालीन प्रभारी कुंदन कुमार ने किया। मौके पर प्रभारी गगन कुमार ठाकुर ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता विधि व्यवस्था चुस्त दुरुस्त करना है साथ ही साथ ग्रामीणों की सेवा के लिए 24 घंटा तत्पर रहेंगे। वहीं प्रशासन एवं ग्रामीणों में आपस में तालमेल बनाकर चलना एवं उनकी समस्या का निदान करना हमारी पहली प्राथमिकता रहेगी। वह इसके पूर्व में लातेहार जिले के बालूमाथ थाना में पदस्थापित थे। इसके पूर्व में मुरी ओपी में कुंदन कुमार प्रभारी के रूप में योगदान दिए थे जिनका स्थानांतरण रांची पुलिस लाइन में हुआ है।

## स्कूल में किया गया पौधरोपण



**चान्हो**। प्रखण्ड स्थित शाइनिंग किड्स स्कूल, बरवा टोली में शनिवार को पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्यालय के सभी बच्चों और शिक्षकों ने मिलकर पौधा लगाया। मौके पर बोलते हुए निदेशक मजीद आलम ने कहा कि हमें प्रकृति की रक्षा करनी चाहिए। पेड़ों से बहुत सारे लाभ मिलते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की आयोजनों से बच्चों में उत्साह और पर्यावरण के प्रति जागरूकता होता है। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मचारी और विद्यार्थी मौजूद थे।

## पत्रकार रजनीकांत चौबे की मां जयंती देवी का हुआ निधन

**बुढ़मू** । बुढ़मू प्रखंड के वरिष्ठ पत्रकार रजनीकांत चौबे की माँ जयंती देवी 75 वर्ष का आकस्मिक निधन शनिवार की सुबह घर मे हो गया। मृतका पिछले लगभग एक महीने से बीमार थी। उनका अंतिम संस्कार वाराणसी के मणिकर्णिका घाट में देर शाम किया गया। जयंती देवी के निधन पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ,विधायक सुरेश बैठा,पत्रकार कालीचरण साहु, रामाशीष पांडेय, रंगनाथ चौबे, चन्द्र कांत गिरि, अरविन्द कुमार यादव, रविंद्र साहु, सुदीप सिंह,विजय मिश्रा, भोला साहू, दीलिप सोनी,मनोज साहू, अन्नु साहु आदि ने गहरा शोक प्रकट किया है।

## स्कूल में मेहंदी प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



**सिल्ली**। सिल्ली प्रखंड अंतर्गत शनिवार के दिन बुद्धा पब्लिक स्कूल में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 1 से 10 तक के लगभग 30 छात्राओं ने भाग लिया। आयोजन के दौरान कला के प्रति बच्चों की ललक देखते ही बन रही थी। छात्राओं ने एक दूसरे के हाथ पर कई कलाकृतियां बनाकर प्रदर्शन किया।अव्वल प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यालय के निदेशक रणधीर कौशिक ने कहा कि यह आयोजन भारतीय संस्कृति और परंपरा को संरक्षित एवं प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया।वहीं विद्यालय के प्राचार्य वी सुधीर राव ने बताया कि छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लेते हुए अपनी कलात्मक प्रतिभा तथा सांस्कृतिक अभिरुचि का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों ने पारंपरिक और आधुनिक डिजाइनों की बेहतरीन प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। सभी ने सुंदरता,स्वच्छता और रचनात्मकता के माध्यम से अपनी प्रतिभा को उजागर किया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में अंजली कुमारी,नकुल बड़ाईक,गोविंदर सिंह,प्रतिमा देवी,सुषमा सिंह,स्मिता कुमारी,प्रिया दुबे,प्रेमचंद,जितेंद्र महतो,सुमंत कुमार,विपुल राय एवं लंकेश्वर का काफी सराहनीय योगदान रहा।

### इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी रांची की कार्यकारिणी की हुई बैठक

# ब्लड डोनेशन को बढ़ावा देने पर दिया गया जोर



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची** । इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी, रांची की कार्यकारिणी समिति की बैठक शनिवार को मोरहाबादी स्थित रेड क्रॉस सभागार में उपायुक्त-सह-अध्यक्ष मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कार्यकारिणी समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे। बैठक में विगत दो वर्षों के कार्यकाल की समीक्षा की गई तथा आय-व्यय का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। बीते वित्तीय वर्ष में प्राप्त आमदनी एवं व्यय की जानकारी लेते हुए समिति ने पारदर्शिता एवं जवाबदेही को प्राथमिकता देने की बात कही। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि सोसायटी में आधुनिक चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। ब्लड कंपोनेंट मशीन की आवश्यकता को देखते हुए उसके लिए प्रस्ताव तैयार कर भेजा जाएगा। साथ ही, डीएमएफटी फंड के माध्यम से भवन की मरम्मत के लिए प्रस्ताव तैयार करने का निर्णय भी लिया गया, ताकि भवन की स्थिति सुदृढ़ की जा सके। बैठक में सभागार के प्रभावी उपयोग पर भी विचार किया गया। समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि 10-15 हजार की राशि के प्रतिदिन भुगतान पर पर बैठकों के लिए सभागार का उपयोग किया जा सकेगा। दिव्यांगजनों के लिए कृत्रिम अंग एवं अन्य आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराने हेतु एक टीम गठन की योजना पर भी सहमति बनी।

### उपायुक्त ने रेड क्रॉस सोसायटी की रांची शाखा का किया निरीक्षण

उपायुक्त-सह-अध्यक्ष मंजूनाथ भजंत्री द्वारा रेड क्रॉस सोसायटी, रांची शाखा का निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सोसायटी की विभिन्न गतिविधियों, संचालित सेवाओं तथा उपलब्ध संसाधनों की विस्तार से जानकारी ली। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने रक्त संग्रहण, वितरण प्रक्रिया, प्राथमिक उपचार, प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं अन्य सेवाओं की स्थिति का निरीक्षण लिया। उन्होंने कहा कि रेड क्रॉस सोसायटी जनहित में कार्य करने वाली महत्वपूर्ण संस्था है और इसके कार्यों में पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता बनी रहनी चाहिए। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि रक्तदान शिविरों का नियमित आयोजन हो, जरूरतमंदों तक समय पर रक्त की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा अधिक से अधिक युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने भवन की साफ-सफाई, अभिलेखों के संधारण और आपातकालीन सेवाओं की तत्परता की भी सराहना की एवं इन पहलुओं में निरंतर सुधार के निर्देश दिए।

# योजनाओं के क्रियान्वयन में कोतही बरतनेवालों पर होगी कार्रवाई : बीडीओ

**नवीन मेल संवाददाता**



**खूंटी**। तोरपा के प्रखंड विकास पदाधिकारी नवीन चंद्र झा ने प्रखंड के अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश है दिया कि विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में कोतही नहीं बरतें। कोताही बरतने वालों के खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। बीडीओ शनिवार को प्रखंड कार्यालय में विकास योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में प्रखंड में संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गयी। बीडीओ ने पंचायत सचिवों को निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों का जिनका बैंक खाता आधार से लिंक नहीं है, उनका खाता 25 जुलाई तक आधार लिंक कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ऐसे लाभुक जिनकी आयु 50 वर्ष से अधिक है उन्हें सर्वजन पेंशन योजना से जोड़ें। उन्होंने कहा कि सभी पंचायत सचिव जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र का आवेदन अनावश्यक लंबित नहीं रखेंगे। सभी आवेदनों का त्वरित और नियमानाकुल निष्पादन करें।

## धनबाद रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से 12 किलो गांजा के साथ दो गिरफ्तार

**धनबाद**। धनबाद आरपीएफ, जीआरपी व सीआईबी की टीम ने धनबाद रेलवे स्टेशन पर गांजा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है. टीम ने वाराणसी-सारनाथ एक्सप्रेस ट्रेन में छापेमारी कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया है. उनके पास से 12.1 किलो गांजा बरामद किया गया. जिसकी अनुमानित बाजार कीमत 1.81 लाख रुपये है. गिरफ्तार तस्करों की पहचान मंटू कुमार और टुनटुन कुमार के रूप में हुई. दोनों बिहार के रोहतास जिले के रहने वाले हैं. यह जानकारी धनबाद के डिप्टी एसआरपी जेजीपी गुप्ता ने शनिवार को प्रेसवार्ता में दी.

## इंश्योरेंस फेल होने का दिया झांसा, ठग लिए 5.21 लाख

**रामगढ़**। साइबर क्रिमिनल्स फोन पर ही लोगों को अपने मायाजाल में फंसा कर उनकी गाढ़ी कमाई ठग रहे हैं। देशभर में ऐसे ठगों से बचने के लिए लगातार जागरूकता अभियान भी चल रहा है। इसके बावजूद लोग साइबर क्रिमिनल्स के झांसे में आ रहे हैं। रामगढ़ में एक बार फिर साइबर ठगी का एक बड़ा मामला शनिवार को सामने आया है। यहां इंश्योरेंस फेल होने का झांसा देकर साइबर क्रिमिनल्स ने 5.21 लाख रुपए ठग लिए। इस मामले में बरकाकाना ओपी क्षेत्र के नया नगर निवासी मिथिलेश विश्वकर्मा पिता स्वर्गीय परीखा मिस्त्री ने रामगढ़ साइबर थाने में शनिवार को प्राथमिकी दर्ज कराई है।

### खलारी के तुमांग पंचायत में बनेगी 4840 फीट लंबी पीसीसी सड़क

# विधायक सुरेश बैठा ने किया शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता**



**खलारी**। खलारी प्रखंड के तुमांग पंचायत में डीएमएफटी मद से बनने वाली 4840 फीट लंबी पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास कांके विधायक श्री सुरेश कुमार बैठा ने अपने कर-कमलों से किया। यह सड़क धमधामिया शिव मंदिर से लेकर दामोदर नदी घाट तक निर्मित की जाएगी। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी, पंचायत मुखिया संतोष महली सहित कई जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान सुरेश बैठा ने योजना की विस्तृत जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य निर्धारित तकनीकी मानकों और गुणवत्ता के अनुरूप ही संपन्न किया जाए। विधायक ने कहा कि यह सड़क स्थानीय ग्रामीणों के लिए विशेष रूप से बरसात के मौसम में बड़ी राहत लेकर आएगी, क्योंकि अब तक इस मार्ग पर आवागमन अत्यंत कठिन होता था। ग्रामीणों ने इस पहल के लिए विधायक और प्रशासन का आभार प्रकट किया। शिलान्यास कार्यक्रम में खलारी प्रखंड समन्वय समिति के अध्यक्ष राजेशसिंह मिंटू, तनवीर आलम, बाबू खान, नंदू मेहता, संजय राम, अजय सिंह सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### केजी-2 के छात्रों ने दी शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति

# एसबीपीएस रांची में दादा-दादी को समर्पित रही वात्सल्यम-3

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची**। सरला बिरला पब्लिक स्कूल (एसबीपीएस), रांची ने दादा-दादी दिवस समारोह के एक भाग के रूप में वात्सल्यम 2025 का आयोजन किया। इसमें केजी-2 के छात्रों ने 'बिरसा की गूंज - क्रांति की विरासत, संस्कृति की पहचान' नामक एक शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इस कार्यक्रम में महान क्रांतिकारी और झारखंड की समृद्ध आदिवासी विरासत के प्रतीक भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर उनके जीवन, पराक्रम और विरासत को नमन किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ प्रदीप कुमार वर्मा, सांसद एवं महासचिव, भाजपा झारखंड, प्रो (डॉ) गोपाल पाठक, महानिदेशक सरला बिरला विश्वविद्यालय, रांची, कर्मवीर सिंह, प्रचारक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, राज्य महासचिव (संगठन), भाजपा, झारखंड, मंटू, विभाग प्रचारक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, रांची उपस्थित थे। छात्रों ने उत्सव के माहौल में स्वागत गीत और नृत्य प्रस्तुत किया। छात्रों ने मनोरम प्रदर्शन के माध्यम से दर्शकों को भगवान बिरसा मुंडा के जीवन की यात्रा और स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान के इतिहास के पन्नों में ले गए। केजी-2ए के छात्रों ने लाल मिट्टी की आत्मा, झारखंड की एक अभिन्न पहचान पर एक प्रदर्शन प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्या परमजीत कौर ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए दादा-दादी के शाश्वत ज्ञान और निस्वार्थ प्रेम के लिए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे उत्सव विरासत के प्रति प्रेम और ऐसे नेताओं की विरासत को गर्व और गरिमा के साथ आगे बढ़ाने की शक्ति प्रदान करते हैं।

## कांग्रेस पार्टी ने संगठन सृजन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया आयोजन



**सिल्ली**। शनिवार के दिन पुराना विधानसभा सभागार धुर्वा रांची में आयोजित संगठन सृजन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निर्देशानुसार रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो के द्वारा मनोनीत किये गये सदस्य सिल्ली पूर्वी मंडल अध्यक्ष देवाशीष दत्ता एवं सिल्ली पश्चिम मंडल अध्यक्ष गुहीराम महतो को नियुक्ति पत्र झारखंड सरकार के कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने दिया। इस मौके पर सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो,रांची जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष नागेंद्र नाथ गोस्वामी, जिला सचिव नागेश्वर महतो उपस्थित थे। इनके मनोनयन पर सिल्ली प्रखंड उपाध्यक्ष निशाकर महतो,मनीराम दास,महासचिव मंजूर मोमिन,सैयद कमर आलम,भगीरथ महतो, प्रकाश मुंडा, मो कलाम अंसारी,आशा देवी, श्रीप्रसाद बड़ाइक, सिल्ली विधानसभा युवा कांग्रेस प्रत्याशी विकाश रजक, रोहित मुंडा, सदानंद सोनार, पिनाकी बनर्जी, लालू कोइरी, चन्द्र मोहन महतो, शमशेर आलम, महताब अंसारी, अल्पसंख्यक अध्यक्ष शहाबुद्दीन अंसारी इत्यादि कांग्रेस जनों ने हर्ष जताया।

# न्यूज बॉक्स

## तेज़ रफ़्तार का कहर घर में घुसी बोलेरो पिकअप



**बुढ़मू**। तेज़ रफ़्तार से आ रही बोलेरो पिकअप JH01FY-9123 शुक्रवार देर रात बुढ़मू थाना के समीप बिनय साहू के घर मे दिवार तोड़ते हुए घुस गई, उपचालक गंभीर रूप से घायल हो गया और चालक मौके से फरार हो गया। रफ़्तार इतनी तेज़ थी की घर पुरी तरह से छत्तीग्रस्त हो गया,और बिनय साहू का पालतू कुत्ता का इस चपेट मे आने से वही दबकर मौत हो गई।

## ठाकुरगांव थाना के नए प्रभारी ने संभाला पदभार



**ठाकुरगांव**। ठाकुरगांव थाना के नए थाना प्रभारी सिद्धांत कुमार ने शुक्रवार शाम पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता विधि व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करना है। जनता की सेवा के लिए तत्पर : थाना प्रभारी सिद्धांत कुमार ने ग्रामीणों और पीड़ितों से अपील की है कि वे बिचौलियों से सावधान रहें और अपने काम के लिए स्वयं उनसे मिलें। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा के लिए वे 24 घंटे तत्पर रहेंगे।

**नई पहल :** नए थाना प्रभारी के रूप में सिद्धांत कुमार ने स्पष्ट किया है कि उनका उद्देश्य थाना क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखना है। वे जनता के साथ सीधे संवाद में विश्वास रखते हैं और उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए हमेशा तैयार रहेंगे।

## अवैध बिजली जलाने वाले के खिलाफ कार्रवाई

**अड़की**। अड़की में बिजली विभाग ने शुक्रवार और शनिवार अवैध बिजली जलाने वालों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान सिदरी अड़की से 16 लोगों को अवैध बिजली जलाने के आरोप में पकड़ा गया। इन सभी पर अड़की थाना में केस दर्ज किया गया है और जुर्माना लगाया गया है।बिजली विभाग की इस कार्रवाई से अवैध बिजली जलाने वालों में हड़कंप मच गया है। विभाग की टीम ने छापेमारी कर उन लोगों को पकड़ा जो बिना वैध कागजात के बिजली जला रहे थे। पकड़े गए लोगों पर बिजली चोरी का मामला दर्ज किया गया है और उनसे राजस्व क्षति की वसूली भी की जाएगी।

## विधायक ने तीन सड़क,नाली योजनाओं का किया शिलान्यास



**पिठौरिया**। कांके प्रखंड के चूड़ी टोला स्थित हाजी हाशिम स्ट्रीट के नाली,सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास शनिवार को विधायक सुरेश कुमार बैठा ने किया. इस सड़क व नाली निर्माण का कार्य 1.25 किलोमीटर आरआरडीए के नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा किया जाना है.विधायक ने शिलान्यास के बाद वहां की सड़क देख बिफर रहे.ग्रामीणों ने बताया कि एनसीसी कंपनी द्वारा क्षेत्र के प्रत्येक सड़क पर गड्ढा कर पाइप लाइन बिछा कर मिट्टी से भर दिया है.जिससे बरसात में लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.वहीं मौके पर विधायक ने एनसीसी के कार्यपालक अभियंता को फोन पर अविलंब गड्ढे किये सड़क की मरम्मत करने की फटकार लगाई. साथ ही हाशिम स्ट्रीट की मरम्मत करने की बात कही.कहा एनसीसी द्वारा सड़क ठीक करने के बाद ही आरआरडीए सड़क निर्माण कार्य करेगा. वहीं विधायक ने जयपुर पंचायत व बोड़ेया पंचायत में अन्य दो योजनाओं के पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया.मौके पर प्रखंड प्रमुख सोमनाथ मुंडा,अख्तर हुसैन,अमित तिर्की,अनवर खान,कैसर आलम, गौरीशंकर महतो, सुधीर तिवारी, साकेत दूबे, अफजल मंसूरी, तैयब खान सहित कई थे।

## कुशवाहा जागरण मंच की बैठक का हुआ समापन



**सिल्ली**। कुशवाहा जागरण मंच सिल्ली की एक बैठक का आयोजन वाटिका मैरिज हाल में शनिवार को किया गया इस बैठक में निर्णय लिया गया कि 4 अगस्त को सुबह 8 बजे से कांवड़ यात्रा का शुभारंभ मुरी स्वर्णरेखा हिंडालको घाट से जल लेकर मंडप टोला शिव मंदिर पहुंचेगी और भोले बाबा को जल चढ़ाकर रूद्राभिषेक किया जाएगा साथ ही साथ भक्तों के बीच प्रसाद भी वितरण किया जाएगा। वहीं भक्तों से अनुरोध किया गया है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेकर रुद्राभिषेक में शामिल हो। इसकी जानकारी कुशवाहा जागरण मंच के मुकेश कोईरी के द्वारा दिया गया।

## कैंपस सेलेक्शन ड्राइव का हुआ आयोजन



**मांडर**। भारथी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में शनिवार को''कैंपस सेलेक्शन ड्राइव '' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की शैक्षणिक सचिव सह प्राचार्य डॉ॰ दिपाली पराशर एवं प्लेसमेंन्ट इंचार्ज राकेश कुमार राय द्वारा किया गया। मौके पर बोलते हुए डॉ॰ पराशर ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के साथ-साथ रोजगार का अवसर उपलब्ध कराना हमारे महाविद्यालय का लक्ष्य है। इस कार्यक्रम में लगभग 12 विद्यालय भाग लिया। विद्यालयों द्वारा साक्षात्कार लिए गए छात्र-छात्राओं का अंतिम रूप से चयन करके चयन सूची महाविद्यालय को उपलब्ध करा दिया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से ऑक्सब्रीज स्कूल, वंडरलैंड स्कूल, बाघवार एकेडमी, चान्हों, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, चान्हों, ब्राइट फ्यूचर स्कूल, चान्हों, स्मार्ट पब्लिक स्कूल, चान्हो, सनराईज पब्लिक स्कूल समेत कई स्कूल हिस्सा लिया।

# अलग-अलग स्थानों पर ठनका गिरने से दो की मौत,चार गंभीर

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**



प्रखंड क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर ठनका के गिरने से दो लोग की मौत हो गई। जबकि चार लोगों की स्थिति गंभीर है ।शुक्रवार की शाम को हुई जोरदार बारिश के दौरान पेड़ के नीचे खड़े ग्राम केन्दुआ, महुआटांड, बेडोकला निवासी प्रयाग यादव 50 वर्ष पिता चमन यादव की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि मृतक की पत्नी डोमनी देवी 45 वर्ष पति प्रयाग यादव, सुंदरी देवी 40 वर्ष पति बैजनाथ महतो, उमा देवी 28 वर्ष पति नारायण महतो गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी लोग अपने-अपने खेतों में मकई लगाकर घर वापस लौट रहे थे, इसी बीच अचानक मूसलाधार बारिश होने पर सभी लोग पेड़ के नीचे बचने के लिए खड़े हो गये। दूसरी घटना में ग्राम चेचकप्पी निवासी पूर्व चौकीदार इसाक अंसारी की पत्नी जसीमा खातून 62 वर्ष की मौत हो गई. जबकि बेबी खातून 41 वर्ष पति कासिम अंसारी झुलसकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। सभी घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा में किया गया। मामले की सूचना मिलने पर उपप्रमुख प्रतिनिधि उत्तीम महतो, मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव ने मृतक के परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया. घटना के बाद दोनों गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

# स्थानांतरित एसओसी के विदाई में समारोह का हुआ आयोजन

**गिद्दी।** अरगड्डा जीएम कार्यालय में शनिवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में अरगड्डा जीएम एसके झा ने स्थानांतरित एसओसी गौरव तिवारी को शॉल और बुके देकर विदाई दी। इसके बाद जीएम एसके झा ने गौरव तिवारी के कार्यकाल की सराहना की। जीएम ने कहा कि गौरव तिवारी के कार्यकाल में क्षेत्र में काफी कार्य हुए हैं। बता दें गौरव तिवारी का दूसरे क्षेत्र में स्थानांतरण हो गया है। इनके कार्यों को हमलोग काफी याद करेंगे। वह अपने कामों को बहुत ही निष्ठा के साथ करते थे जो एक उनके लिए एक कमयाबी है। जो हर लोग याद रखेंगे। वह जहां भी जाएं अपने कार्यों द्वारा ही जानें जाएं ताकि लोग वहां के लोग उन्हें हमेशा याद रखे।

विदाई समारोह में एसओपी एफ हक, एसओसी नासिर तौहिद, अभियंता अंशु अगवाल, यासिर इस्लाम, मैनेजर एसएन तिवारी, आलोक कुमार, श्रवण कुमार, मनोज कुमार, पीए सुभाष कुमार आदि उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### सीएचसी बरकट्ठा में बरसाती बीमारियों से बचाव को लेकर चलाया गया अभियान



**बरकट्ठा।** साव टोला बरकट्ठा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के द्वारा बरसाती बीमारियो से बचाव को लेकर अभियान चलाया गया. स्वास्थ्य कर्मियों एवं सहिया दीदी के द्वारा बरसात के मौसम में होने वाले मौसमी बीमारी मलेरिया, फाइलेरिया, डायरिया, डेंगू इत्यादि रोगों से बचाव संबंधित जानकारी दी गई. अभियान मुखिया प्रमिला देवी की उपस्थिति में चलाया गया. लोगों को बताया गया कि किस तरह इन रोगों से सावधानी बरत कर बचा जा सकता है. इसको लेकर स्वास्थ्य कर्मियों एवं मुखिया के द्वारा घर-घर जाकर लोगों को जागरूक किया. साथ ही जिन लोगों के घर में पानी जमा करके रखा गया था सभी को तत्काल हटवाया एवं उनसे निवेदन किया गया कि अपने घर के आसपास या घर के अंदर पानी को जमा करके न रखें. क्योंकि इस पानी में डेंगू एवं मलेरिया के मच्छर पनपते हैं और बीमारी फैलती है. जागरूकता अभियान में एमपीडब्ल्यू किशन राम, बीटीटी प्रकाश पंडित, सहिया साथी सुनीता देवी, सहिया दीदी सायरा खातून, पार्वती देवी, सोनाली देवी, रेणु देवी, खुशबू देवी, मंजू देवी, शिवानी देवी समेत अन्य लोग उपस्थित थे.

### बिजलीकर्मी ने मारपीट व गाली गलौज को लेकर थाने में दिया आवेदन

**बरकट्ठा।** बिजली कर्मी के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। इस संबध में डपोक निवासी लक्ष्मण कुमार पिता- सरजू नायक ने थाना में आवेदन दिया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि बिजली विभाग की आउटसोर्सिंग कंपनी गीतराज इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड में कार्यरत हूं। अपने कार्यक्षेत्र ग्राम गैड़ा के टोला देवी मंडा में ट्रांसफार्मर का फ्यूज जोड़ने के बाद गुरुवार की शाम वापस लौट रहे थे। उसी दौरान गैड़ा निवासी शंकर सिंह, पिता-छत्रु सिंह ने रास्ते में उनकी गाड़ी रोककर लाइन चालू करने में देरी का आरोप लगाते हुए मेरे साथ गाली-गलौज करने लगा। साथ ही लिखा है कि शंकर सिंह ने उन्हें मोटरसाइकिल से उतार कर उनका मोबाइल छीन लिया और घर के बाहर रखी लाठी से उनके हाथ और सिर पर हमला कर दिया। मारपीट के बाद आरोपी ने मोबाइल वापस कर दिया। पुलिस को मिले आवेदन पर मामले की जांच में जुट गई है। मामले को लेकर बिजली विभाग के कर्मियों में इस घटना को लेकर गहरा रोष है और सभी ने दोषी के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

### स्कूल में एक पौधा, मां के नाम कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**बरही ।** डीएवी पब्लिक स्कूल बरही की ओर से एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमें डीएवी पब्लिक स्कूल के एनसीसी कैडेटों ने महत्ती भूमिका निभाई. कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉ आशुतोष कुमार मैढ़ ने पौध रोपण कर किया. उन्होंने वृक्षारोपण के महत्व की जानकारी दी और पर्यावरण सुरक्षा के लिए इसे अत्यंत अनिवार्य बताया. उन्होंने कहा कि हर एक व्यक्ति को वृक्षों के सुरक्षा के संकल्प लेनी चाहिए. वृक्ष हमारे प्राण वायु हैं इसके बिना जीवन असंभव है. हरे भरे वृक्ष हीं ग्लोबल वार्मिंग को कम कर सकता है. उन्होंने आम लोगों से इस कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील किया. इस अवसर पर आम, लीची, कटहल, महोगनी, शीशम, लीची, अशोक आदि के दर्जनों वृक्ष लगाए गए.

### पेड़ लगाओ, धरती बचाओ, हरियाली में छिपा है खुशहाली का राज : प्रबंधक

गोला। गोला मेन रोड स्थित कैलाश इंटरप्राइजेज के प्रबंधक जयप्रकाश बुधिया की ओर से एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम हुआ। इस दौरान सैंकड़ों लोगों के बीच फलदार पौधे बांटे गए। मुख्य अतिथि थाना प्रभारी अभिषेक प्रताप ने पेड़ लगाओ धरती बचाओ, जहां है हरियाली, वहां है खुशहाली का संदेश देते हुए कहा वृक्ष हमारे मित्र हैं। ऐसी ही नेक भावनाओं के साथ आइए हम अपनी मां के नाम एक पौधा लगाएं। उन्होंने कहा कि पेड़ पौधे धरती का श्रृंगार हैं, इन्हें अधिकाधिक संख्या में लगाने चाहिए। इस दौरान थाना प्रभारी ने कहा कि बाइक चलाते समय लोगों को हेलमेट का उपयोग जरुर करना चाहिए। एसबीआई के ब्रांच मैनेजर स्वाति कुंडूलीना, समाजसेवी ओमप्रकाश बुधिया, कपिल देव प्रसाद अग्रवाल, प्रदीप चन्द्र लाला, जनार्दन पाठक, संजय बक्सी, मनोज मिश्र, अल्ट्राटेक सीमेंट कम्पनी के क्षेत्रीय प्रबंधक स्वप्निल मिश्रा ने लोगों के बीच पौधे का वितरण किया। आयोजक पंकज बुधिया ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण को लेकर एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस दौरान दो हज़ार पौधे का वितरण किया गया। मौके पर शिक्षक हरि नारायण प्रसाद, आशीष कुमार दास, शिवप्रकाश, शत्रुघन प्रसाद, सुषमा कुमारी, महेंद्र अग्रवाल, पूनम चौधरी, मधु कुमार, मानवेन्द्र कुमार झा, राजकुमार यादव, गुलजार कादरी, सुमेर सिंह, राहुल साहदेव, प्रवेश शाह, शुभम लोधा, शाहबाज़ व कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

### 12 स्कूल के 200 से अधिक खिलाड़ियों ने दिखाया प्रतिभा

**कुजू।** अग्रसेन डीएवी पब्लिक स्कूल भरेचनगर में आयोजित दो दिवसीय क्लस्टर स्तरीय डीएवी राष्ट्रीय खेल 2025 का मंगलवार को समापन हुआ। इस दौरान कराटे, वूशु व रेस्लिंग में 12 स्कूलों के 200 से अधिक खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि रामगढ़ के जिला खेल अधिकारी मारकस हेंब्रम व विशिष्ट अतिथि डीएवी आरा के प्राचार्य आलोक कुमार उपस्थित हुए। मौके पर मुख्य अतिथि ने विभिन्न श्रेणियों में जीत दर्ज करने वाले खिलाड़ियों को पदक प्रदान कर हौसला बढ़ाया। कहा कि शारीरिक शक्ति बनाए रखने के लिए खेलकूद आवश्यक है। कार्यक्रम में डीएवी बरही प्राचार्य आशुतोष कुमार, तोपा के आरके सिन्हा व गिद्दी ए के मनप्रिया चटर्जी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के दौरान रेफरल अस्पताल भरेचनगर की मेडिकल टीम ने पूरे दो दिनों तक निःशुल्क सेवाएं प्रदान की। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर अग्रसेन डीएवी भरेचनगर प्राचार्य सह एआरओ जोन एफ निशिकांत ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल में भाग लेने को जीत- हार से अधिक आवश्यक बताया।

## प्रज्ञा केंद्र संचालकों ने राज्यपाल के नाम बीडीओ को दिया ज्ञापन



**बरही ।** शुक्रवार को चतरा जिलांतर्गत इटखोरी पंचायत के मलकपुर डिजिटल पंचायत संचालक शैलेंद्र कुमार सिंह ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया. मौके पर पुलिस को मिले सुसाइडल पत्र में आत्महत्या का मुख्य कारण सीएससी एसपीवी के अधिकारियों द्वारा अनावश्यक रूप से काम का दवाब बनाया जाने का जिक्र था. इससे झारखंड राज्य प्रज्ञा केंद्र संचालक संघ में आक्रोश है. प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक वीएलई पर सीएससी अधिकारियों द्वारा बिना मतलब के कार्यों को करने के लिए लक्ष्य पूरा करने का दवाब बनाया जाता था. साथ हीं ऐसा नही करने पर पंचायत से हटाने या आईडी बंद करने की धमकी दी जाती थी. जिससे संचालक विचलित था. कई काम अपने पैसे से करके लक्ष्य पूरा कर रहा था. जिससे मृतक की आर्थिक स्थिति काफी दयनीय हो गई थी. इन्हीं सब कारणों से कुछ दिन से वह विचलित था और यह कदम उठाने के लिए मजबूर हुआ. बरही प्रखंड के वीएलई इस घटना को लेकर मर्माहत हैं. मृतक के परिजनों प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए मृतात्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया है. मामले को लेकर बरही प्रखंड के वीएलई ने बीडीओ के माध्यम से महामहीम राज्यपाल को ज्ञापन पत्र देते हुए मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा और सहायता दिलवाने की मांग किया है. जिसे बीडीओ की अनुपस्थिति में प्रधान सहायक गोपाल राम को सुपुर्द किया गया. ज्ञापन पत्र में वीएलई जयदीप कुमार सिन्हा, मोती सिंह, रंजीत केसरी, गणेश यादव, कुंदन कुमार, दिलीप रजक आदि प्रज्ञा केंद्र संचालकों के हस्ताक्षर हैं.

## पीवीयूएनएल पावर प्लांट चालू करने को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

# विधायक डीसी व ग्रामीणों के बीच हुई महत्वपूर्ण चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** रामगढ़ जिला अंतर्गत पतरातू प्रखंड में पीवीयूएनएल पावर प्लांट चालू करने को लेकर रसदा, बलकुदरा, जयनगर एवं गेगदा ग्राम के निवासियों की उपस्थिति में शनिवार को उपायुक्त, रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक आयोजन किया गया। इस दौरान बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी बैठक में उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त द्वारा पतरातू प्रखंड में पीवीवीएनएल पावर प्लांट चालू करने को लेकर आ रही समस्याओं से सभी को अवगत कराया गया। इस दौरान सर्वे, भूअर्जन, नौकरी, ठेकेदारी कार्य, फसल क्षति, विस्थापित पहचान पत्र, सहकारी समिति निर्माण, फाइनेंसियल लिटरेसी, ग्रीवांस सेल निर्माण सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर पीवीयूएनएल के अधिकारियों, विधायक एवं संबंधित ग्राम के निवासियों के साथ चर्चा की गई। मौके पर ग्राम के निवासियों द्वारा अपने पक्ष को सभी के समक्ष रखा गया। जिस पर उपायुक्त एवं पीवीयूएनएल के अधिकारियों द्वारा कई महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गयी। बैठक के दौरान विधायक रोशन लाल चौधरी द्वारा ग्रामीणों की समस्याओं व अन्य बातों को सुना गया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही प्लांट चालू करने को लेकर कई महत्वपूर्ण विषयों पर परिचर्चा के क्रम में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक रामगढ़ अजय कुमार, वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार, अपर समाहर्ता गीतांजलि कुमारी, अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी, भूमि सुधार उपसमाहर्ता दीप्ति प्रियंका कुजूर, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा रविंद्र कुमार गुप्ता, अंचल अधिकारी पतरातू, पीवीयूएनएल पदाधिकारी, रैयत सहित अन्य उपस्थित थे।

### बिजली चोरी रोकथाम को लेकर चलाई गई छापामारी अभियान,22 लोगों पर मामला दर्ज



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम बरकंनगांगों एवं बरकट्ठा में बिजली चोरी रोकथाम को लेकर छापामारी अभियान चलाई गई। बरकट्ठा विद्युत कनीय अभियंता अभिषेक आनंद ने कार्रवाई करते हुए 22 लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है। कनीय अभियंता ने ग्राम बरकंनगांगों निवासी छोटी महतो, राहुल दास, त्रिलोकी रविदास, छोटी रविदास, दिनेश दास, देवी दास, नसरुद्दीन अंसारी, ईश्वर रविदास, झब्बू पासवान, चंद्रदेव पासवान, विनोद पासवान, सरजू राम, पवन राम, मदन राम, सकलदेव पासवान, संजय पासवान, छोटी पासवान तथा ग्राम बरकट्ठा निवासी विजय मोदी, जुनैद खान, कमाल खान, सुनीता देवी, सुरेश प्रसाद को बिजली चोरी करते हुये पकड़ा है। इस बाबत कनिय अभियंता अभिषेक आनंद ने बरकट्ठा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। बताया की यह अभियान बिजली बिल बकाया रखने तथा पोल से टोका लगाकर अतिरिक्त फेज खींचकर विद्युत उर्जा की चोरी करते हुए पकड़े गये हैं। जिनपर विद्युत विभाग के द्वारा आर्थिक जुर्माना लगाते हुए थाने में मामला दर्ज कराया गया। कनिय अभियंता अभिषेक आनंद ने बताया की बिजली चोरी रोकथाम को लेकर चलाया जा रहा अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### पीटीपीएस कालीघाट के निकट बाइक सवार घायल, रेफर

**पतरातू।** पीटीपीएस काली घाट के निकट शुक्रवार की शाम को सड़क दुर्घटना में एक बाइक सवार राजेश ठाकुर घायल हो गया। इस बाबत बताया जाता है कि कोतो गांव निवासी राजेश ठाकुर, पिता ब्रह्मदेव ठाकुर बाइक से पतरातू डैम की ओर पेट्रोल भरने के लिए जा रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे एक बाइक पर सवार तीन युवकों ने उसे ठोकर मार दी। जिसके कारण वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतरातू पहुंचाया।

## सड़क पर बने गड्ढे का एसडीओ व एसडीपीओ ने लिया जायजा, मरम्मती के दिए निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

खबर का असर



**बरही ।** समाचार पत्रों में जीटी रोड में बने गड्ढे की खबर पर संज्ञान लेते हुए एसडीओ जोहन टुडू और एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल ने प्रभावित स्थल का निरीक्षण किया. साथ हीं संबधित पदाधिकारियों को तत्काल मरम्मती करने का निर्देश दिया. इसी क्रम में दोनो अधिकारियों ने कोनरा इंडस्ट्रियल क्षेत्र श्रेष्ठ इस्पात फैक्ट्री के पहले पुलिया के पास सर्विस रोड में सड़क धंसने का भी जायजा लिया. सड़क का आधा हिस्सा पूरी तरह धंस गया था. जिससे कोई भी व्यक्ति या वाहन गड्ढे में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो सकते हैं. अधिकारियों ने तत्काल फैक्ट्री मालिक को सड़क धसान वाले क्षेत्र को मिट्टी गिराकर ब्लॉक करने का निर्देश दिया. जिससे कोई भी व्यक्ति या वाहन उस क्षेत्र से नही गुजरे और दुर्घटना को रोका जा सके. इस दौरान इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी आभाष कुमार भी मौजूद थे.

## 5 सूत्री मांगों को लेकर सहायक अध्यापकों ने विधायक को दिया ज्ञापन

# मांगें नहीं मानी गई तो 5 सितंबर को मुख्यमंत्री आवास का करेंगे घेराव



बरही । प्रखंड के सहायक अध्यापकों ने स्थानीय विधायक को अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन दिया है. दिए ज्ञापन में शिक्षको ने सरकार पर दोहरी नीति का आरोप लगाया है. ज्ञापन पत्र में बताया गया है कि वे सभी पिछले 25 वर्षों से सेवा दे रहे हैं. टेट एवं विभाग की आकलन परीक्षा पास कर चुके हैं. बाबजूद वेतनमान अथवा सम्मान काम का समान वेतन देने में सरकार एवं विभागीय अधिकारियों को तकनीकी एवं कानूनी अड़चन आ रही है. वहीं मदरसा एवं संस्कृत विद्यालयों में बिना टेट सफल शिक्षकों की नियुक्ति कर 9300 - 34800 का वेतन एवं पुरानी पेंशन की स्वीकृति दी गई है. सौपे ज्ञापन में सामान कार्यक्रम के लिए समान वेतन, आंदोलन के क्रम में रघुवर सरकार के कार्यकाल में राज्य के विभिन्न थानों में दर्ज मुकदमे को वापस लेने, अमृत सहायक अध्यापकों के आश्रित को अनुकंपा का लाभ, 28 अगस्त 2024 को सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के साथ हुए सभी समझौता को लागू करने, सहायक अध्यापकों की सेवानिवृत्ति उम्र 60 से बढ़कर 62 वर्ष करने और विभागीय अधिकारियों के द्वारा झारखंड के करीब 1700 सहायक अध्यापकों को फर्जी शैक्षणिक संस्थान का हवाला देते हुए कार्य मुक्त किया गया है.

## प्रेस कांफ्रेंस कर एसपी ने अपराधियों की दी जानकारी

# गोली मारने व धमकी देनेवाले चार अपराधियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** 9 एवं 12 जुलाई को जुबली कॉलेज, भुरकुण्डा में बन रहे भवन कार्य में लगे हुए ठेकेदार एवं मुंशी को अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा गोली मारने की धमकी देकर रंगदारी मांगने के आरोप में पतरातु (भुरकुण्डा) थाना कांड सं0-182/25, दिनांक-18.07.2025, धारा-308 (5)/351(2)/61 (2) बी०एन०एस० दर्ज की गई । यह जानकारी शनिवार को पुलिस अधीक्षक अजय कुमार देते हुए बताया कि उन्होंने द्वारा कांड के त्वरित उद्भेदन एवं अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी के लिए गौरव गोस्वामी, (भा०पु०से०) सहायक पुलिस अधीक्षक-सह-अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पतरातु के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। उन्होंने बताया कि 19 जुलाई को को 01:00 बजे पूर्वाहन में पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि जुबली कॉलेज भुरकुण्डा में बन रहे भवन कार्य में लगे मुंशी को गोली मारने की धमकी देकर कार्य रोकवाने वाले अपराधकर्मी पुनः संगठित होकर जुबली कॉलेज, भुरकुण्डा में चल रहे भवन निर्माण स्थल पर जाकर रंगदारी वसूलने एवं फायरिंग कर दहशत फैलाने की घटना को अंजाम देने के लिए भ्रमणशील होकर रैकी कर रहें है। उक्त सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए सहायक पुलिस अधीक्षक-सह-अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पतरातु को गठित विशेष टीम के साथ छापामारी करने हेतु निर्देशित किया गया। गठित विशेष टीम के द्वारा अलग-अलग टीम बनाकर जुबिली कॉलेज के आस-पास के क्षेत्रों में छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी अभियान के क्रम में कुछ संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगे, जिसे गठित टीम के द्वारा घेराबंदी कर कुल 04 व्यक्तियों को पकड़ा गया। पकडाये व्यक्तियों से सख्ती से पूछताछ करने पर सभी ने अपना अपना नाम क्रमशः-1. शुभम कुमार सिंह उर्फ बिट्टु उर्फ चुसनी, उम्र करीब 24 वर्ष, पिता-पुरूषोतम सिंह, पता-गिद्दी "ए" मेन गेट, थाना-गिद्दी, जिला-हजारीबाग, 2. धरम करमाली, उम्र करीब 32 वर्ष, पिता-जीत करमाली, पता-गिद्दी 'ए' फुटबॉल ग्राउण्ड, थाना-गिद्दी, जिला-हजारीबाग, 3. श्रवण कुमार गंझू, उम्र करीब 26 वर्ष, पिता-स्व० सोहराय गंझु, पता-टेहराटांड गिद्दी बस्ती, थाना-गिद्दी, जिला-हजारीबाग एवं 4. विशाल सिंह उर्फ बाबु, उम्र करीब 28 वर्ष, पिता सुरेश सिंह, पता-गिद्दी "ए" मेन गेट, थाना-गिद्दी, जिला-हजारीबाग बताये तथा बताये कि हमलोग पाण्डेय गिरोह के सदस्य हैं तथा पाण्डेय गिरोह के ओम प्रकाश साव एवं अन्य के कहने पर हमलोग यहाँ रंगदारी लेने एवं दहशत फैलाने आये थे। पकडाये व्यक्तियों का तलाशी लेने पर शुभम कुमार सिंह उर्फ बिट्टु उर्फ चुसनी के पास से 01 लोडेड देशी कट्टा, 01 जिंदा कारतुस, 01 विवो कम्पनी का एंड्राईड मोबाईल बरामद हुआ।

### गिरफ्तार अभियुक्त का नाम एवं पता

शुभम कुमार सिंह उर्फ बिट्टु उर्फ चुसनी, उम्र करीब 24 वर्ष, पिता-पुरुषोतम सिंह, पता-गिद्दी "ए" मेन गेट, थाना-गिद्दी, जिला-हजारीबाग, धरम करमाली, उम्र करीब 32 वर्ष, पिता-जीत करमाली, पता-गिद्दी 'ए' फुटबॉल ग्राउण्ड, थाना-गिद्दी, जिला-हजारीबाग, श्रवण कुमार गंझू, उम्र करीब 26 वर्ष, पिता स्व0 सोहराय गंझू, पता-टेहराटांड गिद्दी बस्ती, थाना-गिद्दी, जिला-हजारीबाग, विशाल सिंह उर्फ बाबु, उम्र करीब 28 वर्ष, पिता सुरेश सिंह, पता-गिद्दी "ए" मेन गेट, थाना-गिद्दी, जिला-हजारीबाग।

**बरामद सामग्री का विवरण :** 01 देशी कट्टा, 315 बोर का 02 जिंदा कारतुस, 02 मोटरसाईकिल (स्पलेंडर प्लस JH24E-0748 एवं पैशन प्रो JH02Y-4729), 01 विवो एंड्रॉयड मोबाईल, 01 गमछा बरामद किया गया है।

### सयाल में घर के बाहर खड़े ऑटो रिक्शा की हुई चोरी

**उरीमारी।** भुरकुंडा थाना अंतर्गत सयाल में गुरुवार की देर रात घर के बाहर खड़े एक ऑटो रिक्शे की चोरी हो गई। इसकी कीमत करीब साढ़े तीन लाख रुपए है। सयाल मंगला हाट के निकट रहने वाले जयनाथ प्रजापति के पुत्र राजेश प्रजापति का यह ऑटो था। बताया गया कि राजेश शाम 6 बजे ऑटो रिक्शा को दिन में चलाने के बाद लेकर खड़ा कर दिया। रात को सभी खाना खाकर सो गए थे। राजेश ने बताया कि देर रात्रि करीब 3 बजे उसकी पत्नी उठी तो देखा कि घर के बाहर ऑटो नहीं है। इसके बाद उसने राजेश को जगाया। पूरे परिवार के लोग जग गए और बाहर निकल कर देखा तो कहीं भी ऑटो का पता नहीं चला। यहीं उसके भाई संजय का ऑटो रिक्शा भी खड़ा था, जो वहीं था पर राजेश का ऑटो गायब था। ऑटो को लेकर वह काफी परेशान है।

राजेश ने बताया कि उसके परिवार के भरण पोषण का यही एकमात्र साधन था। जिसके सहारे वह परिवार चला रहा था। अब पूरा परिवार चिंतित है। राजेश ने मामले को लेकर भुरकुंडा थाने को सूचना दी है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

# लगातार बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त, लोगों को हो काफी रही परेशानी

नवीन मेल संवाददाता

**बानो।** बानो प्रखंड क्षेत्र में लगातार बारिश होने से एक ओर लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड रहा है। वहीं नदी नाले उफान पर है। कई रास्तों में पुल नही से लोगो की परेशानी बढ जाती है. बिंतुका पंचायत अंतर्गत टुड़यू और बड़ोमदा के बीच मे झरिया पडती है। भारी



बारिश से झरिया मे पानी अधिक हो जाने से बितुंका बड़ोमदा मार्ग बंद हो गया है दोनो बिंतुका और कानारोवा पंचायत जोडने वाली सडक के उपर से पानी पार हो रहा है। जिसके कारण पंचायत के लोगों का संबंध विच्छेद हो गया। इस रास्ते में स्कूली बच्चे बच्चिया भी आते जाते है जिस दिन झरिया भर जाती है उस दिन स्कुल नहीं जा पाते है और इस रोड मे एक सवारी गाड़ी जो की हुरदा, गेरदा, टॉनिया, खिजूर बाहर, टुड़यू, बानो, कोलेबिरा, होते हुए रोजाना समय पर सिमडेगा जाती है किसी भी ग्रामीण को अगर जिला मे काम रहता है तो यह गाड़ी 9:30 में जिला पंहुचा देती है। गाडी प्रखंड व जिला मुख्यालय पहुंचने के लिए लाइफ लाइन मानी जाती है। झरिया में पानी अधिक भर जाने से सवारी गाड़ी भी नही जा पा रही। जिस कारण ग्रामीणों का पंचायत, प्रखंड, व जिला मुख्यालय आने जाने मे परेशानी हो रही है।ग्रामीणों का कहना है की उक्त झरिया मे जल्द से जल्द एक पुल का निर्माण किया जाय ताकि ग्रामीणों को इस रास्ते मे आने जाने की परेशानी ना हो. गांव के फनिंद्र सिंह ने बताया झरिया नाला पुलिया निर्माण के लिए मांग किया गया था लेकिन कोई पहल नही किया उन्होने झरिया नाला मे पुल निर्माण की मांग किया है।

## कक्षा 6 प्रवेश हेतु चलाया गया प्रेरणा अभियान

**बोलबा।** सिमडेगा जिले के प्रतिष्ठित संस्थान पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय कोलेबिरा में कक्षा 6 के लिए आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन भरवाने के लिए बोलबा प्रखंड में प्रेरणा अभियान चलाया। इस मौक़े पर विद्यालय के टीजीटी गणित शिक्षिका रूपा रोज बिलुँग एवं अभिभावक अंजू खलखो ने बोलबा प्रखंड के विभिन्न सरकारी विद्यालयों का भ्रमण कर वहाँ अध्ययनरत कक्षा 5 के बच्चों को नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन करने हेतु प्रेरित किया।इस दौरान राजकीयकृत मध्य विद्यालय अवगा के प्रधानाध्यापक ललित साहू, आर.सी. मध्य विद्यालय पीडियापोंछ की सिस्टर, राजकीयकृत मध्य विद्यालय तलमंगा के शिक्षक बाबूलाल प्रसाद एवं सुदर्शन सिंह, और राजकीय प्राथमिक विद्यालय अवगा पोंडखर के प्रधानाध्यापक जितेंद्र मिंज से मुलाकात कर उन्होंने बच्चों से संवाद किया और नवोदय विद्यालय के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।अंजू खलखो ने नवोदय विद्यालय में मिलने वाली निःशुल्क गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आवास, भोजन, गणवेश, पुस्तकों एवं अन्य सुविधाओं के बारे में बच्चों को बताया। उन्होंने कहा कि नवोदय विद्यालय प्रतिभाशाली ग्रामीण छात्रों के लिए सुनहरा अवसर है। टीजीटी गणित शिक्षिका रूपा रोज बिलुँग ने विद्यालय में प्रवेश से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए कहा कि शैक्षणिक सत्र 2025–26 छात्र-छात्रा वर्तमान में कक्षा 5 में अध्ययनरत हो तथा सिमडेगा जिले के किसी भी सरकारी या मान्यता प्राप्त गैर-सरकारी विद्यालय से होनी चाहिए। बालक -बालिका का जन्म तिथि 01 मई 2014 से 31 जुलाई 2016 के मध्य होनी चाहिए।


### डीडीसी ने कोलेबिरा प्रखंड की विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया

# श्रमिकों की भागीदारी को भी सभी पंचायतों में आवश्यक रूप से प्राथमिकता दी जाए

- बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत चल रही गतिविधियों की प्रगति की विशेष समीक्षा की

नवीन मेल संवाददाता

**कोलेबिरा।** शनिवार को उप विकास आयुक्त दीपांकर चौधरी ने प्रखंड कार्यालय कोलेबिरा प्रखंड मुख्यालय और नवाटोली पंचायत क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान वहां के अधिकारियों एवं कर्मियों के साथ बैठक की।बैठक के दौरान मनरेगा अंतर्गत विभिन्न योजनाओं बिरसा हरित ग्राम योजना एवं बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना) दीदी बाड़ी,15वें वित्त आयोग अंतर्गत संचालित योजना, स्वास्थ्य विभाग,शिक्षा विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जेएसएलपीएस, पशुपालन विभाग उद्योग कल्याण विभाग आदि सभी विभागों और संचालित योजनाओं की क्रियान्वयन की बारी-बारी से समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।
उप विकास आयुक्त सर्वप्रथम कोलेबिरा प्रखंड सह अंचल कार्यालय पहुंचे और प्रखंड सभागार कार्यालय में सभी विभागों के साथ समीक्षात्मक बैठक की। बारी-बारी से सभी विभागों के पदाधिकारी से योजनाओं और कार्यों की जानकारी ली।बैठक में प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत सचिव एवं रोजगार सेवक, जनसेवक, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, सभी कोऑर्डिनेटर, बीपीओ, प्रखंड सह अंचल कर्मी गण, चिकित्सा पदाधिकारी, कृषि पदाधिकारी, पशुपालन पदाधिकारी, कल्याण पदाधिकारी, पेयजल अभियंता मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में मनरेगा के तहत संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की जानकारी ली तथा संबंधित पदाधिकारी को समय बाद वह गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।
उन्होंने बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत चल रही गतिविधियों की प्रगति की विशेष समीक्षा की। उन्होंने ग्राम रोजगार सेवक एवं पंचायत सचिव का निर्देशित किया कि गड्ढा खुदाई, पौधारोपण, इंटरक्रॉपिंग, जलकुंड निर्माण मानक अनुरूप योजना बोर्ड एवं टेक से संबंधित सभी कार्यों में तीव्र गति लाएं ताकि योजना का लाभ समय पर ग्रामीणों को मिल सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप एवं पारदर्शी ढंग से हो। सहायक अभियंता,कनीय अभियंता और ग्राम रोजगार सेवक क्षेत्र का लगातार भ्रमण करें और कार्यों में प्रगति लाएं साथ ही ध्यान रखें की कार्य पारदर्शी ढंग से हो। बैठक में पंचायत बार मानव दिवस सृजन की भी समीक्षा की गई। पंचायत के रोजगार सेवकों से योजनाओं की अधिकतम जानकारी ली गई और निर्देश दिया गया कि श्रमिकों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करते हुए निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप मानव दिवस सृजन बढ़ाया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि महिला श्रमिकों की भागीदारी को भी सभी पंचायतों में आवश्यक रूप से प्राथमिकता दी जाए।मजदूरी भुगतान 15 दिनों के भीतर करने तथा लंबित भुगतान मामलों का शीघ्र निपटारा करने का भी आदेश दिया गया।
उप विकास आयुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारी और प्रखंड समन्वयकों को अबुआ आवास योजना तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बन रहे लंबित आवासों का निरीक्षण कर कार्य कीगुणवत्ता और आवास निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया।





### बैठक में नव चयनित सेविका वेरोनिका टेटे को नियुक्ति पत्र देते हुए बधाई दी गई

बैठक के उपरांत उप विकास आयुक्त ने प्रखंड क्षेत्र के नवा टोली पंचायत का भ्रमण किए।सबसे पहले आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचे और बच्चों से मिले उनसे बातचीत किए और वहां के सेविका और सहायिका से आंगनबाड़ी केंद्र की जानकारी लिए साथ ही केंद्र में बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिए।पोषण ट्रेकर का जांच किए।शौचालय और केंद्र साफ सफाई का अवलोकन करते हुए स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिए।फिर पंचायत भवन नवाटोली का निरिक्षण किए।निरिक्षण के क्रम में उन्होंने 15 वें वित्त आयोग एवं मनरेगा योजना का अभिलेख जांच किए। कैश बुक एवं 7 रजिस्टर को नियमित संधारण करने का निर्देश दिए।पंचायत सभागार में पंचायत की मुखिया कल्पना देवी,पंचायत सचिव संजीव कुमार,रोजगार सेवक सुरेंद्र साहू और पंचायत कर्मियों से मनरेगा एवं 15 वें वित्त आयोग की योजनाओं की समीक्षा की।तत्पश्चात मनरेगा से संचालित ललिता देवी का बिरसा हरित ग्राम योजना,शर्मिला देवी,फुलो देवी,सीता देवी,अशोक इंदवार,उपेंद्र प्रसाद का कुल 6 एकड़ में लगे आम बागवानी एवं ललिता देवी तथा फुलो देवी का बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना का निरिक्षण किए।ललिता देवी के बागवानी में काम कर रहे मजदूरों से बातचीत किए एवं उक्त स्थल को मनरेगा पार्क के रूप में विकसित करने का निर्देश दिए और अंत में नवाटोली पंचायत के हरिजन कोलोनी के अबुआ आवास के तीन लाभुकों सुमति देवी,गांगी देवी और रूनिया देवी के आवास का फीता काटकर आवास का गृह प्रवेश कराया गया।

## बानो प्रखंड में गुरु गोष्ठी का हुआ आयोजन, उल्लास एप्प की दी गई जानकारी



नवीन मेल संवाददाता

**बानो।** बानो प्रखंड अंतर्गत एस एस प्लस टू उच्च विद्यालय में गुरु गोष्ठी का आयोजन किया गया।इस बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सतपति कुमार उपस्थित थे।उन्होने शिक्षकों को विद्यालय में शिक्षक का कार्य सुचारू रूप से करने, बच्चों को मिलने वाली सारी सुविधाएं मुहैया कराने एमडीएम का संचालन सही ढंग से करने मेन्यू के आधार पर भोजन देने के बारे कहा उन्होंने कहा कि विद्यालय स्तर पर होने वाले यू डायस प्लस,ई विद्या वाहिनी, कल्याण पोर्टल पर निरक्षर व्यक्तियों का उल्लास ऐप पर रजिस्ट्रेशन करना आदि महत्वपूर्ण कार्य है जिससे समय से पूर्ण करने की आवश्यकता है। बीपीएम ने विद्यालय स्तर पर ऑनलाइन किए जाने संबंधी सर्वेक्षण किया।बाल गोविंद पटेल के द्वारा आंख की रोशनी कम दिखाई देने वाले दिव्यांग छात्रों को चश्मा दिए गए। जिला कोऑर्डिनेटर प्रेम कुमार शर्मा ने उल्लास ऐप पर सभी शिक्षकों को अपने कार्य की गति देने हेतु प्रशिक्षण दिया। उल्हास एप्प पर रजिस्ट्रेशन करने के समय होने वाले समस्याओं का निदान करने का प्रशिक्षण दिया गया। इस बैठक में मध्य विद्यालय बानो के शिक्षक स्मिथ कुमार सोनी, सुनील रिसोर्स शिक्षक विभिन्न संकुल के सीआरपी मनोज कुमार घनश्याम महतो सहित विभिन्न विद्यालयों के प्रभारी सम्मिलित हुए।

## रामरेखा बाबा की पुण्यतिथि पर धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन

**सिमडेगा।** सिमडेगा के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल रामरेखा धाम में ब्रह्मलीन रामरेखा बाबा प्रपन्नाचार्य जी महाराज की 18 वीं पुण्यतिथि रविवार को मनाई जाएगी। इसको लेकर रामरेखा धाम में धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ हो गए हैं।पहाड़ की तलहटी पर बसे सिमडेगा के सबसे पवित्र धार्मिक स्थल रामरेखा धाम में रविवार को ब्रह्मलीन रामरेखा बाबा प्रपन्नाचार्य जी महाराज की 18 वीं पुण्यतिथि पर झारखंड सहित उड़ीसा और छत्तीसगढ़ से ही हजारों की संख्या में श्रद्धालु जुटेंगे। रामरेखा बाबा की पुण्यतिथि को लेकर यहां धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ कर दिए गए हैं। शनिवार सुबह से यहां अखंड हरी कीर्तन किया जा रहा है। कल यहां ब्रह्मलीन रामरेखा बाबा का पूजा अर्चना कर भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु जुटेंगे।

# माइक्रो फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी से लूट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

- पूछताछ के क्रम में इस कांड में अपनी संलिप्तता की बात स्वीकार किये

नवीन मेल संवाददाता



**कोलेबिरा।** माइक्रो फाइनेंस कंपनी के कमी से लूटपाट करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी देते हुए एसपी मोहम्मद अर्शी ने बताया कि आवेदिका प्रीना कुमारी, पिता- रिक्षु नायक, सा- जामटोली, थाना- कोलेबिरा, जिला- सिमडेगा, बीते बुधवार को थाना आयी और बतलायी कि, वह भारत माइक्रो फाईनेन्स कम्पनी कोनबीर स्थित कार्यालय में फिल्ड स्टाफ के रूप में कार्यरत है।बुधवार को कोलेबिरा थानान्तर्गत बम्बोटोली से कम्पनी का पैसा कलेक्शन कर अपने स्कूटी से लौटने के क्रम में समय करीब 12:00 बजे दोपहर में जब कोलेबिरा थानान्तर्गत ग्राम- श्री कोन्डेकेरा जंगल के पहले पहुंची कि, एक अज्ञात अपराधकर्मी आवेदिका से लिफ्ट मांगने का बहाना बनाकर स्कूटी को रोकवाता है और जान मारने की धमकी देकर आवेदिका के बैग में कलेक्शन का रखा हुआ कुल 29,150 (उन्तीस हजार एक सौ पचास) रूपया लूटकर अपनी मोटर साईकिल जिसे कुछ दूरी पर छुपाकर रखा था, में सवार होकर श्रीकोन्डेकेरा जंगल की तरफ भाग गया। इस संबंध में आवेदिका प्रीना कुमारी के लिखित आवेदन के आधार पर कोलेबिरा थाना काण्ड सं0- 62/25, दिनांक- 16.07.25, धारा- 309(4) बीएनएस दर्ज किया गया।
कांड के उद्भेदन हेतु पुलिस अधीक्षक सिमडेगा के निर्देशन में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सिमडेगा के नेतृत्व में एक टीम गठित किया गया। उक्त टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए अनुसंधान प्रारंभ किया। इस कांड में संलिप्त अज्ञात अपराधी की पहचान दानिश खान, पे0- पप्पू खान सा0- बोम्बोटोली, थाना- कोलेबिरा, जिला- सिमडेगा के रूप में किया गया। गठित टीम द्वारा अग्रतर अनुसंधान के क्रम में शनिवार सुबह कांड में संलिप्त आरोपी दानिश खान को गिरफ्तार किया गया। जिन्होनें पूछताछ के क्रम में इस कांड में अपनी संलिप्तता की बात स्वीकार किये। तत्पश्चात् उनके निशानदेही पर कांड में लूटे गये 29,150/- रूपया में से 28,800/- रूपया की बरामदगी कर ली गयी साथ ही घटना कर भागने में प्रयुक्त किया गया आरोपी का मोटरसाईकिल होन्डा एस0पी0 125 रजि0 नं0- JH 20F 8245 को भी उनके निशानदेही पर बरामद कर जप्त किया गया।

**फसल बीमा योजना** | कृषि बीमा कार्यशाला का हुआ आयोजन

# प्रखंड स्तर पर किसानों को मिली महत्वपूर्ण जानकारी

- अपने संबोधन में कृषि बीमा के महत्व पर प्रकाश डाला

नवीन मेल संवाददाता

**कोलेबिरा।** प्रखंड में शनिवार को कृषि विभाग द्वारा एक दिवसीय कृषि बीमा कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और अन्य कृषि बीमा योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी देना और उन्हें इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए



प्रोत्साहित करना था।
कार्यशाला में प्रखंड के गांवों से बड़ी संख्या में कृषि मित्र,सीएससी संचालक, लेम्प्स कर्मी, जेएसएलपीएस के बीपीएम आगापित लुगुन किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ अंचल पदाधिकारी अनुप कच्छप ने किया।
जिन्होंने अपने संबोधन में कृषि बीमा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अनिश्चित मौसम परिस्थितियों और प्राकृतिक आपदाओं के कारण किसानों को होने वाले नुकसान से बचाने में कृषि बीमा एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यशाला में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से सम्बंधित जानकारी बजाज इंश्योरेंस के जिला समन्वय सुरेंद्र शुक्ला, प्रखंड समन्वयक कीर्तिराज साहू के द्वारा बतलाया गया। इसके तहत फसलें, प्रीमियम की गणना, बीमा दावा प्रक्रिया और आवश्यक दस्तावेजों के बारे में विस्तार से बताया। किसानों को समझाया गया कि कैसे यह योजना उन्हें सूखा, बाढ़, ओलावृष्टि जैसी आपदाओं से होने वाली बीमा कवरेज करती है। साथ ही पंजीकरण प्रक्रिया किसानों को बीमा योजनाओं के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन पंजीकरण की पूरी प्रक्रिया समझाई गई। जिसमें आवश्यक दस्तावेज जैसे भूमि रिकॉर्ड, बैंक खाता विवरण और आधार कार्ड की जानकारी दी गई। बीमा संबंधी किसी भी समस्या या शिकायत के समाधान के लिए उपलब्ध हेल्पलाइन नंबर और संपर्क व्यक्तियों के बारे में भी बताया गया। इस कार्यक्रम में सफल संचालन प्रखंड कृषि पदाधिकारी गुनवंत प्रसाद एवं प्रखंड तकनीकी प्रबंधक पुष्पाजलि कुजूर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाए।

# न्यूज बॉक्स

## हुरदा में फुटबॉल महाकुंभ का आयोजन

**बानो।** प्रखंड के हुरदा थाना अंतर्गत अम्बेडकर खेल मैदान में आगामी 6 अगस्त से फुटबॉल महाकुंभ का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन जीपी जामताई खेल समिति के तत्वावधान में किया जा रहा है, जिसकी तैयारियाँ ज़ोरों पर हैं।खेल समिति के अध्यक्ष नामजन जोजो ने जानकारी देते हुए बताया कि टूर्नामेंट का उद्घाटन 6 अगस्त को और समापन 8 अगस्त को होगा। प्रतियोगिता में कुल 16 टीमें भाग लेंगी। प्रतिभागी टीमों के लिए एंट्री शुल्क 8000 निर्धारित किया गया है।प्रतियोगिता में विजेता टीम को 1,20,000 तथा उपविजेता टीम को 80,000 का नगद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। टीमों के रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 25 जुलाई निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि इच्छुक टीमें समय रहते अपना पंजीकरण कराकर प्रतियोगिता में भाग लेने की पुष्टि करें।खेल को सफल बनाने में समिति के अन्य सदस्य प्रमोद नाग, बासुदेव साहू, बलभद्र सिंह, हरीश सिंह, मनमसिंह जोजो, मनोज ठाकुर, सुनील नाग, अमृत साहू, बालेश्वर नाग, लक्ष्मण नाग और मोती नाग सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

## गरीबों को जोसिमा खाखा ने दिया राशन



**सिमडेगा।** बीरु कंपलेक्स में शनिवार को ट्रांस्मेटो डेवलोपमेंट फाउंडेशन संस्था के द्वारा 20 गरीबों के बीच राशन का वितरण किया गया। वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में जिप सदस्य जोसिमा खाखा उपस्थित थी। जोसिमा खाखा का स्वागत संस्था की पूनम लकड़ा, एभेंजेलिस्ता कंडुलना ने संयुक्त रुप से किया। वहीं कार्यालय पहुंची सभी ग्रामीणों को जोसिमा ने स्वागत भी किया। पूनम लकड़ा ने संस्था के उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ह्यूमन राईट एंड एंटी क्रप्शन संस्था द्वारा जरुरतमंद बेटियों की शादी में सहयोग किया जाता है। साथ ही गरीब बच्चों की पढ़ाई में भी सहयोग किया जाता है। इसके अलावे अन्य कई सामाजिक कार्य संस्था द्वारा किया जाता है। जोसिमा ने कहा कि आदिवासी बहुल सिमडेगा जिले में संस्था द्वारा किया गया कार्य सराहनीय है। संस्था के पहल पर कोई भी गरीब भुखा नहीं सोएगा। वहीं गरीब बच्चों की पढ़ाई में भी सहयोग किए जाने से कोई भी गरीब छात्रों की पढ़ाई नहीं छूटेगी। उन्होंने कहा कि वे अपने स्तर संस्था को आगे बढाने के लिए हर संभव सहयोग करेंगे। बताया गया कि संस्था द्वारा बहुत जल्द स्वरोजगार से जुड़ने वाले हजारों लोगों के बीच निःशुल्क में अग्नि शमन यंत्र का भी वितरण किया जाएगा। वहीं अब तक आठ गरीब बेटियों के बीच राशि एवं समान का वितरण किया गया। संस्था द्वारा अब तक 40 लोगों के बीच चावल एवं दाल का वितरण किया जा चुका है। मौके पर मुखिया संगीता मिंज, शजदा खातून, सुनीता एक्का आदि मौजूद थी।

## कोलेबिरा विधायक का बोलबा में जनता दरबार आगामी 22 जुलाई को

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड मुख्यालय में कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी का जनता दरबार आगामी दिनांक 22.07.2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से होगी। इस मौक़े पर माननीय विधायक 71-कोलेबिरा अ० ज० जा० विधानसभा क्षेत्र के नमन विक्सल कोंगाड़ी की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन तय किया गया है। जिसमें सभी समस्याओ को सुना जाएगा और त्वरित निष्पादन किया जाएगा। इस मौक़े पर सभी विभाग के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों को उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

## अवैध खनन पर सिमडेगा पुलिस का शिकंजा बरकरार

**सिमडेगा।** सिमडेगा पुलिस अवैध खनन को लेकर हाल के दिनों में काफी सक्रिय नजर आ रही है। पुलिस लगातार अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई कर रही है। बता दें कि अभी एनजीटी के द्वारा नदियों से बालू निकालने पर रोक लगी हुई है। बावजूद इसके सिमडेगा में चोरी छुपे तरीके से नदियों से बालों निकालने का काम चल रहा है। जिसको देखते हुए सिमडेगा जिला के सभी थाना प्रभारी को अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई करने के सत्र निर्देश दिए हैं। जिले के सभी थाना क्षेत्र में पुलिस अवैध खनन को लेकर काफी मुस्तैद नजर आ रही है। पुलिस और अधिकारी सुबह शाम नदी घाटों के चक्कर लगा रहे हैं और वहां अवैध बालू खनन करते नजर आने वाले ट्रैक्टरों को सीधे जप्त कर उन पर एफआईआर दर्ज किया जा रहे हैं। हाल के दिनों में लगातार अवैध खनन के विरुद्ध पुलिस कई कार्रवाई की है। सिमडेगा एसपी ने कहा कि जिले में किसी भी कीमत पर अवैध खनन नहीं होने दिया जाएगा।

## विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी का कोलेबिरा में जनता दरबार 24 को

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा प्रखंड मुख्यालय में कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी का जनता दरबार आगामी दिनांक 24 जुलाई को पूर्वाह्न 10:00 बजे से होगी।इस मौक़े पर माननीय विधायक 71-कोलेबिरा अ० ज० जा० विधानसभा क्षेत्र के नमन विक्सल कोंगाड़ी की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन तय किया गया है। जिसमें सभी समस्याओ को सुना जाएगा और त्वरित निष्पादन किया जाएगा। इस मौक़े पर सभी विभाग के पदाधिकारी,जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों को उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।कांग्रेस पार्टी के जिला उपाध्यक्ष श्यामलाल प्रसाद ने जानकारी देते हुए बताया कि उसी दिन कोलेबिरा डैम स्थित बन रहे विधायक मद से निर्मित शवदाहगृह का उद्घाटन कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी द्वारा किया जाएगा।

## पर्यटक स्थल दनगद्दी की समिति के लोगों ने की साफ-सफाई



**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के प्रसिद्ध पर्यटक स्थल दनगद्दी का समिति के द्वारा किया गया साफ-सफाई। इस मौक़े पर पर्यटन क्लब दनगद्दी समिति के लोगों ने बताया कि मालसाड़ा पंचायत के मुखिया बिनोद बड़ाईक की अध्यक्षता में पर्यटक स्थल दनगद्दी का साफ सफाई किया गया। बताया गया कि दूर दूर से प्रति दिन सैलानियों का आगमन होता है। जिसको देखते हुए समिति के द्वारा बीच -बीच हमेशा साफ -सफाई किया जाता है। आगंतुक सैलानियों से समिति के लोगों ने आग्रह किया है कि पर्यटन स्थल में कचड़ा छोड़कर नहीं जाएं। पर्यटन स्थल दनगद्दी को साफ -सफाई रखने में समिति को मदद करें।

# विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक में दिए कड़े निर्देश

- शिथिलता और लापरवाही बरतने वाले संवेदकों पर नियम संगत कार्रवाई करने को भी कहा गया

**नवीन मेल संवाददाता। पूर्वी सिंहभूम**




पूर्वी सिंहभूम जिला समाहरणालय सभागार में शनिवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देश पर विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त ने की। समीक्षा में अनाबद्ध निधि, डीएमएफटी, नीति आयोग फंड, सांसद-विधायक निधि, सीएसआर, खेल एवं पर्यटन से जुड़ी योजनाओं की प्रगति पर चर्चा हुई। बैठक में उप विकास आयुक्त ने कहा कि जरूरत के अनुसार प्राथमिकता के आधार पर योजनाएं स्वीकृत की जाती हैं, इसलिए कार्यदायी एजेंसियां तय समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूरा करें। पुल-पुलिया, पहुंच पथ, पीसीसी रोड, पेयजल स्रोत, स्कूलों में कमरा निर्माण की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि कार्य में देरी की स्थिति में तकनीकी जांच रिपोर्ट समर्पित कर नई टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाए। शिथिलता और लापरवाही बरतने वाले संवेदकों पर नियम संगत कार्रवाई करने को भी कहा गया। साथ ही, अभियंत्रण विभागों को समय पर कार्य पूर्ण कराने की जिम्मेदारी तय करने, निरीक्षण कर भौतिक स्थिति जांचने के निर्देश दिए गए। नीति आयोग से प्राप्त राशि से पीवीटीजी क्षेत्रों के 130 आंगनबाड़ी केंद्रों के सुदृढ़ीकरण और वॉल पेंटिंग का कार्य कराया जा रहा है। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को सभी केंद्रों का भौतिक सत्यापन कर जांच रिपोर्ट देने को कहा गया। डीएमएफटी फंड से वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्वीकृत 60 आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण के लिए जमीन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए अभियंत्रण विभागों को अंचल अधिकारियों से समन्वय बनाने और जल्द टेंडर प्रक्रिया पूरी कर निर्माण शुरू कराने का निर्देश दिया गया। सीएसआर मद से पथ सुदृढ़ीकरण, चापाकल अधिष्ठापन, स्वास्थ्य सेवाओं का सुदृढ़ीकरण, मोबाइल मेडिकल यूनिट, एंबुलेंस, दवा खरीदारी, गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को पूरक पोषाहार उपलब्ध कराने के प्रस्तावों पर चर्चा की गई। उप विकास आयुक्त ने कहा कि उपबंधित राशि का समुचित उपयोग कर अधिकतम लोगों को लाभान्वित किया जाए। सांसद और विधायक निधि की समीक्षा में सभी कार्यदायी एजेंसियों को निर्देश दिया गया कि अपूर्ण योजनाओं में तेजी लाएं। जनप्रतिनिधियों द्वारा अनुशंसित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पारदर्शिता के साथ पूर्ण करें। उन्होंने योजनाओं की भौतिक प्रगति के साथ-साथ वित्तीय उपयोगिता पर विशेष ध्यान देने की बात कही।

## स्कूटी चलाते वक्त मोबाइल पर बात करना पड़ा महंगा, हादसे में युवक की मौत

**पूर्वी सिंहभूम।** गोलमुरी थाना क्षेत्र के गोल्फ ग्राउंड के सामने शुक्रवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में 28 वर्षीय युवक मोहम्मद अरमान की मौत हो गई। अरमान ओल्ड पुरुलिया रोड नंबर 10 के निवासी थे और सेफ्टी शूज़ बेचने का काम करते थे। बताया जा रहा है कि हादसे के वक्त वह स्कूटी चलाते हुए मोबाइल फोन पर बात कर रहे थे। इसी दौरान उनका संतुलन बिगड़ गया और तेज रफ्तार में स्कूटी डिवाइडर से टकरा गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अरमान गंभीर रूप से घायल हो गए।

## न्यूज बॉक्स

### तिसरी-खिजूरी सड़क की मरम्मती को लेकर कांग्रेस नेता ने सौंपा ज्ञापन




**तिसरी (गिरिडीह)।** कांग्रेस नेता करण यादव ने जर्जर हुए तिसरी-खिजूरी मुख्य सड़क की मरम्मती को लेकर उपायुक्त के नाम तिसरी बीडीओ को एक ज्ञापन सौंपा है। इस बाबत कांग्रेस नेता करण यादव ने बताया कि यह सड़क दो राज्यों को जोड़ने वाली मुख्य सड़क है और सबसे बड़ी बात कि अभी सावन का पवित्र महीना चल रहा है। इस इलाके के लिए यह मार्ग देवघर और नवादा आवागमन के लिए मुख्य सड़क है। उन्होंने कहा कि अगर 15 दिनों के अंदर सड़क की मरम्मती नहीं की जायेगी तो बाध्य होकर धरना पर बैठेंगे। इस सड़क पर सैकड़ों वाहन प्रतिदिन गुजरते हैं। स्थिति इतनी खराब है कि कभी भी दुर्घटना हो सकती है, इसलिए इसकी जल्द से जल्द मरम्मती जरूरी है। इस मौके पर लारेन्स गंगाराम टुडू, रामेश्वर चौधरी, मो इम्तियाज मौजूद थे।

### अनियंत्रित होकर पलटा ऑटो कई घयाल



**डुमरी।** निमियाघाट थाना क्षेत्र के टेंगराखुर्द के पास शनिवार को सवारियों से भरा एक ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना में ऑटो में सवार सभी लोग टेंपो सहित सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरे।स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को ऑटो से बाहर निकाला और डुमरी रेफरल अस्पताल भेजा जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल एक महिला को धनबाद रेफर कर दिया गया।घायलों में अनु कुमारी (5,पिता संजय महतो) शोभा कुमारी (17 पिता रतनलाल महतो),यशोदा देवी (36 पति संजय महतो) सभी ग्राम तिलैयाटांड़ निवासी तथा गीता देवी (50 पति लोकनाथ महतो) टेंगराखुर्द निवासी शामिल है।बताया जाता है कि सभी टेंपो में सवार होकर डुमरी थाना क्षेत्र के भरखर काली पूजा करने के लिए जा रहे थे इसी दौरान टेंगराखुर्द मोड़ के पास टेंपो अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिर गया। ग्रामीणों द्वारा इस घटना की सूचना निमियाघाट पुलिस को दे दी गई है। सभी की प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज हेतु धनबाद रेफर कर दिया।

### फर्जी लिंक भेजकर पैसा उड़ाने वाले 2 साइबर ठग को पुलिस ने पकड़ा, फोन और सिम कार्ड बरामद




**गिरिडीह।** हिल्यापुर थाना क्षेत्र स्थित नावाडीह गांव के डंगाल इलाके में साइबर ठगी के गोरखधंधे का बड़ा खुलासा हुआ है। गुप्त सूचना और प्रतिबिंब पोर्टल के माध्यम से मिली जानकारी के आधार पर शुक्रवार को साइबर थाना की टीम ने छापेमारी कर दो शातिर साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान मनीष कुमार मंडल (उम्र 19 वर्ष), पिता कैलाश मंडल और मिथुन कुमार मंडल (उम्र 19 वर्ष), पिता राजू मंडल के रूप में की गई है। दोनों आरोपी देवघर जिले के मारगोमुण्डा थाना क्षेत्र अंतर्गत खिजुरियाटाड़ गांव के निवासी बताए जा रहे हैं। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने खुलासा किया कि वे लोगों को Delhi Jal Board Update.apk, Electricity Bill Update.apk, NDMC Bill Update.apk जैसे फर्जी मोबाइल ऐप्स भेजते थे। इन एप्लिकेशन को डाउनलोड करने पर मोबाइल फोन हैक हो जाता था और पीड़ितों के बैंक खातों से पैसे उड़ा लिए जाते थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से 8 मोबाइल फोन और 9 सिम कार्ड बरामद किए हैं। जब्त मोबाइल नंबरों पर अब तक कुल 7 साइबर ठगी की शिकायतें पहले से दर्ज हैं।

### पुलिस छापेमारी में भारी मात्रा में जेवरात बरामद, एक महिला गिरफ्तार

**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम जिला में चोरी के एक मामले में फरार आरोपित की तलाश में रायगढ़ा पुलिस ने चाकुलिया में छापेमारी की। इस दौरान चाकुलिया पुलिस ने भी उनका सहयोग किया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने चाकुलिया के गुलगुलिया पाड़ा वाजपेयी। नगर निवासी गीता सबर के घर से भारी मात्रा में सोना-चांदी के जेवरात बरामद किए हैं। हालांकि घटना की नामजद आरोपित नेहा सबर घर पर मौजूद नहीं थी। पुलिस ने गीता सबर को गिरफ्तार कर लिया है। पूरे मामले का खुलासा ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग ने शनिवार को पुलिस ऑफिस में आयोजित प्रेसवार्ता में किया। पुलिस को इस चोरी की घटना का सुराग सीसीटीवी फुटेज से मिला था, जिसके आधार पर पुलिस ने चाकुलिया पहुंचकर कार्रवाई की। छापेमारी में सोने का एक नेकलेस, 14 पीस कान की बाली, 4 पीस गले का लॉकेट, 2 अंगूठी और एक तख्ती बरामद की गई, जिनका कुल वजन 47 ग्राम है। चांदी के जेवरात में 37 पायल, 4 कमरबंद, 4 कमर का झपटा, 8 माथे का फुल, 25 गले की चेन, 12 चूड़ी, 15 बेबी बल्ला, 8 तख्ती, 4 पोला, 72 अंगूठी, चांदी की एक थाली भी बरामद की गई है।

### सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियान पहुंचा रामगढ़

## चितरपुर प्रखंड से पांचवां जत्था अयोध्या और विंध्याचल के लिए हुआ रवाना



**रामगढ़।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल द्वारा शुरू किए गए महत्वाकांक्षी "सांसद तीर्थ दर्शन" महाअभियान शनिवार को रामगढ़ जिला पहुंचा। यहां रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के चितरपुर प्रखंड स्थित भूचुंगडीह पंचायत से इस महाअभियान के तीर्थयात्रियों का पांचवा जत्था मां छिन्नमस्तिका का आशीर्वाद लेकर रवाना हुआ। इस यात्रा को लेकर तीर्थयात्रियों के साथ क्षेत्र वासियों में जबरदस्त उत्साह देखा गया और लोग सांसद मनीष जायसवाल के इस आध्यात्मिक प्रयास की जमकर सराहना भी कर रहें हैं । इस पावन यात्रा को सांसद मनीष जायसवाल के साथ रामगढ़ भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, भाजपा जिला महामंत्री विजय जायसवाल, रामगढ़ जिले के सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर चौधरी, मांडू विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि द्वारिका सिंह उर्फ़ खोखा सिंह, भाजपा हजारीबाग के पूर्व जिला अध्यक्ष टुन्नु गोप, भाजपा नेता जुगनू सिंह, चितरपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष गणेश प्रसाद, गोला भाजपा मंडल अध्यक्ष बबलू साव, बरलंगा भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने सांकेतिक रूप से पंच तीर्थयात्रियों के पांव पखार कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया और पुष्प वर्षा कर उन्हें यात्रा के लिए विदा किया। इस जत्थे के रवानगी के अवसर पर छत्तर दुर्गा मंडप के समीप बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोशन लाल चौधरी भी जुड़े और फूल वर्षाकर तीर्थाटन के यात्रियों का सम्मान किया।

### परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़ मामला सिंगारडीह गांव का

# बीमारी ने पहले बेटे को छीना, अब लकवाग्रस्त पिता भी चल बसा

**नवीन मेल संवाददाता**

- पुत्र की मौत के सदमे व आर्थिक तंगी से जूझ रहे उनकी माता व लकवाग्रस्त पिता की भी तबियत खराब चल रही थी। इसी बीच मुकेश के पिता 58 वर्षीय बाबूलाल राय की भी दुनिया छोड़ दी



**तिसरी (गिरिडीह)।** बीमारी से हुई बेटे की मौत के बाद ग़रीबी में जीवन काट रहा था परिवार, इसी बीच लकवाग्रस्त पिता की भी हो गई संदेहास्पद मौत. मामला गिरिडीह जिले के तिसरी प्रखंड क्षेत्र का गुमगी के सिंगारडीह का है, जहाँ के रहने वाले बाबूलाल राय के पुत्र मुकेश राय की मौत डेढ़ माह पहले ही बीमारी के कारण हो गई थी. पुत्र की मौत के सदमे व आर्थिक तंगी से जूझ रहे उसके माता व लकवाग्रस्त पिता की भी तबियत खराब चल रही थी। इसी बीच शनिवार को मुकेश के पिता 58 वर्षीय बाबूलाल राय की भी मौत हो गई. वहीं सदमे में उनकी पत्नी भी अचेतावस्था में चली गई. जिसके बाद आनन फानन में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक ने बाबूलाल राय को मृत घोषित कर दिया जबकि रधिया देवी का इलाज जारी है। इस संबंध में रधिया देवी ने बताया कि पुत्र की मौत के बाद वे लोग सदमे में हैं। उनकी बहु सोनम कुमारी ने बताया कि वे घर के बाहर किसी काम से गई थी। वापस आईं तो देखा कि दोनों अचेत पड़े हुए हैं। हो हल्ला करने पर आसपास के लोग जुटे और उन्हें अस्पताल लाया गया। इधर घटना की सुचना पर तिसरी थाना प्रभारी रंजय कुमार, जिप सदस्य रामकुमार राउत मुखिया प्रतिनिधि महेश राउत आदि अस्पताल पहुंचे और पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद किया. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. बताते चलें कि रधिया देवी के पुत्र मुकेश राय की मौत की खबर मिलने पर पूर्व मुख्यमंत्री सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी उनके घर पहुंचे थे। परिजनों से मिल ढांढस बँधाते हुए आर्थिक सहयोग भी किया था। मृतक बाबूलाल राय के दो पुत्र थे जिसमें एक की मौत पहले ही हो चुकि है। इधर पहले घर का बेटा और अब पिता की मौत से परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट गया है।

## राधा गोपाल इस्पात फैक्ट्री में ब्लास्ट की सूचना से अफरा तफरी



**बरही ।** शनिवार की सुबह कोनरा इंडस्ट्रियल क्षेत्र के राधा गोपाल इस्पात फैक्ट्री में फर्नेस ब्लास्ट जैसे जोरदार 4-5 धमाके की आवाज से फैक्ट्री के आस पास रहने वाले के बीच अफरा तफरी मच गया. लोग फैक्ट्री की ओर भागे जहां मुख्य गेट बंद था. कोनरा-२ पंसस प्रतिनिधि मो सगीर ने बताया कि करीब एक घंटे के इंतजार के बाद मुख्य गेट का ताला टूटा और लोग अंदर गए. जहां कंपनी का कोई भी व्यक्ति मौजूद नहीं था. कुछ मजदूर थे जो काफी भयभीत थे. स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव, एसडीओ जोहन टुडू, एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल, इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी आभाष कुमार दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया. विधायक ने कहा कि घटना में पीड़ित व्यक्तियों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए विधायक मनोज कुमार यादव ने स्थानीय प्रशासन को तत्काल फैक्ट्री बंद करते हुए स्थिति की जांच करने का निर्देश दिया है.

## झामुमो के नगर अध्यक्ष का निधन

**पश्चिम सिंहभूम।** झारखंड मुक्ति मोर्चा ( झामुमो )के वरिष्ठ नेता और चक्रधरपुर नगर अध्यक्ष मुन्ना खान का शुक्रवार देर रात निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे और इलाजरत थे। उनके निधन की खबर सुनते ही चक्रधरपुर सहित आस-पास के क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गई। पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आम लोगों ने भी उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मुन्ना खान झामुमो संगठन में काफी सक्रिय भूमिका निभाते थे। उनकी मजबूत जनसंपर्क क्षमता, नेतृत्व कौशल और समर्पण को देखते हुए पार्टी ने उन्हें लगातार दूसरी बार नगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी थी। पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा और संगठनात्मक क्षमता को सभी कार्यकर्ता और नेता बेहद सम्मान की दृष्टि से देखते थे। उनके असामयिक निधन पर चक्रधरपुर विधायक सुखराम उरांव ने गहरा शोक व्यक्त किया।

## जीटी रोड से डुमरिया टांड़ तक जाने वाली जर्जर सड़क बनी ग्रामीणों की मुसीबत बढ़ी परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता**



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के कोनहारा खुर्द पंचायत अंतर्गत ग्राम घंघरी से आदिवासी बहुल गांव डुमरिया टांड़ तक जाने वाली सड़क इन दिनों पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है। जीटी रोड से होकर डुमरिया टांड़ तक जाने वाली इस सड़क की हालत बेहद खराब हो गई है। बरसात के मौसम में यहां पैदल चलना भी जोखिम भरा हो गया है। कीचड़ व गड्ढों से भर चुकी यह सड़क अब किसी मुसीबत से कम नहीं लगती। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग से रोजाना छात्र-छात्राओं, किसानों और काम पर जाने वाले लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। दोपहिया और चारपहिया वाहन तो दूर, पैदल चलना भी एक चुनौती बन चुका है। ग्रामवासियों ने बताया कि इस सड़क के निर्माण के लिए कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया गया, लेकिन आज तक कोई ठोस पहल नहीं की गई। जिससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। कोनहारा खुर्द पंचायत की मुखिया मुन्नी देवी ने कहा कि पंचायत फंड में ऐसी कोई योजना शामिल नहीं है जिससे इस सड़क का निर्माण कराया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि सड़क निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषय पर विधायक और सांसद की भी कोई सक्रियता नहीं दिख रही है, जो चिंता का विषय है। इस समस्या को लेकर स्थानीय ग्रामीण साहेबराम सोरेन, जितेंद्र कुमार गुप्ता, उदय साव, रीतलाल मांझी, बंशी मांझी, महेश मांझी, महादेव सोरेन, शिकारी सोरेन, नागेश्वर मांझी व पांडु मांझी सहित दर्जनों लोगों ने शीघ्र सड़क निर्माण की मांग की है। ग्रामीणों ने कहा कि यदि जल्द सड़क का निर्माण नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे। उनका कहना है कि यह सिर्फ एक सड़क नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के विकास और जनसुविधा से जुड़ा विषय है।

## विद्या मंदिर में अभिभावक - शिक्षक संगोष्ठी आयोजित

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में कक्षा नवम के भैया बहनों का अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुरुआत अभिभावक आचार्य दीदी की संयुक्त रूप से मां सरस्वती ,ऊं, भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन ,पुष्पार्चान कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रभारी मधुमिता शर्मा ने किया। मंच संचालन जया मिश्रा ने किया। अतिथियों का परिचय मंजू देवी ने कराया। कक्षा नवम के अभिभावक गोष्ठी में माता-पिता अपने बच्चों की शिक्षा में सक्रिय रूप से शामिल हो, गृह कार्य ,विद्यालय गतिविधि में भाग लेना, शिक्षकों के साथ संवाद, भैया -बहनों की शैक्षणिक प्रगति नियमित रूप से हो इस पर शिक्षकों से चर्चा करें।

## कार्यकारिणी समिति की बैठक में भाग लेने के लिए झारखण्ड चैंबर का प्रतिनिधिमंडल साहेबगंज रवाना



**रांची।** संथाल परगना प्रमंडल में आयोजित क्षेत्रीय अधिवेशन और कार्यकारिणी समिति की आहूत बैठक में शामिल होने के लिए अध्यक्ष परेश गट्टानी के नेतृत्व में आज झारखण्ड चैम्बर ऑफ कॉमर्स का 13 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल रांची से रवाना हुआ। विदित हो कि साहेबगंज में रविवार को झारखण्ड चैम्बर के कार्यकारिणी समिति की बैठक है। ईस्टर्न झारखण्ड चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स के आतिथ्य में इस बैठक का आयोजन किया गया है। अधिवेशन में गोड्डा, देवघर, दुमका, जामताड़ा, साहेबगंज, पाकुड़, गुमला, पलामू, कोयलांचल प्रमंडल के चैम्बर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों-व्यापारियों का महाजुटान होगा। झारखण्ड चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष परेश गट्टानी ने कहा कि संथाल परगना सिर्फ झारखंड का एक प्रमंडल नहीं, बल्कि असीम संभावनाओं का केंद्र भी है। हमारा मानना है कि यदि हमें एक समृद्ध झारखंड चाहिए।

### सगा बाप बन बैठा है अपनी ही बेटी का दुश्मन मामला तिसरी थाना क्षेत्र के भंडारी गांव का

# बेटी ने पिता और सौतेली मां पर मारपीट व खाना नहीं देने का लगाया आरोप

**नवीन मेल संवाददाता**

- दादी ने भी अपने बेटे और बहू की कारस्तानी बताई। उनका भी आरोप है कि बेटे और बहू हमेशा गाली गलौज करते रहते हैं



**गिरिडीह।** आप लोगों ने सौतेली माँ की करतूत तो जरूर सुनी होगी, कि कैसे एक सौतेली माँ अपने सौतले बच्चों पर जुल्म करती है। लेकिन जब सगा बाप भी अपनी दूसरी पत्नी के साथ मिलकर बच्चों पर सितम ढाने लगे तब क्या कहा जाय?
एक ऐसा ही मामला प्रकाश में आया है जहां दूसरी पत्नी के लिए एक कलयुगी बाप अपनी ही बेटी का दुश्मन बन बैठा है। यह मामला तिसरी थाना क्षेत्र के भंडारी पंचायत का है। भंडारी निवासी काजल कुमारी ने अपने पिता विनोद बढ़ई और सौतेली मां पर ही मारपीट करने का आरोप लगाते हुए तिसरी थाने में आवेदन दिया है। काजल कुमारी ने कहना है कि उनकी माँ का देहांत बचपन मे ही हो चुका है। देहांत के बाद उनके पिता ने दूसरी शादी कर ससुराल में रहने लगे। काजल तिसरी मुख्यालय स्थित कस्तूरबा विद्यालय में रहकर पढ़ाई कर रही थी। इसी दौरान उनके पिता और सौतेली मां भण्डारी स्थित घर में ही रहने लगी। काजल का आरोप है कि पढ़ाई पूरी करने के बाद वे जब घर गई तो माता पिता द्वारा उन्हें न ही खाना और न ही घर में रहने दिया जाता है। साथ ही हमेशा मारपीट की जाती है। अपने आवेदन में उन्होंने बताया कि 9 जुलाई को भी वे लोग मारपीट करने लगे और कमरे में सोने नहीं दिया जिसके कारण घर के बाहर बरामदे में सोना पड़ रहा है। दादी ने भी अपने बेटे और बहु की कारस्तानी बताई । उनका भी आरोप है कि बेटे और बहू हमेशा गाली गलौज करते रहते हैं । इस संबंध में काजल के पिता बिनोद बढ़ई ने फोन पर बताया कि बिजली कनेक्शन को लेकर वे अपनी मां से बात कर रहे थे।

## युवक पर फायरिंग, जांच में जुटी पुलिस

**पूर्वी सिंहभूम।** गोलमुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत टूईलाडूंगरी राधाकृष्णा मंदिर के पास शुक्रवार रात उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब अज्ञात बदमाशों ने इलाके के निवासी लोचन कुमार पर फायरिंग कर दी। घटना देर रात की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार बदमाशों ने लोचन कुमार पर दो गोलियां चलाईं, लेकिन गनीमत रही कि वे बाल-बाल बच गए। फायरिंग की आवाज सुनकर स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए। घटना की सूचना पाकर गोलमुरी थाना पुलिस दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।
पुलिस ने घटनास्थल से दो खोखा बरामद किया है। साथ ही रेकी करने के संदेह में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और हमलावरों की पहचान के लिए छानबीन तेज कर दी गई है।

**रॉंची समाहरणालय, रॉंची**
**(भू-अर्जन शाखा)**

**आदेश**

बिरसा मुण्डा एयरपोर्ट, कुटियातु मोड़ पथ (रिंग रोड़ कोचबोंग तक) भाया–हुण्डरू, हेथू, चन्दाघासी, मरियातु, ईटे पथ निर्माण परियोजनान्तर्गत मौजावार हितबद्ध प्रभावित रैयतों को मुआवजा भुगतान हेतु निम्न विवरणी अनुसार कैम्प का आयोजन किया जाता है :–

| क्र० सं० | मौजा का नाम | कैम्प आयोजन हेतु निर्धारित स्थल | तिथि / समय | प्रतिनियुक्त कर्मी |
|---|---|---|---|---|
| 01 | हेथू | सामुदायिक भवन, हेथू | दिनांक–28.07.2025, समय–12:30 P.M. to 04:30 P.M. | श्री पंकज कुमार सिन्हा, कानूनगो, श्री आशीष कुमार, अमीन, श्री सूरज तिवारी, अमीन, श्री रामाधार महतो, अनुसेवक, जिला भू–अर्जन कार्यालय, रॉंची। |
| 02 | चंदाघासी | पंचायत भवन, चंदाघासी | दिनांक–29.07.2025, समय–12:30 P.M. to 04:30 P.M. | |
| 03 | कोचबोंग | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कोचबोंग | दिनांक–30.07.2025 समय– 12:30 P.M. to 04:30 P.M. | |
| 04 | ईटे / मरियातु | आंगनबाड़ी केन्द्र, ईटे | दिनांक–31.07.2025 समय– 12:30 P.M. to 04:30 P.M. | |

प्रतिनियुक्त कर्मियों को निदेश दिया जाता है कि उपरोक्त विवरणी अनुसार आयोजित कैम्प में निर्धारित स्थल में ससमय पहुँच कर हितबद्ध रैयतों को मुआवजा भुगतान हेतु आवेदन वितरित कर प्रभावित भूमि का प्रतिवेदन तैयार करना सुनिश्चित करेंगे साथ ही प्रतिदिन का रैयतवार विवरणी कार्यालय में समर्पित करेंगे।

ह०/—
जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, रॉंची

PR 357756 Land Reforms(25-26)#D

# डिजिटल शादी

डिजिटल दुनिया, जहां इसकी उपयोगिता बहुतेरे है वहीं कुछ मिसिंग भी हो रहा। रहन-सहन खान पान सब मशीनीकरण की गिरफ्त में। शादी बियाह का कल्चर पूरा बदल गया है। डीजे मेहंदी संगीत प्री वेडिंग सूट हेड फंक्शन के लिए कलर का निर्धारण, बाकी पार्लर में दुल्हन और परिवार जनों का रंग-रोगन तो है ही। इतने भव्य तरीके के आयोजन में ज्यादा दौड़ धूप के बगैर सब कुछ व्यवस्थित तरीके से उपलब्ध, केटरर से लेकर मैरिज हॉल प्लेट सिस्टम ।क्योंकि सब कुछ व्यवस्थित रूप से उपलब्ध है इसलिए पहले की भांति न महीने भर पहले रिश्तेदारों का जमघट रहता है न साल भर पहले घर में तैयारी। सप्ताह भर पहले से सांझ गीत का प्रचलन भी समाप्त हो गया है। हां उसी का एक अलग स्वरूप संगीत सेरेमनी रहता है। लेकि यह आधुनिक शादियां. चाहे जितनी भव्य हों यादों में ज्यादा दिन सहेजी नही जाती हैं, कारण भी है ज्यादातर हम सेल्फी या अपने गेट अप पर ध्यान रखते हैं अपने आप को सजाने संवारने की ओर ध्यानरहता है। हमारे मानस पटल पर आज भी 25 30 वर्ष पहले की शादी समारोह अंकित है जबकि दो-तीन महीने पहले की शादी समारोह की तस्वीर मोबाइल की गैलरी तक सीमित। वर्षों पहले दोने या पत्ते पर परोसी गई चावल दाल पर रखा हुआ घी की सोंधी सोंधी खुश्बू पंगत में बैठाकर आग्रह पूर्वक बार-बार पूछ कर खिलाना आज भी याद है। फुफेरी ममेरी , मौसेरी चचेरी बहनों का मिलना हंसी ठिठोली आपस में करना, एक दूसरे को तैयार करना आज के समय की तरह पार्लर में जाना नहीं होता था एक दूसरे के सामानों का इस्तेमाल करना। रिश्तो के सभी भाइयों और उनके दोस्तों द्वारा टेंट से लेकर कारीगर शामियाने तक का इंतजाम आपस में ही कर लेते थे। ना पहले की तरह तिलक में यह निरीक्षण में गली का रिवाज रहा न करने पर हंसी ठिठोली। आज का लगभग सभी शादियों में शादी होते ही विदाई हो जाती है, वही पहले मरजाद जरूर होता था दूसरे दिन पास पड़ोस की महिलाएं आकर सलामी देती थी। समधी मिलन होता था मिथिलांचल में मझक्का होता है लेकिन समय के अभाव में अब काम ही दिखाई पड़ता है। मरजाद में दोपहर में परोसी जाने वाली चावल दाल के -साथ लड़की वालों के द्वारा दिया गया गाली का तड़का एक अलग ही माहौल बनाएं रखता था। जाते-जाते समधी मिलन एक दूसरे से मिलना एक दूसरे के कंधे पर वस्त्र रखना रिश्तों की मिठास दर्शाती थी। डिजिटल शादी में बहुत कुछ इस छूट रहा है।



सरिता सिंह





सविता गुप्ता

# कांवर यात्रा का स्वरूप



कांवर यात्रा हिन्दू संस्कृति की युगों पुरानी धार्मिक यात्रा है। जो वर्ष में दो बार फाल्गुन मास और सावन मास के प्रारंभ से अंत तक चलती है। इतिहास, पौराणिक कथाओं और लोक मान्यताओं के अनुसार इस यात्रा की शुरुआत त्रेता युग में समुद्र मंथन से निकले विष के प्रभाव को कम करने के लिए, शिव भक्त रावण ने शिवलिंग पर गंगाजल से जलाभिषेक करके किया था। इतिहासकारों के अनुसार सर्वप्रथम भगवान परशुराम ने कावंड़ यात्रा की शुरुआत की थी तो कुछ विद्वानों ने श्रवण कुमार को इस यात्रा की नींव रखने का ज़िक्र किया है,जिन्होंने अपने अंधे माता पिता को कावंड़ में बैठाकर हरिद्वार लाए और गंगा जल लेकर गए,जिससे यह परंपरा शुरू हुई ।वहीं कहीं कहीं प्रभु श्रीराम को पहले कांवड़िये के रूप में देखते हैं,मान्यता है कि भगवान राम ने देवघर में शिवलिंग पर जलाभिषेक किया था। कावंड़ एक बांस या लकड़ी का डंडा जिसके दोनों सिरों पर पवित्र जल से भरे कलश या मटके बांधे जाते हैं ,जिसे कंधे पर रखकर शिव भक्त मीलों नंगे पैर चलकर शिवालय जाकर शिवलिंग पर चढ़ाते हैं ।इस दौरान कांवड़िये सात्विक भोजन करते हैं ।ब्रह्मचर्य का पालन करते हैं ।यात्रा के दौरान कावंड़ को ज़मीन पर रखना वर्जित होता है ।कावंड़ को किसी प्रकार की क्षति न पहुँचे इसका विशेष ध्यान रखा जाता है।

सावन माह के आगमन के प्रथम दिवस से ही शिवभक्त केसरिया रंग के परिधान पहनकर कावंड़ लेकर भोले बाबा पर जलाभिषेक करते हैं । जिससे पूरा परिवेश नारंगी हो जाता है। उनका उत्साह,उमंग शिव को प्रसन्न करने की जिजीविषा देखते ही बनती है। वे हँसते,नाचते ,गाते बोल बम की जयकारा लगाते हुए पूरी श्रद्धा भक्ति ,शुद्ध मन विचार से भोलेनाथ पर जल अर्पित कर मनोकामना की पूर्ति करते हैं।

कांवड़िये भी कई प्रकार के होते हैं जैसे-डाक कांवड़िये, खड़ा, दांडीऔर सामान्य कांवड़िये सबके अपने नियम होते हैं। कई कांवड़ियों के कंधे पर जल से भरा भारी भरकम कलश होता है तो कई भक्त अपने माता-पिता को ही बैठाकर इस कठिन यात्रा को संपन्न करते हैं ।

किसी को प्रभु से कुछ माँगना होता है तो किसी को अपनी मन्नत उतारने की चाहत होती तो कई शिवभक्त प्रत्येक वर्ष जल अर्पण करते हैं इस आस्था के सैलाब में नर-नारी बच्चे -बूढ़े सभी शामिल होते हैं।

शासन प्रशासन महीनों पहले से यात्रा सुगम, सुचारू, सुखद, सुलभ और सुरक्षित बनाने के लिए कमर कस के तैयारी करते हैं, ताकि यात्रियों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं हो। नगर-नगर, सड़क मार्गों पर श्रद्धालुओं की सुविधा का ध्यान रखा जाता है।

दिनोंदिन हर नगर मार्ग पर कांवड़ियों की संख्या में बढ़ोतरी देखते बनती है। जिसमें नौजवानों की संख्या देखकर लगता है कि कौन कहता है कि आजकल के युवाओं में धर्म कर्म की कमी है।

उनका जोश देखते बनता है। परन्तु कुछ कांवड़िये अति उत्साही जोश में होश खो बैठते हैं।अपने क्रोध पर नियंत्रण नहीं कर पाते। छोटी सी बात पर क्रोधित होकर कानून हाथ में ले लेते हैं। मार पीट,तोड़फोड़, गाली गलौज पर उतारू हो जाते हैं ।बड़े बड़े साउंड बॉक्स लगाकर ऊँची आवाज में गीत और फ़िल्मी गानों की धुन पर नाचते हैं, जिससे ध्वनि प्रदूषण से राहगीरों को परेशानी होती है। प्रशासन के सख्त हिदायत के बावजूद वे अपनी मनमानी करते हैं। उन्माद और गर्म खून आस्था पर भारी पड़ जाता है। जिससे माहौल बिगड़ जाता है। बड़े बड़े, रंग बिरंगे, त्रिशूल, भाला से सुसज्जित कावंड़ लेकर चलने पर असुविधा होती है जिससे कई बार कावंड़ खंडित हो जाते हैं। वे भक्ति की आड़ में वाद विवाद क्रोधित हो उठते हैं और मामूली सी बात का बतंगड़ बना देते हैं। उन्हें अनुशासित होकर इस कठिन तपस्या के नियमों का पालन कर धैर्य पूर्वक यात्रा करनी चाहिए। शांत चित्त और शांति के मार्ग से ही आत्मिक शांति और प्रभु दर्शन संभव है।

## सत्य तो यही है कि

कण कण में है आशुतोष की माया।
शुद्ध कर्मों से मिले सुंदर काया।
जिसने लगाया बोल बम जयकारा,
शीश आशीष उसने शिव की पाया।

## संस्मरण

# रक्षाबंधन तब और अब



आज रक्षा बंधन है,मेरे बचपन से जुड़ी स्मृतियों का दिन, सुबह से ही नहा - धोकर नए कपड़े पहन छोटे भाई को राखी बांधते फिरबुआ जी के घर जाकर विजय ,मिक्कू को राखी बाँध हम दोनों बहने जैसे खुशियों के झूलों में पेंग लगाती फिरती थीं, यही छोटा भाई जब हमारे पास नहीं था -हम दोनों बहाने माँ बागेश्वरी के मन्दिर में जाकर एक भाई की कामना करती थीं --माँ हमे भी एक भाई दे दो हम लोग किसको राखी बांधे? -- फिर लगभग सात वर्ष बाद छोटे भाई अखिलेश का जन्म हुआ -फिर तो उत्सव भी मना और बड़े प्रेम से राखी का त्योहार भी मना --हा यह अलग बात थी की जब वह हमारी जिन्दगी में नहीं आया था तो हम अपने पड़ोस के महेन्द्र भैया को राखी बांधते-और वे भी हमे बड़े भाई जैसाप्यार और सम्मानभरपूर देते थे,मेरी बुआ जी हमारे शहर बनारस में ही रहती थीं -वे हमेशा मेरे पिताजी और बाबूजी (चाचाजी) को राखी बाँधने आतीं-- उम्रके बढ़ते पडावो ने भी उनकी बाल सुलभ उत्सुकता और उल्लास को कभी कम नहीं होने दिया था -दोनों भाइयों की इकलौती छोटी बहन --बड़े प्यार से पहले माथे पर तिलक लगाती फिर राखी बांधती और मिठाई खिलाती थीं -वे गुलाबजामुन जरुर लाती थीं --'ई बड़का भैया के बहुत पसंद है' उस दिन हमारे घर में एक उत्सव ही मन जाता था-घर में पूरी, सब्जी सिवईं जरुर बनती और विशेष अनुरोध पर बुआ जी पुदीना और खटाई वाली चटनी भी बनाती थीं --जिसका स्वाद आज भी भुलाये नहीं भूलता, पिताजी, बाबूजी, माँ, फूफाजी सभी उस चटनी के दीवाने थे। हम सभी छोटे भाई बहनों --मै, सुधा विजय ,, मिक्कू, पिंकी, अखिलेश, कवयित्री शैलजा पाठक --गुड्डीए गुडिय़ा पाण्डेय का बचपन एक साथ बीता था -राखी के मिले पैसों से हम सामने वाली आइसक्रीम कम्पनी से आइसक्रीम खरीदते ,फिर शाम को रन्नो की माई का आलूचाप - फिर भी कुछ बच जाता तो बैठ कर हिसाब लगते की कि किसको कितना पैसा मिला? यादें तो बस उमड़ घुमड़ कर पलकें भिंगोने लगती हैं। आज मायके की देहरी लांघे आठ वर्ष बीत गए, व्यस्तताए इतनी की अपने विवाह के बाद एक बार भी भाईयों को राखी अपने हाथो सेनहीं बाँध सकी। हर राखी पर बाट जोहता मायके का घर -देहरी सब उदास। मेरे मन का कोना भी उदास है। न माँ रहीं न बुआ जी और न पिताजी,, मायके की स्मृतियाँ हमारी साझी होती थीं, मेरी माँ उनके लिए भौजी कम-माँ हीज्यादाथीं-स्नेह के अनमोल पलों को संजोने-जीवंत रखने वाली दोनों के मन भी मानो एक अव्यक्त रक्षा सूत्र से बंधे रहते -वे सारी यादें आज विरासत हैं धरोहर हैं हमारी। समय का एक लम्बा सफर तय हो गया हम सब ब्याह कर अपनी अपनी घर गृहस्थी में मगन पर आज मेरी बेटियां भी अपने छोटे भाई को जो बैंगलोर में कार्यरत है। दूरी की वजह से राखी नहीं बाँध पातीं तो मन कचोटता है-अपना बचपन याद आता है जो न जाने कहाँ पीछे छूट गया है।आपको विश्वास नहीं होगा कि हम सब फेसबुक के माध्यम से प्रतिदिन मिल लेते हैं जिनसे वर्षों से नहीं मिले। एक बार फिर राखी का त्योहाराया है। मन के दरवाजों पर दस्तक देती कई स्मृतियां जाग उठी हैं ,बचपन का उत्साह,उमंग बीते समय के साथ कहीं खो गया। जिम्मेदारियां बढीं, जिंदगी आगे बढती गई और हम उसके पीछे दौडते हुए,भाई को अपने हाथों से राखी बांध पाना संभव नहीं। भाई भी व्यस्त अपनी दुनिया में बहन आंचल पसारे हजारों आशिर्वाद आशीष देती है जिय तूं लाख बरीस।



पद्मा मिश्रा

# गिफ्ट

कोरोना ने दुनिया को बहुत सारी नई धारा से जोड़ने का काम किया। दशकों पहले जब स्पैनिश फ़्लू और इंन्फ्लूयेंजा महामारी दुनिया में आई थी तो बहुत सारे नए टीकाकरण के तरीके ईजाद हुए थे और थोक के भाव में समाज को गिफ्ट मिला था। फिर बीच में कुछ दशक तक शांति रही। इन फ़्लू ने दुनिया को बहुत तरह से बदला। साधारणतः जनसंख्या बढने के बाद कभी यकायक घटती नहीं। संभावनाओं के तौर पर जनसंख्या बढती ही जाती है, पर प्रथम विश्वयुद्ध के दौरान लगभग पचास करोड़ लोगों के लिए यह वायरल बीमारी जानलेवा साबित हुई थी। भारत जैसे घनी आबादी वाले देश में भी जनसंख्या का घनत्व घट गया था। लोगों का एक दूसरे से मिलते जुलते रहना, एक दूसरे के प्रति ज़्यादा प्रेमवत् व्यवहार रखना ही मोक्ष के दरवाजे खोलता है।

कुछ तीस साल पहले फिर, अफ्रीकी देशों से बंदरों के शरीर से मानव जाति ने अपने शरीर के लिए एच आई वी का वायरस गिफ्ट में ले लिया ।ऐसे लोगों की संख्या समाज में इतनी तेजी से बढी, जैसे वायरस और बैक्टीरिया हमारे शरीर में फैलते हैं। पर, उस समय भी हर कोई एक दूसरे को गिफ्ट देने के लिए बेकरार रहता था।

जब कोरोना की पहली लहर आई थी, तो भला हो रामानंद सागर जी के रामायण डेली सोप का और बी आर चोपड़ा की महाभारत का, जो लोग प्रभु में लीन हो कर रह गए और एक दूसरे को गिफ्ट न दे पाए। पर, दूसरी कोरोना लहर में तो गिफ्ट देने का ऐसा सिलसिला चला कि रुका ही नहीं। वैसे, धर्म के चश्मे से देखें तो समाज एक दूसरे को मोक्ष से बढ़िया और क्या गिफ्ट दे सकता है! वही दिया भी। दुनिया की सारी बूढ़ी आबादी सफाचट! बीमार शरीर और रोगी काया वालों को भी मोक्ष का गिफ्ट!

भई, प्यार इसे कहते हैं कि दो चार महीने का लॉकडाउन हुआ नहीं कि लोग एक-दूसरे से मिलने को बेताब बेकाबू होने लगे। यत्र-तत्र जहां-तहां आख़िर वायरस के संक्रमण बांटते ही रहे और हो गया जनसंख्या नियंत्रण। एक तरह से प्रकृति को भी हमने गिफ्ट दे दिया। ओज़ोन परत में छेद हो गई थी प्रदूषण से, सो प्रदूषण नियंत्रण करके वातावरण को भी गिफ्ट दे दिया।

अब, इतने सालों का प्रदूषण, जनसंख्या सब सरियाना कम अच्छा तोहफ़ा थोड़े है, तो ख़ुश रहिए और कोरोना से बच गए तो संतुष्ट रहिए।



डॉ आकांक्षा चौधरी

## जिंदगी बदल गई

सब कुछ बदल गया,
मैं बदल गई।
सचमुच मैं बदल गई।
भगवान की ऐसी कृपा,
मेरी ज़िन्दगी बदल गई।
बचपन बीता खेल-खेल में,
मदमस्त जवानी आ गई।
चंचल मन भटक रहा,
किसी को ढूढ़ने लग गई।
सुन्दर जीवन साथी मिला,
मैं सब कुछ भूल गई।
दो बच्चों का उपहार मिला,
मेरी बगिया खिल गई।
खुशी -खुशी जीवन बीत रहा,
मेरी आधी उमर बीत गई।
साहित्य का संग साथ मिला,
सब विधा सीख गई।
अच्छे -अच्छे मित्र मिले,
कवि कवियित्री मिल गई।
लेखनी की ललक बढ़ी,
बबली मीरा धन्य हो गई।
भगवान की ऐसी कृपा,
मेरी ज़िन्दगी बदल गई।



बबली मीरा

## गजल



अभिनव अरुण

कई सदियों से मानवता को कितना प्यार देती हूं।
भागीरथ की तपस्या हूं सभी को तार देती हूं।
न जाने बांध कितने और कितने पुल बने मुझपर,
कहा किसने कि मैं खिलवाड़ का अधिकार देती हूं।
मैं अमृत हूं तुम्हारे पुरखों की पूजा हूं थाती हूं
प्रदूषण सहती आई हूं मगर उद्धार देती हूं।
न समझो मात्र जल मैं ही तुम्हारी आज हूं कल हूं,
मैं बचती हूं तो बचने का तुम्हें उपहार देती हूं।
करोड़ों आश्रित मुझपर मैं उनकी रोज़ी रोटी हूं,
करोड़ों जन को जीने का मैं ही आधार देती हूं।
हज़ारों साल से दोहन मेरा होता रहा फिर भी,
मैं जीवन देती आई हूं कहां संहार देती हूं।
यकीनन अस्मिता पर आज मेरे घोर संकट है,
बचा लो मुझको मैं अग्रिम तुम्हें आभार देती हूं।
तुम्हारा आदि मैं ही हूं तुम्हारा अंत हूं मैं ही,
तटों पर अपने मैं खुशियों का पारावार देती हूं।
कभी फुर्सत मिले तो बांच लेना मेरी पीड़ा को,
समय के सीने पर लिखा हुआ अखबार देती हूं।

## काव्य कोना

### आईना, गुस्ताख भी है

सुना है, न जाने सच है कि झूठ
कुछ लोग, अपनी आंखों में खुद ही झांक लेते हैं
अपने चेहरे की भाव भंगिमा खुद देख लेते हैं
आईने की जरूरत नहीं इनको
आईना को पास लाना होगा, उजाला दिखाना होगा
भय भी साथ है,
गुस्ताख भी है, कहीं यथार्थ न दर्शा दे!
स्वयंसिद्ध ये लोग हैं
अपनी नजाकत पर खुद ही मदहोश है
अपने हुस्न के खुद ही तरफदार है
बखान खुद ही कर लेते हैं, थकते भी नहीं
सुना है, न जाने सच है कि झूठ
कुछ लोग, अपनी आंखों में खुद ही झांक लेते हैं।

नाग मणि



ललन शर्मा

# शादी : एक लड्डू



## हास्य की बात

विवाह एक ऐसी दुर्घटना हैं जो कि सबकी जिंदगी में कम से कम एक बार जरूर घटती हैं पर विवाह का अपना एक आनंद हैं, एक अपना सुख हैं। कुछ लोग, विषेशकर शादी शुदा लोग हमेशा कहते फिरते हैं कि विवाह एक ऐसा लड्डू हैं जो खाए वो भी पछताए, जो न खाए वह भी पछताए। मैंने भी सोचा कि पछताना तो दोनों हालत में हैं इसलिए इस लड्डू को खाकर ही पछताया जाय। इसलिए मैंने विवाह करने का ढृढ़ निश्चय किया। सबसे पहले मैंने लव मैरीज करना चाहा पर समस्या यह आ रही थी कि मेरा चेहरा जरा टेक्नीकलर हैं, कद-काठी भी कोई खास नहीं। आँखों पर फुल पावर का चष्मा, ऊपर से प्राईवेट स्कूल में टीचर की नौकरी, कुल मिलाकर विवाह का सगुन बनने की संभावना हजारों मील दूर-दूर तक नज़र नहीं आ रही थी। अन्त में, मैंने शादी का विज्ञापन छपवा दिया - ''एक कन्या या महिला, जो विवाह करने को इच्छुक हो, मिले, कोई दहेज या जाति बंधन नहीं, अनुभवी महिला को प्राथमिकता, शीघ्र मिले। दूसरे दिन एक सजी-संवरी महिला स्वयं आई बोली - मैं स्वयं उम्मीदवार हूँ आपने लिखा था न कि अनुभवी को प्राथमिकता। इसलिए आपको मैं बता दूँ कि यह मेरा तीसरा विवाह होगा यानी दो विवाह का अनुभव है मुझे। ऐसा सुनकर मेरे दिल को दो बार झटके लगे, पर मरता क्या न करता। बड़ी मुश्किल से यह फंसी थी। मेरे दिल के अरमा आंसू बनकर नाले में बहने लगे थे। मैंने दिल को तीसरा झटका लगने से रोका और विवाह के लिए हाँ कर दी। विवाह हो गया किसी को कानों कान खबर भी न हुई। दिन अच्छे कटने लगे थे, मेरी पत्नी मुझे सुंदर लगने लगी थी। नाम भी उसका सुंदर हैं, पर भारतीय परंपरा के अनुसार उसका नाम अपनी जुबान पर नहीं ला सकता इसलिए मैं उसे श्रीमती कह पुकारता हूँ,

शादी के वर्ष भर हो चले थे। एक दिन श्रीमती ने कहा - ''शादी का प्रथम वर्षगांठ मनाना हैं''। कल स्कूल से छूट्टी ले लेना, शॉपिंग करने चलना हैं।'' 'शापिंग, क्या मतलब ?'' मैंने जानबूझ कर टालना चाहा।'' अरे गजब के लल्लू हो, शॉपिंग यानी बाजार करना'' उसने मुझे समझाया। ''पर वर्षगांठ तो बगैर शॉपिंग के भी हो सकती हैं'' मैंने फिर बचने की कोशिश की। ''देखिए जी वर्षगांठ तो वर्षगांठ हैं यानी वर्ष भर का गांठ। साल भर से तो आप मेरे बंधन में हैं, आगे क्या पता क्या हो ? इसलिए वर्ष में एक बार गांठ लगाना जरूरी हैं।'' उसने बड़े गर्व से ऐसे कहा मानो मैं बकरा हूँ और वह मालिक। खैर दिन और तारीख तय हुई ।उस दिन श्रीमती सुबह से तैयार हो रही थी और मैं अखबार के पन्ने हाथ में लिए चाय के इंतजार में बैठा था। पूरे तीन घंटे बाद वह तैयार हुई और बाहर आकर कहने लगी ''सुनिए, अरे ! अभी तक आप तैयार नहीं हुए। मैं बगैर मेकअप के तैयार हुआ यानि घरेलू कपड़े और पैरों में हवाई चप्पल। उसने मेरे हाथों में दो बड़े-बड़े थैली थमा दी और बाहर निकली। मैं पीछे-पीछे उसका अनुसरण करता।

श्रीमती एक कपड़े की दुकान में जा पहुँची। दुकानदार ने बड़े नम्र स्वर में आदर पूर्वक कहा - ''आइए मैडम, बैठिए इधर सोफे पर, अरे जरा एक कोल्ड ड्रिंक्स लाना, मैडम पसीना-पसीना हो रही है।'' बस नौकर दौड़ पड़ा। चूँकि मैं पीछे-पीछे आ रहा था इसलिए दुकानदार ने मेरी तरफ देखा तक नहीं। वह कपड़े खोलकर श्रीमती को दिखाने लगा। मैं दो घंटे तक बाहर धूप में बैठा मैं अपने आदर्श विचारों का पोस्टमार्टम करता रहा। मेरा ध्यान टूटा जब श्रीमती ने मुझे आवाज लगाई - ''अजी सुनते हो, इधर आइए और बिल अदा कीजिए।'' अब दुकानदार के चौंकने की बारी थी। वह हड़बड़ाता हुआ बोला। ''आइए सर, सर बड़ी गलती हो गयी, मैंने आपको पहचाना नहीं, अरे एक और कोड ड्रिंक्स लाना।'' मैंने दुकानदार को ऊपर से नीचे तक देखा और स्वयं से कहा - ''दुष्ट''! आदमी नहीं पैसा पहचानता है'' मैंने चुपचाप बिल देकर जेब हल्का किया फिर कपड़ों को थैले में भर कर बाहर निकल गया। श्रीमती समझ गई की मैं इस घटना से नाराज हूँ। उसने कहा - ''जाने भी दो न, उसने तो माफ़ी भी मांग ली, देखा नहीं कैसा गिड़गिड़ा रहा था बेचारा !'' पर मैं चुपचाप रहा। अब हम दोनों बाजार से बाहर निकल रहे थे, हमलोग आगे बढ़ ही रहे थे कि एक आम वाले ने आवाज लगाई - ''मां जी, तोता परी, मां जी तोता परी, बाबूजी मालदा, बाबूजी मालदा, कलकत्ते का मालदा। इस पर श्रीमती ने उससे दो किलो तोता परी आम खरीदी और हँसते हुए आगे बढ़ गई। अब मुझे पूर्णतया अहसास हो गया कि बुजुर्गों ने ठीक ही कहा है कि विवाह एक सचमुच में लड्डू है जो खाए सो पछताए जो न खाये वह भी पछताए।

संयोजक : नरेश अग्रवाल

## होगी अपनी जीत

लक्ष्य साध कर प्रीत, आस स्वप्न क्षमता रखो।
होगी अपनी जीत, कोशिश करना संग में ।।
कोशिश करना संग में सदा, पथ बाधा आएगी।
अडिग अटल बनकर यत्न करो, मंजिल मिल जाएगी।।
पुष्प हृदय खुशबू करे नया, विजय प्राप्ति मन भाया।
खुशी-खुशी हर लम्हा जीना, आधा दुख उर पाया ।।
हो जाती है प्रीत, पलते शिशु माँ गर्भ में।
होगी अपनी जीत, झेल दर्द भी सोचती ।।
झेल दर्द भी सोचती सदा, मिला जन्म फिर माता।
प्रसव पीड़ सहती ममता को, संतति खुशियाँ लाता।।
सीपी भूली तब हर पीड़ा, नवजीवन वह पायी।
अनुपम मृदु छवि तनया देखा, तन-मन से हर्षायी।।



खुशबू बरनवाल 'सीपी'

## मैं हूं मशान

घनघनाती सी निशा है।
आगोश में उसकी हर दिशा है।
संघर्ष के अंतिम छोर पर है
जो विराज रहा मन खोज रहा
अतीत के निशान।
सन्मुख उसके दिखता
मशान।
चिता की दीप्ति चीर रही
निशा को।
जैसे कर रही हो उद्घोष
शान?
कैसी शान? कौन-सी पहचान?
मैं हूँ मशान।
राख खाक बनाता हूँ।
मिटाता रहता हूँ-सब शान, मान,
पहचान।



गंगेश्वर सिंह
पूर्व डीजीपी प.बंगाल

## महादेव

हे महाकाल! हे शिव! प्रभवे, नमन करूँ जगदीश।
हे नीलकंठ! शंकर भोले, आई शरण गिरीश।
हे महेश! हे त्रिशूलधारी! हे पशुपति नटराज!
शम्भु शशिधर प्रभु जटाधारी, शेषनाग का ताज।।
हे पंचानन! औघड़ दानी, करते जग कल्याण।
कालकूट को ग्रहण किए
प्रभु, दूर हुआ सब त्राण।
हर-हर महादेव
गिरिजापति, आई तेरे द्वार।
दर्शन की मैं हूँ अभिलाषी,
कृपा करो करतार।।
रण में रुद्र घरों में शंकर,
हे कपाली महेश।
हे मददेव! हे ध्यानधारा!
इंदुशेखर उमेश।
हे अक्षत अकुल महाकर्ता, कौशिक करण किरात।
प्रहस निरंजन हर परमेष्ठी, रही भक्ति नवजात।।
सौप दिया प्रभु जीवन तुझको, सुन लो प्रभु ईशान।
हे गौरीपति जग के स्वामी, भक्त बड़े नादान।
अभय अभिराम शम्भु पिनाकी, प्रजापति विरूपाक्ष।
हे मृत्युंजय भुजंग भूषण, शिवाप्रिय पिंगलाक्ष।।
बड़ी दयालु शम्भु शंकर हैं, करो मनुज उद्धार।
सत्य राह पर चले सदा ही, मृदुल रहे व्यवहार।
कर्म- धर्म को सदा निभाए, हो सबका सम्मान।
अहंकार दुश्मन मानव का, दूर करो अभिमान।।



पुष्पा पाण्डेय

## आज का दोहा

'कालनेमि' मारा गया, तब 'हनुमत' के हाथ।
नये दौर में घूमते, अब दोनों इक साथ।।
सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

नीतीश कुमार ने गंगा में बढ़ते जलस्तर का लिया जायजा, कहा

# किनारे वाले क्षेत्रों में बढ़ते जलस्तर को ध्यान में रखते हुए पूरी तरह अलर्ट रहें



● अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

**एजेंसी। पटना**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को पटना के आसपास गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर का जायजा लिया। जायजा के क्रम में मुख्यमंत्री ने पटना सिटी के कंगन घाट से दानापुर के नासरीगंज घाट तक गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जेपी गंगा पथ पर एलसीटी घाट से गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर का जायजा लेने के बाद एनआईटी घाट पहुंचे, जहां उन्होंने गंगा नदी के बढ़े जलस्तर एवं तटीय इलाकों की वर्तमान स्थिति की पूरी जानकारी अधिकारियों से ली। एनआईटी घाट से जेपी गंगा पथ होते हुए मुख्यमंत्री कंगन घाट के बाद दीघा घाट और दानापुर स्थित नासरीगंज घाट पहुंचकर गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि गंगा नदी के किनारे वाले क्षेत्रों में बढ़ते जलस्तर को ध्यान में रखते हुए पूरी तरह अलर्ट रहें और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए हर समय तैयार रहें।

उन्होंने गंगा नदी के तटीय इलाकों, खासकर निचले क्षेत्रों की स्थिति की लगातार समीक्षा करते रहने और जरूरत पड़ने पर तत्काल रूप से आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए, ताकि कोई नुकसान न हो। नासरीगंज घाट, गांधी घाट सहित कई स्थानों पर गंगा नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी दर्ज की गई है तथा नदी की धारा भी बहुत तेज है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने जेपी गंगा पथ पर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा विकसित किए जा रहे पार्क का निरीक्षण किया। एलसीटी घाट और कुर्जी घाट के बीच स्थित यह पार्क पटना स्मार्ट सिटी परियोजना का हिस्सा है और इसे पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य जेपी गंगा पथ को आकर्षक बनाना है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि यह पार्क गंगा नदी के किनारे स्थित है, इसलिए लोगों की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए इसे विकसित कराएं। जेपी गंगा पथ पर पार्क विकसित होने से हरियाली बढ़ेगी, साथ ही यहां आनेवाले लोग अपने परिवार के साथ कुछ समय व्यतीत कर सकेंगे।

## टीटीडी ने चार गैर-हिंदू कर्मचारियों को निलंबित किया

**एजेंसी। तिरुमाला**




आंध्र प्रदेश के तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) (वेंकटेश्वर मंदिर का आधिकारिक संरक्षक) ने 4 कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है। ये सभी गैर-हिंदू थे और आरोप है कि अन्य धर्मों का पालन करते हैं, जो संस्था के नियमों का उल्लंघन है। टीटीडी ने यह कार्रवाई अपनी सतर्कता विभाग (विजिलेंस डिपार्टमेंट) की रिपोर्ट और अन्य सबूतों के आधार पर की है। निलंबित कर्मचारियों में डिप्टी एग्जीक्यूटिव इंजीनियर (क्वालिटी कंट्रोल) बी. एलिजर, बीआईआरआरडी अस्पताल की स्टाफ नर्स एस. रोसी, बीआईआरआरडी अस्पताल की ग्रेड-1 फार्मासिस्ट एम. प्रेमावती और एसवी आयुर्वेद फार्मेसी की डॉ. जी. असुंथा शामिल हैं। टीटीडी के मुताबिक, इन कर्मचारियों ने हिंदू धार्मिक संगठन में काम करते हुए संस्था के आचार संहिता का पालन नहीं किया और अपने कर्तव्यों का निर्वहन गैर-जिम्मेदाराना ढंग से किया।

## शारदा यूनिवर्सिटी के छात्रा की आत्महत्या मामले में 2 गिरफ्तार

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के शारदा यूनिवर्सिटी में बीडीएस द्वितीय वर्ष की छात्रा की आत्महत्या मामले में पुलिस ने दो शिक्षकों को गिरफ्तार कर लिया है। हरियाणा के गुरुग्राम की रहने वाली छात्रा ने आत्महत्या से पहले एक सुसाइड नोट लिखा था, जिसमें उसने दो शिक्षकों (महेंद्र सर और शैरग मैम) पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया। इस घटना के बाद यूनिवर्सिटी परिसर में छात्रों और परिजनों ने जमकर हंगामा किया और दोषी शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने दोनों शिक्षकों को गिरफ्तार कर लिया है। छात्रा ने अपने सुसाइड नोट में लिखा, "अगर मेरी मौत होती है, तो इसके लिए पीसीपी और डेंटल मटेरियल के शिक्षक जिम्मेदार होंगे। महेंद्र सर और शैरग मैम ने मुझे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। उन्होंने मेरा अपमान किया। मैं लंबे समय से तनाव में थी। मैं चाहती हूं कि उन्हें भी वही दुख झेलना पड़े। माफ कीजिए, मैं अब और जी नहीं सकती।" घटना की सूचना मिलते ही नॉलेज पार्क थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। फॉरेंसिक टीम और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने कमरे की गहन जांच की और सबूत इकट्ठा किए।

## कार पुल से टकराई, लगी आग चार युवक जिंदा जले

**कांकेर/रायपुर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के आतुरगांव में रात लगभग एक बजे कार (स्विफ्ट डिजायर) हादसे में चार युवकों की जान चली गई। यह कार मूरवेंड से कांकेर जा रही थी। नेशनल हाइवे-30 पर अचानक पुल से टकराई कार में आग लग गई। कार सवार चार युवक जिंदा जल गए।दो युवकों की हालत गंभीर बनी हुई है। कांकेर के पुलिस एसडीओपी मोहसिन खान ने बताया है कि आतुर गांव के पास पुल निर्माण के कारण सड़क डायवर्ट की गई है। तेज रफ्तार की वजह से चालक कार को नियंत्रित नहीं कर सका और वह पुल की रेलिंग से टकरा गई। पुल से टकराने के बाद कार में भीषण आग लग गई। दो युवक छिटककर बाहर जा गिरे। चार युवक कार में ही फंसे रह गए और उन्होंने दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस की टीम फायर ब्रिगेड के साथ पहुंची।

अमित शाह ने रुद्रपुर में निवेश उत्सव में की घोषणा, 2027 में भारत बनेगा तीसरी आर्थिक शक्ति

# छोटे व पूर्वी राज्यों के विकास के बगैर पूरी नहीं हो सकती विकसित भारत की कल्पना: अमित शाह

● उत्तराखंड को अटल जी ने बनाया, अब मोदी जी संवार रहे

**एजेंसी। देहरादून**



केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि वर्ष 2047 में विकसित भारत की कल्पना तब तक पूरी नहीं हो सकती, जब तक छोटे व पूर्वी राज्यों का विकास नहीं होता। यही वजह है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छोटे और पूर्वी राज्यों के विकास को लेकर पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रहे हैं। अमित शाह ने घोषणा की कि 2027 में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति के रूप में उभरेगा। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रुद्रपुर में आयोजित उत्तराखंड निवेश उत्सव-2025 में जनसभा के दौरान यह कहा। उन्होंने कहा कि जब भी मैं उत्तराखंड आता हूं, एक नई ऊर्जा लेकर वापस जाता हूं क्योंकि उत्तराखंड में आते ही चारों धामों में निवासरत सारे देवी-देवताओ और आध्यात्म की अलख जगाने वाले संतों का आशीष प्राप्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि एक ओर पर्वत की चोटियां पूरी दुनिया को आध्यात्म की ऊंचाइयों पर ले जाने का काम करती हैं, वहीं यहां निवासरत साधु संत भारत की संस्कृति को मजबूत करने का काम कर रहे हैं। यहां की नदियां आधे भारत को सिंचाई और पीने का पानी दे रही हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की विशेष प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि मैदानी क्षेत्रों में निवेश और उद्योगों की स्थापना सरल कार्य है लेकिन छोटे से उत्तराखंड की जटिल भौगोलिक परिस्थितियों में एक लाख करोड़ का उद्योगों पर निवेश के साथ ही 81 हजार से अधिक का रोजगार सृजित करवाना बेहद कठिन कार्य हैं और पुष्कर सिंह धामी व उनकी टीम ने अत्यंत कठिन कार्य पूरा किया। इसके लिए धामी और उनकी टीम को साधुवाद।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सरकार ने औद्योगिक विकास और पर्यावरण के बीच में संतुलन भी स्थापित किया है। रोजगार को स्थायित्व देने का काम किया है। नीतियों में पारदर्शिता, क्रियान्वयन में तीव्रता और दृष्टि में दूरदर्शिता के साथ ही उत्तराखंड के समग्र विकास का खांचा खींचा है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि उत्तराखंड राज्य के संघर्ष के दौरान कांग्रेस ने उत्तराखंड के आंदोलनकारियों पर अत्याचार किए लेकिन तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल विहारी वाजपेयी ने उत्तराखंड को पृथक राज्य बनाने के साथ ही झारखंड व छत्तीसगढ़ को अलग राज्य घोषित किया।

मंगल पांडे की जयंती पर पीएम ने दी श्रद्धांजलि, कहा

## उनका साहस देशवासियों के लिए प्रेरणा रही है



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महान स्वतंत्रता सेनानी मंगल पांडे को याद किया है। मंगल पांडे की जयंती पर प्रधानमंत्री ने उन्हें आदरपूर्ण श्रद्धांजलि दी और कहा कि उनके साहस और पराक्रम की कहानी देशवासियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनी रहेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, "महान स्वतंत्रता सेनानी मंगल पांडे को उनकी जयंती पर आदरपूर्ण श्रद्धांजलि। वे ब्रिटिश हुकूमत को चुनौती देने वाले देश के अग्रणी योद्धा थे। उनके साहस और पराक्रम की कहानी देशवासियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनी रहेगी।" केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी मंगल पांडे को श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, "1857 के संग्राम के नायक, अद्वितीय योद्धा व राष्ट्रप्रेम की प्रेरणा मंगल पांडे जी को उनकी जयंती पर कोटि-कोटि नमन।" अमित शाह ने आगे लिखा, "मंगल पांडे ने 1857 के संग्राम को अपने पराक्रम की चिंगारी से विशाल ज्वाला बनाकर अंग्रेजी हुकूमत की नींव हिला दी। उनके नेतृत्व में बैरकपुर छावनी आजादी के आंदोलन का केंद्र बन गई और देशभर में आजादी की एक ऐसी लहर चली जिससे अंग्रेजों की नींद उड़ गई। देश के हर एक युवा को महान स्वतंत्रता सेनानी मंगल पांडे के जीवन से मातृभूमि के प्रति समर्पण की प्रेरणा लेनी चाहिए।" किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किया, "1857 की क्रांति के अग्रदूत, मां भारती के वीर सपूत और अमर शहीद मंगल पांडे की जयंती पर शत्-शत् नमन।

## नागरिकों को मातृभाषा के लिए उत्पीड़न की धमकी देना असंवैधानिक: ममता बनर्जी



**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 'बांग्ला' भाषा विवाद पर एक बार फिर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि असम में भाजपा का यह विभाजनकारी एजेंडा सारी हदें पार कर चुका है और असम के लोग इसका डटकर मुकाबला करेंगे। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, "देश में दूसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा 'बांग्ला' असम की भी दूसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है। सभी भाषाओं और धर्मों का सम्मान करते हुए शांतिपूर्वक सह-अस्तित्व में रहना चाहने वाले नागरिकों को उनकी अपनी मातृभाषा को बनाए रखने के लिए उत्पीड़न की धमकी देना भेदभावपूर्ण और असंवैधानिक है।" उन्होंने अपने पोस्ट में आगे लिखा, "असम में भाजपा का यह विभाजनकारी एजेंडा सारी हदें पार कर चुका है और असम के लोग इसका डटकर मुकाबला करेंगे। मैं हर उस निडर नागरिक के साथ खड़ी हूं, जो अपनी भाषा और पहचान की गरिमा और अपने लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए लड़ रहा है।" इससे पहले ममता बनर्जी ने एक पोस्ट में कहा था, "मैं यह जानकर स्तब्ध और बेहद व्यथित हूं कि असम में विदेशी न्यायाधिकरण ने कूचबिहार के दिनहाटा में 50 से ज्यादा वर्षों से रह रहे राजबंशी उत्तम कुमार बृजवासी को एनआरसी नोटिस जारी किया है।

## चमोली में भूकंप देर रात घर से बाहर निकले लोग

**चमोली।** उत्तराखंड के चमोली जिले में शनिवार देर रात भूकंप के झटके महसूस किए गए। धरती हिलते ही लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकल गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) के अनुसार, शनिवार रात 12:02 बजे 3.3 तीव्रता का भूकंप आया, जिसका केंद्र जोशीमठ से 22 किलोमीटर दूर 10 किमी की गहराई पर था। जैसे ही धरती हिली, लोग घरों से बाहर सड़कों पर आ गए। हालांकि, इस भूकंप से किसी जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है, लेकिन रात के समय आए झटकों ने स्थानीय लोगों की नींद उड़ा दी। रात के सन्नाटे में अचानक आए इन झटकों ने स्थानीय निवासियों में डर का माहौल पैदा कर दिया। लोग अपने परिवारों के साथ सुरक्षित स्थानों पर जमा हो गए और स्थिति सामान्य होने का इंतजार करने लगे। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.3 थी, जो सामान्य रूप से हल्का माना जाता है।

## स्कूल परिसर में 13 साल के बच्चे का यौन उत्पीड़न, दो हिरासत में

**इंदौर।** मध्य प्रदेश के इंदौर में एक स्कूल में 13 साल के बच्चे के साथ यौन उत्पीड़न का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में 16 और 17 साल के दो किशोरों को हिरासत में लिया है। यह घटना गुरुवार को हुई, जब बच्चा स्कूल परिसर में खेल रहा था। आरोपियों ने बच्चे के साथ जबरन यौन कृत्य किए। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपी उस स्कूल के छात्र नहीं हैं। आसपास के इलाके के बच्चे अक्सर इस मैदान में खेलने आते हैं। एक आरोपी मैकेनिक का काम करता है। बच्चे के परिजनों ने अन्नपूर्णा थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों किशोरों को हिरासत में लिया। उन्हें किशोर सुधार गृह भेजा गया है और मामला बाल यौन शोषण निवारण अधिनियम (पोक्सो) के तहत दर्ज किया गया है। इस घटना ने स्कूल परिसर में बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। परिजनों ने स्कूल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि बच्चे की मेडिकल जांच में देरी हुई। परिवार के करीबी लोगों ने बताया कि बच्चे को जिला अस्पताल में टेस्ट के लिए भेजा गया, लेकिन वहां जरूरी सुविधाएं नहीं थीं। कई घंटे इंतजार और बार-बार चक्कर काटने के बाद आखिरकार 17 घंटे की देरी से टेस्ट हुआ। 'एमवाई अस्पताल' के अधिकारियों ने मेडिकल जांच में देरी की बात स्वीकारी और कहा कि इसकी जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने स्कूल की सुरक्षा व्यवस्था और मेडिकल प्रक्रिया में देरी के सवालों का जवाब देने से फिलहाल इनकार किया है। स्थानीय लोगों और परिजनों में इस घटना को लेकर गुस्सा है। उन्होंने मांग की है कि स्कूल परिसर में बाहरी लोगों की आवाजाही पर रोक लगे और बच्चों की सुरक्षा के लिए कड़े कदम उठाए जाएं। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि मामले की गहन जांच की जा रही है और दोषियों को सजा दिलाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।


**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे।

## यमुना एक्सप्रेस-वे पर हुई दो दुर्घटनाओं में छह की मौत, 22 घायल



● मुख्यमंत्री ने जताया दुख अधिकारियों को दिए निर्देश

**एजेंसी। मथुरा**

जिले में बलदेव थाना क्षेत्र के यमुना एक्सप्रेस-वे माइल स्टोन 140 और 131 पर शुक्रवार की देर रात को दो सड़क हादसे हुए। दुर्घटनाओं में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि 22 लोग घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज आगरा और मथुरा के जिला अस्पतालों में चल रहा है।
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुर्घटनाओं में हुई लोगों की मृत्यु पर शोक संवेदना व्यक्त की है। घायलों को बेहतर इलाज मुहैया कराये जाने के लिए जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्देशित किया है। जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल लिया।
जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने शनिवार को दुर्घटनाओं की पुष्टि करते हुए बताया कि एक कार दिल्ली से आगरा जा रही थी, जिसमें आठ लोग सवार थे। बलदेव थाना क्षेत्र के माइल स्टोन-140 यमुना एक्सप्रेस-वे पर तेज रफ्तार कार आगे जा रहे ट्रक में जा घुसी। पुलिस ने गैस कटर से गेट को काटकर कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला। कार सवार छह लोगों की मौत हो गई थी।

## चुनाव आयोग का दावा, 90% मतदाताओं के फॉर्म प्राप्त हुए

36 लाख अपने पते पर नहीं

**एजेंसी। पटना**



चुनाव आयोग ने कहा है कि उसे बिहार की मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की 25 जुलाई की समय सीमा से पहले ही राज्य के 90.12% मतदाताओं के गणना फॉर्म प्राप्त हो गए, और 36 लाख से ज़्यादा मतदाता अपने पते पर नहीं पाए गए। चुनाव आयोग ने 24 जून को एसआईआर का आदेश दिया था और अगले ही दिन इसे शुरू कर दिया। आयोग ने आदेश में कहा कि उसने पूरे देश में यह प्रक्रिया शुरू करने का फैसला किया है और इसकी शुरुआत बिहार से की जा रही है क्योंकि राज्य में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं।
चुनाव आयोग के आदेश में कहा गया है कि बिहार के सभी 7.8 करोड़ पंजीकृत मतदाताओं को 1 अगस्त को प्रकाशित होने वाली मसौदा सूची में शामिल होने के लिए 25 जुलाई तक गणना फॉर्म जमा करने होंगे। शुक्रवार को, चुनाव आयोग ने बताया कि अब तक 7.11 करोड़ फॉर्म प्राप्त हो चुके हैं और उनमें से 6.85 करोड़ का डिजिटलीकरण किया जा चुका है। चुनाव आयोग ने यह भी बताया कि 36.86 लाख मतदाता (कुल मतदाताओं का 4.67% से थोड़ा ज़्यादा) "संभवतः" मृत, स्थायी रूप से स्थानांतरित या कई स्थानों पर पंजीकृत पाए गए हैं।

## अजमेर दरगाह में मंदिर के दावे पर सुनवाई टली



**जयपुर।** अजमेर दरगाह में शिव मंदिर के दावे से जुड़े मामले की सुनवाई शनिवार को टल गई। सिविल कोर्ट ने अब अगली सुनवाई के लिए 30 अगस्त की तारीख तय की है। सुनवाई से पहले कोर्ट परिसर और सिविल लाइंस पुलिस स्टेशन के पास अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया था। वकील योगेंद्र ओझा ने बताया कि न्यायिक अधिकारी के अवकाश पर होने और न्यायिक कर्मचारियों के सामूहिक अवकाश पर होने के कारण सुनवाई स्थगित कर दी गई। उन्होंने कहा कि दरगाह कमेटी और अल्पसंख्यक मामलों के विभाग की ओर से पहले दिए गए आवेदन को आधिकारिक रूप से प्रस्तुत किया गया है और अगली सुनवाई में उन पर बहस की जाएगी। हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष और दिल्ली निवासी विष्णु गुप्ता ने अदालत में याचिका दायर की है। उन्होंने मांग की है कि अजमेर दरगाह में मौजूद ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के परिसर में स्थित संकट मोचन शिव मंदिर में बिना किसी रुकावट के पूजा की अनुमति दी जाए। अजमेर दरगाह समिति और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के वकीलों ने अलग-अलग आवेदन देकर कहा कि गुप्ता ने केस दायर करने से पहले जरूरी कानूनी प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया। गुप्ता का दावा है कि उनके पास 1250 ईस्वी में लिखा गया प्राचीन संस्कृत ग्रंथ 'पृथ्वीराज विजय' है, जिसमें अजमेर में शिव मंदिर के ऐतिहासिक अस्तित्व का जिक्र है।

**पर्दाफाश** आईएसआईएस के सिग्नेचर स्टाइल में हो रहा अवैध धर्मांतरण का काम

# अवैध धर्मांतरण के खिलाफ बड़ा एक्शन, छह राज्यों से 10 लोग गिरफ्तार

● कनाडा और अमेरिका से हो रही थी फंडिंग

**एजेंसी। लखनऊ**




अवैध धर्मांतरण के खिलाफ उत्तर प्रदेश पुलिस का अभियान जारी है। हाल ही में बलरामपुर जिले से गिरफ्तार जमालुद्दीन उर्फ छांगुर के गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। इसी कड़ी में छांगुर की तरह ही एक और गैंग का आगरा पुलिस ने शनिवार को खुलासा किया है। गिरोह में शामिल दस लोग अलग-अलग राज्यों से गिरफ्तार किये गए हैं। ये लोग प्रेलोभन देकर कम उम्र की लड़कियों को फंसाकर उनका धर्म परिवर्तन कराते थे। इस काम के लिए इन्हें विदेशों से फंडिंग होती है। लखनऊ स्थित पुलिस मुख्यालय में शनिवार दोपहर को आगरा पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार के साथ पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्ण ने प्रेसावर्ता की। डीजीपी ने बताया कि पुलिस आयुक्त दीपक कुमार के नेतृत्व में कार्य करते हुए पुलिस ने छह राज्यों से 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनके नाम गोवा निवासी आयशा, पश्चिम बंगाल के कोलकाता निवासी अली हसन, ओसामा, आगरा से रहमान कुरैशी, मुजफ्फरनगर निवासी अब्बू तालिब, उत्तराखंड के देहरादून निवासी अबुर रहमान, राजस्थान के जयपुर निवासी मोहम्मद अली, जुनैद कुरैशी, दिल्ली का मुस्तफा और जयपुर का मोहम्मद अली है।

डीजीपी ने बताया कि पकड़े गए लोगों से पूछताछ में पता चला है कि ये विभिन्न राज्यों में रहने वाली कम उम्र की लड़कियों को प्रलोभन, लव जिहाद एवं अन्य तरीके से प्रभावित कर धर्मांतरण का कार्य करते थे। अतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) के सिग्नेचर स्टाइल में अवैध धर्मांतरण का काम करने का यह ढंग है।

डीजीपी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में इस ग्रुप का संबंध पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई), सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) और पाकिस्तान आतंकी संगठनों से भी होने के संकेत मिले है। मामले की कार्रवाई में आगरा पुलिस के साथ एसटीएफ, एटीएस को भी लगाया गया है। जरूरत पड़ने पर राज्यों और केंद्रीय जांच एजेंसी का भी सहयोग लिया जाएगा।

### 12 अवैध बांग्लादेशियों को वापस भेजा गया: हिमंत

**नई दिल्ली।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि राज्य के दो जिलों से 12 अवैध बांग्लादेशियों को उनके देश वापस भेज दिया गया है। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार घुसपैठियों पर शिकंजा कसना जारी रखेगी। शर्मा ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, "अवैध प्रवासियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। 12 अवैध बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया गया और कछार एवं श्रीभूमि के रास्ते बांग्लादेश वापस भेज दिया गया।"

# आंद्रे रसेल का इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा

त्रिनिदाद । एजेंसी

वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर आंद्रे रसेल ने ऐलान किया है कि वे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 20 और 22 जुलाई को होने वाले दो टी20 मैचों के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे। यह दोनों मैच जमैका के सबीना पार्क में खेले जाएंगे, जो रसेल का घरेलू मैदान है। रसेल ने वेस्टइंडीज के लिए 141 मैच खेले और अपनी सबसे यादगार पारी 2016 टी20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में भारत के खिलाफ मुंबई में खेली। उस मैच में भारत ने 193 रन बनाए थे। रसेल जब नंबर 5 पर बल्लेबाजी के लिए आए, तब वेस्टइंडीज को 41 गेंदों में 77 रन की जरूरत थी। रसेल ने नाबाद 43 रन सिर्फ 20 गेंदों में बनाए और आखिरी ओवर में विराट कोहली की गेंद पर छक्का मारकर वेस्टइंडीज को जीत दिलाई।

1. **रसेल ने वेस्टइंडीज क्रिकेट को दिए इंटरव्यू में कहा :** 2016 वर्ल्ड कप का सेमीफाइनल मेरी जिंदगी का सबसे गर्व भरा पल था। उस समय भारत का पूरा स्टेडियम अपनी टीम को सपोर्ट कर रहा था, जिससे थोड़ा दबाव था। लेकिन पिच अच्छी थी और ड्रेसिंग रूम में हमें आत्मविश्वास था। इसी भरोसे ने मुझे खुलकर खेलने की आजादी दी।

2. **भारत को सेमीफाइनल में हारने के बाद :** वेस्टइंडीज ने फाइनल में इंग्लैंड को हराकर चार साल में दूसरी बार टी20 वर्ल्ड कप जीता। रसेल दोनों जीत का हिस्सा रहे। इस पर उन्होंने कहा, दो वर्ल्ड कप जीतना एक अलग ही अहसास है। फाइनल जीतने के बाद जब आप सोते हैं और बस दो घंटे में ही उठ जाते हैं, लेकिन फिर भी आप तरोताज़ा महसूस करते हैं, क्योंकि आप इंटरनेट पर वो सारे अच्छे पल, सोशल मीडिया पोस्ट और लोगों की शुभकामनाएं देखना चाहते हैं। वो सब देख कर मैं भावुक हो जाता हूं।




# मोहम्मद शमी... डोमेस्टिक सीजन 2025-26 खेल सकते हैं

## बंगाल ने 50 संभावित खिलाड़ियों में जगह दी, दलीप ट्रॉफी से वापसी हो सकती है

नई दिल्ली । एजेंसी

भारतीय टीम से बाहर चल रहे पेसर मोहम्मद शमी को बंगाल ने डोमेस्टिक सीजन 2025-26 के 50 संभावित खिलाड़ियों की सूची में शामिल किया है। शमी इंग्लैंड में भारत की टेस्ट टीम का हिस्सा नहीं हैं और आईपीएल 2025 के बाद से उन्होंने कोई भी मैच नहीं खेला है।

**28 अगस्त से दलीप ट्रॉफी खेल सकते हैं :** शमी 28 अगस्त से शुरू होने वाले दलीप ट्रॉफी में पूर्व क्षेत्र की टीम का हिस्सा हो सकते हैं। यह टूर्नामेंट, अपने पुराने फॉर्मेट इंटर-जोनल तरीके से खेला जाएगा। शमी, जिन्होंने 64 टेस्ट, 108 वनडे और 25 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं।

**आईपीएल में कुछ खास नहीं कर सके :** आईपीएल में, शमी की नई टीम सनराइजर्स हैदराबाद छठे स्थान पर रही, और उनका प्रदर्शन भी प्रभावशाली नहीं रहा। उन्होंने 9 पारियों में 6 विकेट लिए और प्रति ओवर 11.23 रन दिए। शमी इससे पहले लंबे समय तक चोट के कारण बाहर थे, जिसमें उनकी टखने की सर्जरी हुई और घुटने की समस्याओं ने भी परेशान किया।



### आखिरी बार चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के लिए खेले

शमी ने आखिरी बार 2025 की शुरुआत में चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के लिए खेला था। भारत ने फाइनल में न्यूज़ीलैंड को हराकर खिताब जीता, और शमी ने 5 मैचों में 9 विकेट लिए, जो भारत के लिए वरुण चक्रवर्ती के साथ संयुक्त रूप से सर्वाधिक थे। हालांकि, उनकी गेंदबाजी महंगी रही, क्योंकि उन्होंने प्रति ओवर 5.68 रन दिए।

- **शमी बंगाल की संभावित लिस्ट में शामिल :** भारतीय पेसर मोहम्मद शमी को 2025-26 घरेलू सीजन के लिए बंगाल की 50 संभावित खिलाड़ियों की सूची में रखा गया है।
- **भारत की टेस्ट टीम से बाहर :** शमी फिलहाल इंग्लैंड दौरे पर भारतीय टेस्ट टीम का हिस्सा नहीं हैं।
- **आईपीएल 2025 के बाद से नहीं खेला कोई मैच :** शमी ने IPL 2025 के बाद से कोई भी प्रतिस्पर्धी मैच नहीं खेला है।
- **28 अगस्त से हो सकती है वापसी :** शमी 28 अगस्त से शुरू होने वाली दलीप ट्रॉफी में पूर्व क्षेत्र की टीम से खेल सकते हैं।
- **पुराने इंटर-जोनल फॉर्मेट में होगा टूर्नामेंट :** दलीप ट्रॉफी इस बार इंटर-जोनल फॉर्मेट में आयोजित की जाएगी।

### भारत बनाम इंग्लैंड

# सीरीज पर कब्जा करने के इरादे से उतरेंगी भारत की शेरनियां



नई दिल्ली (आईएएनएस)

भारत और इंग्लैंड की महिला टीमों के बीच लॉर्ड्स में दूसरा वनडे मैच खेला जाना है। टीम इंडिया इस मुकाबले को जीतकर सीरीज पर कब्जा करना चाहेगी। टीम इंडिया ने सीरीज का पहला मैच चार विकेट से अपने नाम किया था। ऐसे में मेजबान इंग्लैंड के लिए यह 'करो या मरो' का मुकाबला होगा। क्रांति गौड़ इंग्लैंड के खिलाफ पहले वनडे में दो विकेट अपने नाम कर चुकी हैं। इनके अलावा भारतीय टीम को जेमिमा रोड्रिगेज, दीप्ति शर्मा, स्मृति मंधाना और श्री चरणी से खासा उम्मीदें होंगी।

हालांकि, भारत को सोफिया डंकले, नैट साइवर-ब्रंट, एलिस डेविडसन रिचर्ड्स और चार्ली डीन के खिलाफ रणनीति बनाकर उतरना होगा, जो पहले वनडे में शानदार खेल दिखा चुकी हैं। लॉर्ड्स की पिच बल्लेबाजों के लिए मददगार है। हालांकि, यहां स्पिनर्स को मदद मिल सकती है। रात में ओस पड़ने की संभावना के चलते टॉस जीतने वाली टीम पहले गेंदबाजी चुन सकती है। मौसम विभाग के अनुसार 19 जुलाई को लॉर्ड्स में मैच के दौरान बारिश की आशंका है। बारिश के चलते मैच को रोकना भी पड़ सकता है। भारत-इंग्लैंड के बीच दूसरा वनडे मैच भारतीय समय के अनुसार दोपहर साढ़े तीन बजे से शुरू होगा। इस मुकाबले का लाइव टेलीकास्ट सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर होगा, जबकि लाइव स्ट्रीमिंग सोनीलिव एप और वेबसाइट पर उपलब्ध होगी। टीम इंडिया ने साउथैम्प्टन में खेले गए पहले वनडे मैच को चार विकेट से जीता था। इंग्लैंड ने सीरीज के शुरुआती मुकाबले में छह विकेट गंवाकर 258 रन बनाए, जिसके जवाब में टीम इंडिया ने 10 गेंदें शेष रहते ही जीत दर्ज कर ली। इंग्लैंड के खिलाफ यह सीरीज, वनडे वर्ल्ड की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण है, जिसकी मेजबानी भारत करेगा। सीरीज का तीसरा और अंतिम मैच 22 जुलाई को खेला जाना है।

- **भारत :** प्रतिका रावल, स्मृति मंधाना, हरलीन देयोल, हरमनप्रीत कौर (कप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, स्नेह राणा, श्री चरणी, क्रांति गौड़, राधा यादव, अरुंधति रेड्डी, तेजल हसबनीस, यास्तिका भाटिया, सयाली सतघरे।
- **इंग्लैंड :** टैमी ब्यूमोंट, एमी जोन्स (डब्ल्यू), एम्मा लैंब, नेट साइवर-ब्रंट (सी), सोफिया डंकले, एलिस डेविडसन रिचर्ड्स, सोफी एक्लेस्टोन, चार्ली डीन, केट क्रॉस, लॉरेन फाइलर, लॉरेन बेल, लिन्से स्मिथ, मैया बाउचियर, एम अर्लॉट, एलिस कैप्सी।

### झूलन गोस्वामी को उम्मीद

# इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप करेगी भारतीय महिला टीम

नई दिल्ली (आईएएनएस)

भारत की पूर्व तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी को उम्मीद है कि हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय महिला टीम वनडे सीरीज में 3-0 से क्लीप स्वीप करेगी। भारत सीरीज का पहला मैच चार विकेट से अपने नाम कर चुका है, जिसके बाद लॉर्ड्स में शनिवार को दूसरा मुकाबला खेला जाएगा। इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे वनडे मैच से पहले हरमनप्रीत कौर और जेमिमा रोड्रिग्स ने लॉर्ड्स से पूर्व तेज गेंदबाज के साथ वीडियो कॉल पर बात की। बीसीसीआई विमेंस ने 'एक्स' पर एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें हरमनप्रीत और जेमिमा ने झूलन गोस्वामी से कहा, "आपको फिर से देखकर बहुत अच्छा लगा। अंदाजा लगाइए कि हम कहां हैं। इस बीच जेमिमा ने झूलन गोस्वामी से पूछा कि क्या उनकी याद आती है? इस पर झूलन ने जवाब दिया, "मेरे साथ भी ऐसा ही है। मुझे भी आप लोगों की बहुत याद आ रही है। काश मैं भी स्टैंड्स से यह मैच देख रही होती। जेमिमा ने तुरंत जवाब दिया, "आप मैच देख नहीं रहीं, हमारे साथ खेल रही हैं, झूलू दी।" इसके बाद सभी हंस पड़े। बातचीत जारी रखते हुए, भारतीय कप्तान ने कहा, "हमें लॉर्ड्स में आपका स्पैल बहुत याद आएगा।" इस पर झूलन ने कहा, "मुझे आप लोगों की बहुत याद आएगी। हमने इंग्लैंड में पहली बार 3-0 से जीत हासिल की थी। मुझे उम्मीद है कि आप लोग भी इसे दोहराएंगे। आप सभी शानदार लय में हैं। भारत की सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों में से एक, झूलन गोस्वामी ने सितंबर 2022 में लॉर्ड्स में अपने शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर का अंत किया था। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के अंतिम मुकाबले में दो विकेट अपने नाम किए थे। टीम इंडिया ने सीरीज 3-0 से जीती थी। इंग्लैंड दौरे पर भारतीय महिला टीम टी20 सीरीज अपने नाम कर चुकी है। अब उसकी निगाहें वनडे सीरीज पर हैं।



### बैडमिंटन एशिया जूनियर चैंपियनशिप

# यूएई पर शानदार जीत, क्वार्टर फाइनल में भारत की मिक्स्ड टीम



सोलो (इंडोनेशिया) (आईएएनएस)

भारत ने शनिवार को इंडोनेशिया में हुए बैडमिंटन एशिया जूनियर मिक्स्ड टीम चैंपियनशिप के ग्रुप-डी मुकाबले में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 110-83 से हराया। इसी के साथ भारतीय टीम ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। यूएई को हराने से पहले भारत ने ओपनिंग-डे में श्रीलंका के खिलाफ शानदार जीत दर्ज की थी। दूसरी ओर, हांगकांग चाइना ने भी अपने दोनों मुकाबले जीतकर नॉकआउट चरण में जगह पक्की कर ली है। अब भारत और हांगकांग की टीमें रविवार को आमने-सामने होंगी, जिसमें ग्रुप-डी की विजेता टीम का फैसला होगा। यह टूर्नामेंट रिले स्कोरिंग फॉर्मेट में खेला जा रहा है, जहां टीमों के बीच 10 मैचों में 110 अंक हासिल करने की होड़ होती है। भारत की शुरुआत शानदार रही है, महिला सिंगल खिलाड़ी रुजुला रामू ने मायशा खान को 11-5 से हराया। इसके बाद सी. लालरामसांगा और तारिणी सूरी की मिक्स्ड डबल्स जोड़ी ने बढ़त को 22-11 कर दिया।

# अगर बुमराह नहीं खेलते, तो अर्शदीप को मैनचेस्टर में मौका देना चाहिए : अजिंक्य

नई दिल्ली (आईएएनएस)



भारतीय बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे का मानना है कि अगर जसप्रीत बुमराह को चौथे टेस्ट के लिए आराम देना पड़ा, तो अर्शदीप सिंह को इस फॉर्मेट में डेब्यू का मौका देना चाहिए। इंग्लैंड पांच मुकाबलों की सीरीज में फिलहाल 2-1 से आगे है। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के वर्कलोड को कम करने के लिए, उन्हें इंग्लैंड दौरे पर सिर्फ तीन टेस्ट मैच में ही उतारने का फैसला लिया गया है। बुमराह लीड्स और लंदन में खेल चुके हैं, इसलिए ओल्ड ट्रैफर्ड में उनके खेलने पर संदेह है। रहाणे ने अपने 'यूट्यूब' चैनल पर कहा, "अगर बुमराह चौथे टेस्ट में नहीं खेल रहे, तो अर्शदीप ही सही विकल्प हैं, क्योंकि इंग्लैंड में आपको एक ऐसे बाएं हाथ के तेज गेंदबाज की जरूरत होती है, जो गेंद को दोनों तरफ स्विंग करा सके। इसके साथ ही एक अलग एंगल से स्पिनर्स के लिए रफ पिच बना सके। इसलिए अगर बुमराह नहीं खेलते, तो अर्शदीप को अगला मैच खेलना चाहिए। अर्शदीप ने अभी तक टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू नहीं किया है। उन्होंने 21 प्रथम श्रेणी मुकाबलों में 66 विकेट अपने नाम कर लिए हैं। हालांकि, चौथे टेस्ट से पहले, बेकेनहैम में प्रैक्टिस सेशन के दौरान इस बाएं हाथ के तेज गेंदबाज को चोट लग गई थी। भारत के असिस्टेंट कोच रयान टेन डोशेट ने बताया था कि गेंद रोकने की कोशिश में अर्शदीप चोटिल हो गए। टेन डोशेट ने कहा, "गेंदबाजी करते हुए उन्होंने गेंद रोकने की कोशिश की। इस दौरान उन्हें कट लगा। अब हमें देखना होगा कि यह कट कितना गंभीर है। इंग्लैंड दौरे पर बुमराह का प्रदर्शन शानदार रहा है; उन्होंने सिर्फ दो टेस्ट मैचों में 12 विकेट अपने नाम कर लिए हैं। इस दौरान दो बार पारी में पांच विकेट लेने का कारनामा भी शामिल है। हालांकि, बुमराह के वर्कलोड को मैनेज करने और उनकी पीठ की समस्या को बढ़ने से रोकने के लिए, मैनेजमेंट और मेडिकल स्टाफ ने सीरीज शुरू होने से पहले ही फैसला लिया था कि वह इस दौरे पर सिर्फ तीन ही टेस्ट मैच खेलेंगे।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# 'इंफ्रास्ट्रक्चर' विकसित भारत की भव्य इमारत का मजबूत स्तंभ : हरदीप पुरी

नई दिल्ली (आईएएनएस)

केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने जोर देकर कहा है कि भारत अपने एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर का निरंतर विकास कर रहा है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में 'वन नेशन वन गैस ग्रिड' के विजन पर काम आगे बढ़ रहा है। पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में एक कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री ने बताया कि 2014 तक देश में केवल 15,000 किलोमीटर प्राकृतिक गैस पाइपलाइनें थीं, जो अब बढ़कर लगभग 25,000 किलोमीटर हो गई हैं और कई किलोमीटर निर्माणाधीन हैं। केंद्रीय मंत्री पुरी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा, "विपरीत धाराओं के बीच खड़े होकर उनकी दिशा बदलना आसान नहीं है। लेकिन जब दूरदर्शी नेता, देशवासियों के साथ चट्टान की तरह खड़े होकर, संरक्षक बनते हैं, तो यह संभव हो जाता है। जब दुनिया भर में पेट्रोल-डीजल की कीमतें आसमान छू रही थीं, तब प्रधानमंत्री मोदी ने सुनिश्चित किया कि बढ़ती कीमतों की आंच भारत तक न पहुंचे, उन्होंने कहा कि एक प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में, भारत एकमात्र ऐसा देश है जहां पिछले तीन वर्षों में पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ने के बजाय घटी हैं। केंद्रीय मंत्री पुरी ने जोर देकर कहा, "प्रधानमंत्री मोदी ने केंद्रीय उत्पाद शुल्क में कटौती की, जिससे देशवासियों की कमाई पेट्रोल और डीजल पर क्रमशः 13 रुपए और 16 रुपए प्रति लीटर बची। भाजपा शासित राज्यों ने भी वैट कम किया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में पिछले 11 वर्षों में एलपीजी क्रांति आई है, जिसने हर क्षेत्र में बदलाव की एक नई लहर ला दी है। केंद्रीय मंत्री पुरी ने कहा, "प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 10.33 करोड़ से अधिक महिलाओं को मुफ्त कनेक्शन दिए गए हैं। आज भी, उन्हें केवल 553 रुपए में एक सिलेंडर मिलता है, जो अन्य एलपीजी उत्पादक देशों की तुलना में कम है। उन्होंने आगे कहा कि इसके विपरीत, पड़ोसी देश श्रीलंका में इसी सिलेंडर की कीमत 1,204 रुपए, नेपाल में 1,201 रुपए और पाकिस्तान में 1,000 रुपए है।

केंद्रीय मंत्री ने बताया, "अकेले पश्चिम बंगाल में इस योजना के लाभार्थियों की संख्या 1.25 करोड़ से अधिक है। इस क्रांति ने न केवल महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार किया है, बल्कि यह रोजगार सृजन का एक महत्वपूर्ण माध्यम भी बन गया है। क्लीन एनर्जी अब लगभग हर देश की रसोई में मौजूद है।

**एलपीजी क्रांति ने बदली देश की तस्वीर :** *केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 11 वर्षों में एलपीजी क्रांति आई, जिसने हर क्षेत्र में परिवर्तन लाया।*




### सब्सिडी के चलते भारत में सस्ता सिलेंडर

*भारत में उज्ज्वला लाभार्थियों को सिर्फ ₹553 में सिलेंडर मिल रहा है, जबकि*

| | |
|---|---|
| श्रीलंका में | ₹1204 |
| नेपाल में | ₹1201 |
| पाकिस्तान में | ₹1000 |

**पश्चिम बंगाल में 1.25 करोड़ लाभार्थी :** केले पश्चिम बंगाल में 1.25 करोड़ से अधिक महिलाएं इस योजना से लाभान्वित हुई हैं।

# पहली तिमाही के नतीजों के बीच घरेलू बाजारों में इस हफ्ते गिरावट का सिलसिला रहा जारी



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** विश्लेषकों ने शनिवार को कहा कि घरेलू शेयर बाजारों में लगातार तीसरे हफ्ते गिरावट का सिलसिला जारी रहा और निफ्टी इंडेक्स 25,000 के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे बंद हुए। यह गिरावट वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही के नतीजों, खासकर आईटी और फाइनेंशियल सर्विस सेक्टर के नतीजों की धीमी शुरुआत के कारण देखी गई। वैश्विक मांग अनिश्चितता के बीच सुस्त प्रदर्शन और सतर्क दृष्टिकोण के कारण आईटी सेक्टर दबाव में रहा, जबकि अपेक्षित एनआईएम कॉन्ट्रैक्शन और परिसंपत्ति गुणवत्ता संबंधी चिंताओं के कारण फाइनेंशियल सर्विस सेक्टर के भी सुस्त नतीजे आने की उम्मीद है। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के रिसर्च हेड विनोद नायर ने कहा, "एफएमसीजी शेयरों ने बेहतर प्रदर्शन किया, जिसे शहरी उपभोग रुझानों में संभावित पुनरुद्धार की ओर इशारा करने वाले विकास अनुमानों का समर्थन मिला। मैक्रोइकोनॉमिक अनुकूल परिस्थितियों से बेहतर आय गति निवेशकों की पसंद को उपभोग शेयरों की ओर मोड़ सकती है।

# भारत-ईएफटीए व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौता 1 अक्टूबर से होगा लागू : पीयूष

मुंबई (आईएएनएस)



केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि भारत और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के बीच व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौता (टीईपीए) आधिकारिक तौर पर 1 अक्टूबर से लागू होगा, जिससे भारत में 10 लाख प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। ईएफटीए में आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड शामिल हैं। 10 मार्च, 2024 को हस्ताक्षरित इस ऐतिहासिक समझौते से भारी प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आने और कई क्षेत्रों में व्यापार एवं आर्थिक सहयोग गहरा होने की संभावना है। केंद्रीय मंत्री गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, "भारत-ईएफटीए टीईपीए 1 अक्टूबर से लागू होगा। ईएफटीए देशों ने 100 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है, जिससे भारत में 10 लाख प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। व्यापार, निवेश और व्यावसायिक साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए एक डेडिकेटेड भारत-ईएफटीए डेस्क शुरू किया गया है। केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि यह डेस्क सरकारों और निजी कंपनियों, दोनों के लिए 'सिंगल-विंडो प्लेटफॉर्म' के रूप में कार्य करेगा। भारत-ईएफटीए समझौते में पहले 10 वर्षों के भीतर 50 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) शामिल है; अगले 5 वर्षों में 50 अरब डॉलर का अतिरिक्त निवेश और भारत में 10 लाख प्रत्यक्ष रोजगार का सृजन शामिल है। टीईपीए भारत के सबसे व्यापक व्यापार समझौतों में से एक है और इससे भारतीय निर्यातकों के लिए प्रीमियम यूरोपीय बाजार खुलने की उम्मीद है, साथ ही पूंजी, इनोवेशन और रोजगार के अवसर भी होंगे। इस समझौते के तहत, ईएफटीए अपनी 92.2 प्रतिशत टैरिफ लाइनों की पेशकश कर रहा है, जो इस क्षेत्र में भारत के 99.6 प्रतिशत निर्यात को कवर करती है।

# भारत-ब्रिटेन समझौते से सालाना 25.5 अरब पाउंड वृद्धि होगी

नई दिल्ली (आईएएनएस)

प्रमुख उद्योग विशेषज्ञों ने शनिवार को कहा कि भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार में सालाना 25.5 अरब पाउंड की वृद्धि होने का अनुमान है। भारत और ब्रिटेन द्वारा अगले सप्ताह एफटीए पर हस्ताक्षर किए जाने की उम्मीद है ताकि दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश को बढ़ावा मिले। इस एफटीए के तहत, दोनों देशों के बीच व्यापार किए जाने वाले 90 प्रतिशत सामानों पर टैरिफ में कमी का प्रावधान है। ब्रिटिश उच्चायोग में दक्षिण एशिया के लिए उप व्यापार आयुक्त अन्ना शॉटबोल्ट के अनुसार, यह केवल टैरिफ के बारे में नहीं है, यह वास्तव में एक महत्वपूर्ण पहलू है, जिससे कई उद्योगों को लाभ होगा। उद्योग चैंबर पीएचडीसीसीआई द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में शॉटबोल्ट ने कहा, "क्रिएटिव कंपनियों को भी मजबूत कॉपीराइट सुरक्षा से लाभ होगा और सेवा क्षेत्र को भी लाभ होगा। डबल टैक्सेशन अवॉइडेंस कन्वेंशन दोनों पक्षों के श्रमिकों के लिए भी मददगार होगा, जिससे अधिक पारदर्शिता और निश्चितता पैदा होगी। पीएचडीसीसीआई के सीईओ और महासचिव डॉ. रंजीत मेहता ने इस बात पर जोर दिया।



## एक्सयूवी कार से बरामद हुई 600 किलो स्प्रिट चालक फरार

**चंदवा।** चंदवा पुलिस ने अवैध शराब निर्माण के लिए ले जाई जा रही स्प्रिट की एक बड़ी खेप जब्त की है। पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि एक एक्सयूवी कार से भारी मात्रा में स्प्रिट रांची से लातेहार लाई जा रही है। मिशन स्कूल के पास वाहन चेकिंग के दौरान डब्लूबी 52 एस 2898 नंबर की कार को रोककर जांच की गई, जिसमें 20 गैलन (करीब 600 किलो) स्प्रिट बरामद किया गया। कार चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर वाहन जब्त कर लिया है तथा फरार चालक की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। इस कार्रवाई में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरविंद कुमार, सशस्त्र बल के जवान शामिल रहे।

# चंदवा में दो कारों से पांच लाख की गांजा खेप पकड़ी, पांच तस्कर गिरफ्तार

- रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग लंबे समय से मादक पदार्थों की तस्करी का रूट बन चुका है

नवीन मेल संवाददाता



**चंदवा।** लातेहार पुलिस को मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ एक और बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आधार पर चंदवा थाना पुलिस ने शनिवार को सासंग के पास एनएच 75 पर वाहन चेकिंग के दौरान दो लग्जरी कारों से करीब 150 किलो गांजा बरामद किया। पुलिस ने पांच तस्करों को भी गिरफ्तार किया है। इनमें रायबरेली निवासी अभिराज सिंह, आर्यन सिंह, बस्ती के निशांत उपाध्याय व प्रमोद कुमार और लखनऊ निवासी प्रदीप कुमार गौतम शामिल हैं। पकड़ी गई इनोवा और अर्टिगा कार से कुल पांच लाख रुपये मूल्य की गांजा की खेप बरामद की गई है। सभी तस्करों को जेल भेज दिया गया है। एसडीपीओ अरविंद कुमार के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में थाना प्रभारी रणधीर कुमार, पुअनि श्रवण कुमार, सअनि सरोज कुमार सिंह और पुलिस बल के जवान शामिल थे। पुलिस ने बताया कि रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग लंबे समय से मादक पदार्थों की तस्करी का रूट बन चुका है, जिसे रोकने के लिए कार्रवाई जारी है।

## भाटचतरा में 22 जुलाई को लगेगा शिविर

**बारियातू।** भाटचतरा बाजार टांड में मंगलवार 22 जुलाई को स्वास्थ्य विभाग द्वारा बायोवृद्ध शिविर का आयोजन होगा। आयुष चिकित्सक डॉ सुरेंद्र कुमार ने बताया कि बीपी, शुगर समेत अन्य जांचें व निशुल्क दवा वितरण किया जाएगा। सहिया कर्मियों से लोगों को शिविर में लाने की अपील की गई है।

## सरस्वती विद्या मंदिर में इंग्लिश स्टोरी टेलिंग प्रतियोगिता




**लातेहार।** सरस्वती विद्या मंदिर में शनिवार को विद्यार्थियों के समग्र विकास व अंग्रेजी भाषा में दक्षता बढ़ाने हेतु इंग्लिश स्टोरी टेलिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कक्षा 1 से 10 तक के विद्यार्थियों ने शिक्षाप्रद, पौराणिक व प्रेरणादायक कहानियों की प्रस्तुतियां दीं। प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी ने कहा कि भाषाई दक्षता आज के युग में बेहद आवश्यक है। स्टोरी टेलिंग जैसी प्रतियोगिताएं छात्रों को भाषाई रूप से सशक्त बनाती हैं और व्यक्तित्व विकास में मददगार होती हैं। प्रतियोगिता को शिशु, बाल व किशोर तीन वर्गों में विभाजित कर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सलमान होजाई व धर्म प्रकाश प्रसाद ने किया। श्रेष्ठ प्रस्तुतियों के लिए भैया-बहनों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## बारिश से गरीब का घर ढहा प्रशासन से मदद की गुहार



**कुंदा (चतरा)।** लगातार बारिश से कुंदा प्रखंड के मेदवाडीह गांव निवासी जमदेव भारती का कच्चा मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। जमदेव भारती बकरी पालन कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। सीमित आमदनी और कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण वे घर की मरम्मत कराने में असमर्थ हैं। पीड़ित जमदेव भारती ने प्रशासन से घर बनाने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करने की अपील की है, ताकि उनका परिवार सुरक्षित रह सके।

## तेज बारिश में गिरी बिजली, नौ मवेशियों की मौत

**बेतला (लातेहार)।** बरवाडीह प्रखंड के लात पंचायत में शुक्रवार शाम तेज बारिश और बज्रपात से नौ मवेशियों की मौत हो गई। मुखिया प्रतिनिधि जय सहाय सिंह, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, बसंत सिंह व राजेश्वर सिंह समेत चार पशुपालकों को गहरा नुकसान पहुंचा है। खेत जोतने वाले बैल मारे जाने से किसान चिंतित हैं। पीड़ितों ने प्रखंड कार्यालय पहुंचकर मुआवजे की मांग की है।

# महुआडांड़ में बैंक रॉबरी का प्रयास मैनेजर ने थाना में दिया आवेदन

- चोरी की बढ़ती घटनाओं से ग्रामीण डरे, पुलिस पर उठे सवाल

नवीन मेल संवाददाता



**महुआडांड़ (लातेहार)।** झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक महुआडांड़ में शुक्रवार रात चोरों ने ताला काट बैंक रॉबरी का प्रयास किया। शनिवार सुबह बैंक खुलने पर घटना का खुलासा हुआ। बैंक मैनेजर सुबोजित कुमार यादव ने महुआडांड़ थाना में आवेदन देकर सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है। क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं से ग्रामीण भयभीत हैं।

## एनसीसीएफ की पहल से अरहर की खेती को मिली संजीवनी




**लातेहार।** एनसीसीएफ ने पांडेयपुरा एग्रो-हॉर्टी प्रोड्यूसर कंपनी के सहयोग से 35 क्विंटल अरहर बीज किसानों को वितरित कर खेती को पुनर्जीवित करने की शुरुआत की है। किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसल खरीदी की गारंटी दी गई है। कार्यक्रम में जिला कृषि पदाधिकारी व एनसीसीएफ के अधिकारी मौजूद रहे। ई-पोर्टल पर पंजीकरण कर लाभ लेने की अपील की गई।

## मौसम बदला, धान रोपनी में लौटी रफ्तार

- बारिश थमते ही खेतों में दिखी किसानों की सक्रियता, मजदूरी दर भी बढ़ी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पिछले दिनों लगातार मूसलाधार बारिश के बाद मौसम खुलने से किसानों को राहत मिली है। तीन दिनों से बारिश नहीं होने के कारण खेतों में पानी भर चुका है, जिससे जिन किसानों का बिचड़ा तैयार था, उन्होंने तेजी से धान रोपनी शुरू कर दी है। जिला मुख्यालय मेदिनीनगर से सटे गांवों में शनिवार को खेतों में रोपनी का दृश्य आम दिखा।

खेतों की जुताई कर धान रोपनी के लिए खेतों को तैयार किया जा रहा है। अधिकतर किसान ट्रैक्टर से खेत जुतवा रहे हैं, जबकि कुछ किसान अब भी पारंपरिक हल-बैल का उपयोग कर रहे हैं। मौसम साफ रहने से किसानों के चेहरों पर रौनक लौट आई है। हालांकि, जिन किसानों ने देर से बिचड़ा बोया था, उनका बिचड़ा अब तक तैयार नहीं होने से वे रोपनी शुरू नहीं कर पाए हैं। किसानों के अनुसार इस बार धान फसल के लिए मौसम अब तक अनुकूल बना है। यदि ऐसा मौसम बना रहा तो पैदावार बेहतर होने की उम्मीद है। हालांकि कुछ इलाकों में अत्यधिक बारिश से बिचड़ा सड़ भी गया है, जिससे वहां के किसानों को नुकसान झेलना पड़ा है।

इस बीच मजदूरों की कमी से रोपनी मजदूरी दर में भी इजाफा हुआ है। वर्तमान में पुरुष मजदूर प्रतिदिन 400 रुपये तथा महिला मजदूर 300 रुपये में धान रोपने का काम कर रही हैं। किसानों का कहना है कि मजदूरों की कमी के बावजूद वे रोपनी कार्य जल्द पूरा करना चाहते हैं।

# उपायुक्त कीर्तिश्री ने मयूरहंड प्रखंड में विकास योजनाओं का लिया जायजा

- अनजानवा जलाशय को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने के दिए निर्देश, महिला समूहों की गतिविधियों को सराहा

नवीन मेल संवाददाता



**मयूरहंड (चतरा)।** उपायुक्त कीर्तिश्री ने शनिवार को मयूरहंड प्रखंड का निरीक्षण कर विकास योजनाओं की प्रगति और जमीनी हकीकत का जायजा लिया। अम्बा टांड़ के मनरेगा पार्क का उद्घाटन करते हुए उन्होंने इसे पर्यावरण संरक्षण और रोजगार सृजन का उत्तम उदाहरण बताया। पार्क तक सड़क निर्माण शीघ्र स्वीकृत करने का निर्देश दिया। मंझगांवा पंचायत के अनजानवा जलाशय को पर्यटन और सिंचाई केंद्र के रूप में विकसित करने को कहा। स्वास्थ्य केंद्र, बालिका आवासीय विद्यालय व प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण कर सेवाओं को बेहतर बनाने का निर्देश दिया। परोरिया गांव में जेएसएलपीएस की आजीविका गतिविधियों का निरीक्षण कर महिला समूहों के कार्यों की सराहना की। स्वयं सहायता समूह से जुड़ी राधा देवी की दुग्ध उत्पादन की मिसाल को प्रेरणादायक बताते हुए स्वरोजगार बढ़ाने को कहा। जनप्रतिनिधियों व आमजनों की समस्याएं सुन समाधान का आश्वासन दिया।

## पंचायत प्रतिनिधियों के लिए दो दिवसीय कार्यशाला शुरू

**लातेहार।** नगर भवन में "अनुसूचित क्षेत्र में ग्राम सभा के अधिकार व जिम्मेवारी" विषयक दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की व जिला पंचायती राज पदाधिकारी श्रेयांश ने दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। कार्यशाला में पंचायत प्रतिनिधियों को संविधान के अनुच्छेद 244 व पेसा अधिनियम 1996 के तहत मिले अधिकारों की जानकारी दी जा रही है। विशेषज्ञों ने ग्राम सभा की भूमिका, खनन व वनाधिकार नियंत्रण, संसाधनों के स्थानीय प्रबंधन जैसे विषयों पर जानकारी साझा की। पंचायत प्रतिनिधियों को अपने क्षेत्र के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया।

## सहायक अध्यापकों ने विधायक को सौंपा मांग पत्र



**लातेहार।** सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के बैनर तले शिक्षकों ने अपनी मांगों को लेकर विधायक प्रकाश राम को संबोधित ज्ञापन सौंपा। विधायक ने मांगों को जायज बताते हुए समाधान का आश्वासन दिया। ज्ञापन में समान वेतन, दर्ज मुकदमे वापस लेने, सेवा निवृत्ति आयु बढ़ाने और कार्यमुक्ति आदेश वापस लेने की मांग प्रमुख रही।

# पांकी-मेदिनीनगर मुख्य सड़क का हाल बेहाल

- रेड़मा चौक से जीएलए कॉलेज तक सड़क की दुर्दशा, हर दिन दुर्घटना की आशंका

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पांकी-मेदिनीनगर मुख्य पथ, जो कभी आवागमन की लाइफलाइन थी, अब मौत का रास्ता बन गई है। रेड़मा चौक से लेकर जीएलए कॉलेज गेट तक सड़क पर दर्जनों गहरे और खतरनाक गड्ढे बन चुके हैं। तेज बारिश के बाद इन गड्ढों में पानी भर जाने से स्थिति और खतरनाक हो गई है। वाहन चालकों को गड्ढे का अंदाजा नहीं हो पाता और बाइक सवार अक्सर गिर पड़ते हैं।श्रीराम पथ के पास मुख्य सड़क के बीच बना बड़ा गड्ढा और जल जमाव हादसों को न्यौता दे रहा है। भारी वाहनों की वजह से सड़क और क्षतिग्रस्त हो चुकी है।

आए दिन राहगीर और मोटरसाइकिल सवार चोटिल हो रहे हैं, मगर विभाग बेखबर है। स्थानीय लोगों ने सड़क की मरम्मत के लिए कई बार गुहार लगाई, लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। सवाल उठता है- क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है? ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सड़क की मरम्मत शुरू नहीं हुई तो आंदोलन करेंगे।

## पंसस नीलम देवी ने खिलाड़ियों को बांटी खेल सामग्री, युवाओं में दिखा उत्साह



नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** पश्चिमी पंचायत की पंचायत समिति सदस्य नीलम देवी ने शनिवार को कुसुम टोली गांव में दर्जनों युवाओं के बीच खेल सामग्री का वितरण किया। युवा समाजसेवी इंद्रजीत शाह बंटी के सहयोग से फुटबॉल, जर्सी, बूट आदि सामग्री खिलाड़ियों को दी गई। नीलम देवी ने कहा कि संसाधनों की कमी के बावजूद स्थानीय युवक-युवतियां खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं। इस प्रयास का उद्देश्य युवाओं को प्रोत्साहित करना और उनकी जरूरतें पूरी करना है। खेल किट पाकर युवाओं में खासा उत्साह देखा गया और उन्होंने पंसस का आभार जताया। मौके पर बड़ी संख्या में युवा और स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री ट्रैक्टर योजना का लाभ मिला किसानों को

# उपायुक्त ने लाभुक को सौंपी ट्रैक्टर की चाभी



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** मनिका प्रखंड के विशुनबांध लैंप्स निवासी किसान को मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना के तहत ट्रैक्टर व कृषि यंत्रों का लाभ दिया गया। उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने किसान को ट्रैक्टर की चाभी सौंपते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ सीधे किसानों तक पहुंचाया जा रहा है। भूमि संरक्षण कार्यालय के माध्यम से यह ट्रैक्टर अनुदानित दर पर वितरित किया गया। मौके पर जिला सहकारिता पदाधिकारी जगमनी टोपनो, भूमि संरक्षण पदाधिकारी विवेक मिश्रा व जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार उपस्थित थे।

## लायंस क्लब डालटनगंज ने बांटी खिचड़ी, आज रेडमा चौक पर खस्ता कचौड़ी वितरण की तैयारी

- सादिक चौक पर 460 लोगों के बीच वितरित की गई पौष्टिक खिचड़ी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शनिवार, 19 जुलाई 2025 को लायंस क्लब ऑफ डालटनगंज की ओर से सादिक चौक पर जरूरतमंदों के बीच खिचड़ी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान लगभग 460 लोगों को पौष्टिक खिचड़ी वितरित की गई। कार्यक्रम में लायंस क्लब के सदस्यों ने सेवा भावना के साथ भोजन वितरित किया और सभी को स्वच्छता व पोषण के प्रति जागरूक भी किया। खिचड़ी वितरण के बाद सदस्यों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी सेवा कार्यक्रमों पर विचार-विमर्श किया गया। तय किया गया कि रविवार, 20 जुलाई को रेडमा चौक पर खस्ता कचौड़ी और आलू-चना की सब्जी का वितरण किया जाएगा।

# तालाब की सफाई पर 3.70 करोड़ खर्च करेगा निगम!

- दशकों से प्रदूषित जोड़ा तालाब को एमबीबीआर तकनीक से शुद्ध करने का दावा, पर कब तक रहेगा इंतजार?

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मोहन सिनेमा के सामने स्थित जोड़ा तालाब की बदहाली से शहरवासी त्रस्त हैं। वर्षों से दूषित पानी, जलकुंभी और नालों का गंदा पानी समेटे यह तालाब अब सीवर का रूप ले चुका है। अब नगर निगम 3.70 करोड़ की लागत से मूविंग बेड बायोरिएक्टर (एमबीबीआर) तकनीक पर आधारित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाने की तैयारी कर रहा है, लेकिन यह योजना भी सिर्फ कागजों पर ही नजर आ रही है। अभी तक निगम तालाब की जलकुंभी और कचरे की सफाई भी पूरी नहीं कर पाया है।

निगम दावा कर रहा है कि इस प्लांट से प्रतिदिन एक मिलियन लीटर गंदा पानी साफ होगा। पर सवाल यह है कि कब? बरसात के अंत का इंतजार कर रहे नगर निगम की सुस्त कार्यशैली और ढीली व्यवस्थाओं को देख कर लगता है कि तालाब का कायाकल्प अभी दूर की कौड़ी है। लोग पूछ रहे हैं कि यदि सालों से गंदगी में सड़ रहे तालाब को निगम गंभीरता से लेता, तो आज जलीय जीवन बचा रहता। निगम का यह नया प्रोजेक्ट भी महज फाइलों में सिमट कर ना रह जाए, यह देखना बाकी है। सिटी मैनेजर शमिता भगत ने कहा कि बरसात के बाद प्लांट लगाने की प्रक्रिया तेज होगी, पर शहरवासी पूछ रहे हैं- तब तक यह तालाब और कितनी गंदगी निगलेगा?

### आंगनबाड़ी केंद्र भवन हस्तांतरण व सेविका चयन में तेजी लाने के निर्देश

# 15 दिन में चयन प्रक्रिया पूरी कर सेविकाओं को दिलाएं योगदान : उप विकास आयुक्त

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** पलामू उपायुक्त समीरा एस० के निदेशानुसार उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग की योजनाओं की प्रगति समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी और महिला पर्यवेक्षिकाएं शामिल रहीं।

बैठक में उप विकास आयुक्त ने आंगनबाड़ी केन्द्रों के भवनों को शीघ्र हस्तगत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यपालक अभियंता, जिला परिषद व मनरेगा से निर्मित भवनों को समन्वय स्थापित कर 15 दिनों के भीतर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के माध्यम से हस्तांतरण कराने को कहा। जर्जर भवनों का भौतिक सत्यापन कर 4 दिनों में रिपोर्ट देने का निर्देश भी दिया गया। सभी सरकारी भवनों में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों में शौचालय, पेयजल और विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु प्रखण्ड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में समन्वय बैठक कराने को कहा गया।

## वाहन जांच अभियान में 22,150 रुपये का जुर्माना वसूला गया

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिले के सदिक चौक और रेडमा चौक पर शुक्रवार को जिला परिवहन विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान सड़क पर नियम तोड़ रहे वाहन चालकों पर कार्रवाई करते हुए 13 दोपहिया वाहनों को जप्त कर शहर थाना परिसर में सुरक्षार्थ रखा गया है। सभी गाड़ियों के कागजात जांच में बगैर हेलमेट, ट्रिपल लोडिंग, बिना लाइसेंस के वाहन चलाने के मामले सामने आए हैं।

सभी 13 जप्त वाहनों के चालकों का मामला जिला परिवहन कार्यालय को भेजा गया, जहां से 10 मोटरसाइकिलों पर कुल 10,000 रुपये, 1 टेंपो सवारी गाड़ी पर 1,150 रुपये और शराब पीकर गाड़ी चलाने के पूर्व में दर्ज एक मामले में 11,000 रुपये का फाइन वसूलने का कागजात जारी किया गया। कुल 22,150 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इधर, रेडमा चौक पर भी ट्रक, चारपहिया और दोपहिया वाहनों का निरीक्षण किया गया।

## पेज एक के शेष

### गोमिया के काशीताड़...

नक्सल मुक्त हो जाएगा। ज्ञात हो कि झारखंड पुलिस ने इस वर्ष राज्य को नक्सल मुक्त करने का लक्ष्य तय किया है। पुलिस के अनुसार, अब तक इस साल 16 नक्सलियों को मार गिराया गया है। इसके अलावा 10 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। वर्ष 2024 में पुलिस ने 244 नक्सलियों को गिरफ्तार किया था, जबकि नौ नक्सली मारे गए थे। 24 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटने का फैसला लिया था। आत्मसमर्पण करने वालों में चार जोनल कमांडर, एक सब जनरल कमांडर और तीन एरिया कमांडर शामिल थे।

### शिक्षक की पिटाई..

अन्य छात्र को छड़ी से मारने के दौरान छड़ी का टुकड़ा लग जाने से हुई है। उन्होंने कहा कि स्कूल प्रबंधन इलाज में सहयोग कर रहा है और बेहतर इलाज के लिए छात्र को रांची भेजा गया है। घटना के बाद विद्यालय प्रबंधन भी जांच में जुटा है। घटना के बाद क्षेत्र में भी स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों के प्रति आक्रोश का माहौल है।

### हमें गर्व है..

सैनिकों के मनोबल को बढ़ाने के लिए, उनको आश्वस्त करना होगा कि देश हर हाल में आपके साथ है, आप पर विश्वास करता है। अपनी सेना का सम्मान हमें अपनी तिरंगे की तरह हीं करनी चाहिए, क्योंकि तिरंगे में लिपट कर आने का सम्मान सिर्फ सैनिकों को ही प्राप्त होता है। चाहे वह सर्जिकल स्ट्राइक हो, या फिर 'ऑपरेशन सिंदूर', सेना का मनोबल हमेशा ही सुदृढ़, सशक्त एवं संतुलित रहा है। हमें अपने वीर सैनिकों पर गर्व है। जय हिंद, जय भारत!

### काबुल में भीषण जल संकट

## लोगों ने अंतरिम सरकार से आपूर्ति बढ़ाने की लगाई गुहार

**काबुल(आईएएनएस)।** अफगानिस्तान की राजधानी काबुल इन दिनों गंभीर जल संकट का सामना कर रही है, जिससे शहर के लाखों लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, शहर के मध्य और पश्चिमी हिस्सों में जल स्तर में तेज गिरावट दर्ज की गई है। एक स्थानीय निवासी मोहम्मद आघा ने कहा, "हर चीज पानी पर निर्भर है। इसके बिना जीवन बेहद कठिन हो जाता है। अगर पानी मिलना बंद हो जाए, तो लोग भूख और प्यास से मर जाएंगे।" एक अन्य निवासी ने बताया, "बच्चे और महिलाएं दिन-रात बाल्टी लेकर भटकते हैं, लेकिन कहीं पानी नहीं मिलता। लोगों ने तालिबान के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार से अपील की है कि वह जल आपूर्ति के बुनियादी ढांचे का विस्तार करे और गहरे कुएं खुदवाने की दिशा में ठोस कदम उठाए। संयुक्त राष्ट्र मानव बस्तियों कार्यक्रम (यूएन-हैबिटेट) ने गुरुवार को इस जल संकट को "अभूतपूर्व" करार दिया था।

## दक्षिण कोरिया: भारी बारिश से भूस्खलन, पांच की मौत

**सोल (आईएएनएस)** । दक्षिण कोरिया में चार दिनों से मूसलाधार बारिश जारी है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि इस बारिश के चलते करीब पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि चार लोग लापता हैं। 7,000 से ज्यादा लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। मौसम विभाग ने देश में और अधिक बारिश की चेतावनी दी है। इससे पहले, दक्षिण ग्योंगसांग प्रांत के सानचियोंग काउंटी में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। काउंटी के एक गांव में दो घर ढह गए। अधिकारी भूस्खलन में लापता हुए दो अन्य लोगों की तलाश कर रहे हैं। नेशनल फायर एजेंसी ने भूस्खलन के बाद देशभर में रेस्क्यू अभियान चलाने का आदेश जारी किया है। बुधवार से जारी बारिश के बाद से अब तक, केंद्रीय और स्थानीय सरकारी अधिकारियों ने पांच लोगों की मौत और चार लोगों के लापता होने की सूचना दी है।

### ट्रंप ने 24वीं बार सीजफायर का किया दावा

# भारत-पाक संघर्ष में 5 जेट गिरे

**वॉशिंगटन डीसी । एजेंसी**


अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर भारत-पाकिस्तान संघर्ष रुकवाने का दावा किया। साथ ही उन्होंने कहा- मुझे लगता है कि भारत-पाकिस्तान संघर्ष में सच में पांच जेट गिरे थे। हालांकि, उन्होंने यह साफ नहीं किया कि ये विमान किस देश के गिरे थे। ट्रंप ने ये बात व्हाइट हाउस में रिपब्लिकन सांसदों के साथ डिनर के दौरान कही।

ट्रंप अब तक 24 बार भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर कराने की बात कह चुके हैं। पहली बार ऐसा दावा उन्होंने 10 मई को सोशल मीडिया पर किया था। दरअसल, पाकिस्तान ने दावा किया था कि उसने लड़ाई में 5 भारतीय विमान मार गिराए थे। वहीं, भारत ने भी कहा था कि पाकिस्तान के कुछ विमान गिराए गए हैं। पाकिस्तान ने अपने किसी भी विमान के नुकसान से इनकार किया, लेकिन हवाई ठिकानों को निशाना बनाने की बात मानी थी। ट्रंप बोले थे- हम संघर्षों को निपटाने में बहुत सफल रहे इससे पहले 14 जुलाई को ट्रंप ने अपने इस दावे को दोहराया था कि उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले के बाद हाल ही में भारत-पाकिस्तान संघर्ष को बढ़ने से रोक दिया था। ट्रंप ने ये टिप्पणियां नाटो के महासचिव मार्क रूट के साथ अपनी बैठक के दौरान कीं। ट्रंप ने कहा, 'हम युद्ध को निपटाने में बहुत सफल रहे हैं। उन्होंने व्यापार को लाभ के रूप में इस्तेमाल करने की अपनी रणनीति की ओर इशारा करते हुए कहा, 'हमने व्यापार के माध्यम से ऐसा किया। मैंने कहा था कि जब तक आप इस मामले को सुलझा नहीं लेते, हम आपसे व्यापार के बारे में बात नहीं करेंगे, और उन्होंने ऐसा किया।

ट्रंप बोले थे- हम संघर्षों को निपटाने में बहुत सफल रहे इससे पहले 14 जुलाई को ट्रंप ने अपने इस दावे को दोहराया था कि उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले के बाद हाल ही में भारत-पाकिस्तान संघर्ष को बढ़ने से रोक दिया था। ट्रंप ने ये टिप्पणियां नाटो के महासचिव मार्क रूट के साथ अपनी बैठक के दौरान कीं। ट्रंप ने कहा, 'हम युद्ध को निपटाने में बहुत सफल रहे हैं। उन्होंने व्यापार को लाभ के रूप में इस्तेमाल करने की अपनी रणनीति की ओर इशारा करते हुए कहा, 'हमने व्यापार के माध्यम से ऐसा किया। मैंने कहा था कि जब तक आप इस मामले को सुलझा नहीं लेते, हम आपसे व्यापार के बारे में बात नहीं करेंगे, और उन्होंने ऐसा किया।



### संघर्ष को लेकर भारत-पाकिस्तान के दावे...




ऑपरेशन सिंदूर में इंडियन एयरफोर्स के हमले में पाकिस्तान के 6 फाइटर जेट, 3 एयरक्राफ्ट और 10 से ज्यादा ड्रोन और क्रूज मिसाइलें तबाह हुई थीं। रिपोर्ट में कहा गया है कि 6 से 10 मई के बीच भारत ने पाकिस्तान के पंजाब और पीओके (पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर) में मौजूद आतंकी ठिकानों पर हमला किया था। इसके बाद पाकिस्तान ने भी जवाब देने की कोशिश की, लेकिन भारतीय वायुसेना ने न केवल जवाब दिया, बल्कि पाकिस्तान को भारी नुकसान पहुंचाया। ऑपरेशन सिंदूर में इंडियन एयरफोर्स के रडार और एयर डिफेंस सिस्टम्स ने पाकिस्तान के फाइटर जेट्स को हवा में ही निशाना बनाया। सुदर्शन मिसाइल सिस्टम के जरिए लगभग 300 किलोमीटर दूर उड़ रहे एक हाई-वैल्यू एयरक्राफ्ट को भी मार गिराया गया था। ये एयरक्राफ्ट या तो इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सिस्टम से लैस था या एयरबोर्न अर्ली वॉर्निंग कंट्रोल सिस्टम। इसके अलावा, राफेल और सुखोई-30 ने पाकिस्तानी सेफ सेंटर (हैंगर) को निशाना बनाया, जिसमें मेड इन चीन विंग लूंग ड्रोन तबाह हुए। सूत्रों के मुताबिक, पाकिस्तान के भोलारी एयरबेस पर भी एक स्वीडिश मूल का एईडब्लयूसी विमान तबाह हुआ था।

## गडकरी की योजना से हर जिले में खुलेगा हाईटेक वाहन प्रशिक्षण केंद्र, मिलेंगे 'स्मार्ट ड्राइवर'

*शर्त है- जिस जमीन पर केंद्र स्थापित किया जाएगा उस पर विवाद या अतिक्रमण नहीं होना चाहिए*

**ब्यूरो**



**नई दिल्ली ।** केन्द्र सरकार में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ही ऐसे मंत्री हैं जिनके काम व सहयोग करने , बातचीत व्यवहार से भाजपा के ज़्यादातर नेता खुश हैं ही , विपक्षी नेता तो बहुत ही खुश हैं। वह बीच -बीच में कुछ न कुछ इनोवेटिव काम कर रहे हैं। जिसका लाभ सबको हो रहा है। अभी उन्होंने सड़क सुरक्षा व सुरक्षित यात्रा के मद्देनज़र एक महत्वाकांक्षी योजना के तहत अत्याधुनिक वाहन प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना शुरू की है। इन केंद्रों पर विदेशों की तर्ज पर आधुनिक उपकरणों के माध्यम से नए वाहन चालकों को प्रशिक्षित किया जाएगा, जिससे देश में सड़क हादसों में कमी लाने की संभावना है। गड़करी के केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय की इस पहल के तहत, पहले चरण में 20 ऐसे प्रशिक्षण केंद्रों को मंजूरी मिल चुकी है , जल्द ही 20 अन्य केंद्रों को भी स्वीकृति मिलने की संभावना है। मंत्रालय की योजना है कि देश के प्रत्येक जिले में कम से कम एक ऐसा केंद्र स्थापित किया जाए। मंत्रालय द्वारा तैयार की गई कार्य योजना के अनुसार, 2.5 करोड़ की आबादी पर एक अत्याधुनिक प्रशिक्षण केंद्र का प्रावधान किया गया है, जबकि छोटे शहरों के लिए यह दायरा एक करोड़ रखा गया है।इसके अलावा, जिला स्तरीय व्यवस्था में एक लाख की आबादी पर भी ऐसा केंद्र स्थापित करने की योजना है। इस दायरे से छोटे शहरों और दूरदराज के इलाकों तक भी इन प्रशिक्षण केंद्रों की पहुंच सुनिश्चित हो सकेगी।यह परियोजना केंद्रीय सड़क व परिवहन मंत्रालय राज्यों की सहायता से चला रहा है। केंद्र सरकार संबंधित राज्य को एक बार की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराएगी, जबकि बाकी खर्च संबंधित राज्य या केंद्र शासित प्रदेश को वहन करना होगा। राजस्थान, असम , ओड़ीशा , जम्मू-कश्मीर, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उप्र जैसे राज्यों में इन योजनाओं पर काम चल रहा है। केंद्र सरकार ने इन केंद्रों की स्थापना के लिए यह अनिवार्य शर्त रखी है कि जिस जमीन पर यह केंद्र स्थापित किया जाएगा, उस पर किसी भी प्रकार का जमीनी विवाद या अतिक्रमण नहीं होना चाहिए। हाल ही में योजना के दिशा-निर्देशों की समीक्षा कर उनमें कई बदलाव किए गए हैं ताकि इन केंद्रों की स्थापना तेजी और सुगमता से हो सके। इन प्रशिक्षण केंद्रों की एक मुख्य विशेषता यह होगी कि वाहन चालकों की परीक्षा स्वचालित मशीनों के माध्यम से ली जाएगी। इस जांच के बाद ही नियमानुसार किसी भी चालक को प्रशिक्षु या सामान्य लाइसेंस प्रदान किया जाएगा। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने इस योजना की शुरुआत करते हुए कहा था कि ये केंद्र देश भर में वाहन सुरक्षा को बेहतर बनाएंगे जिससे सड़क हादसों में कमी हो सकती है।

# मोहन भागवत 4 दिन केरल में, नई शिक्षा नीति पर बोलेंगे

**ब्यूरो**

- **संघ का एक संगठन 'शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास' कर रहा है 25 से 28 जुलाई तक शिक्षा शिखर सम्मेलन**
- **देश भर के 300 चुनिंदा शिक्षाविदों सहित अधिकारी व आध्यात्मिक संगठन शामिल होंगे**



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत चार दिनों के दौरे पर जा रहे हैं, वहां वह शिक्षा के क्षेत्र दिग्गजों से मुलाकात करेंगे। भागवत जिस कार्यक्रम को संबोधित करने जा रहे हैं, उसमें विश्वविद्यालयों के कुलपति, केंद्रीय संस्थानों के निदेशक, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के अध्यक्ष टी जी सीताराम, यूजीसी के उपाध्यक्ष व एनएएसी के निदेशक के साथ-साथ सरकारी प्रतिनिधियों के भी इसमें शामिल होने की उम्मीद है। नई शिक्षा नीति के कार्यान्वयन व पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों को मजबूत करने की रूपरेखा तैयार करने के लिए 25 से 28 जुलाई तक केरल के कलाडी में 4 दिवसीय शिक्षा शिखर सम्मेलन आयोजित किया जाना है। इसका आयोजन संघ से जुड़ा संगठन 'शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास' कर रहा है। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की इस ज्ञान सभा में भारत भर के लगभग 300 चुनिंदा शिक्षाविदों के साथ-साथ वरिष्ठ अधिकारी और आध्यात्मिक संगठन भी शामिल होंगे। न्यास के राष्ट्रीय सचिव अतुल कोठारी का कहना है कि राजस्थान, उत्तराखंड, गुजरात, मध्य प्रदेश और पुडुचेरी के शिक्षा मंत्रियों ने अपनी भागीदारी की पुष्टि कर दी है। इस आयोजन में सभी मंत्रियों या कुलपतियों को नहीं, बल्कि कुछ चुनिंदा प्रमुख हित धारकों को आमंत्रित किया जा है, जो इस विचार-विमर्श में सार्थक योगदान दे सकें। एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि एक समानांतर कार्यक्रम केरल के शिक्षा क्षेत्र पर केंद्रित होगा, जिसमें 1,000 प्रतिभागी शामिल होंगे, जिनमें राज्य के 200 चुनिंदा शिक्षाविद व राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर शामिल होंगे। संघ प्रमुख मोहन भागवत इस शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे और 27 जुलाई को एक सार्वजनिक कार्यक्रम में 'शिक्षा में भारतीयता' विषय पर व्याख्यान देंगे। अंतिम दिन, 28 जुलाई को, वे 'ज्ञान सभाः विकसित भारत हेतु शिक्षा' शीर्षक से एक राष्ट्रीय विचार-मंथन सत्र को संबोधित करेंगे। कोठारी ने कहा कि भागवत की उपस्थिति 'अपने व्यापक सांस्कृतिक व सामाजिक एजेंडे के हिस्से के रूप में शैक्षिक सुधार के साथ संघ की बढ़ती भागीदारी' को रेखांकित करती है। न्यास ने पहले भी भारतीय ज्ञान परंपराओं, भाषाओं, गणित, कौशल विकास व चरित्र निर्माण को बढ़ावा देने के लिए ज्ञान कुंभ व ज्ञान महाकुंभ जैसी पहलों का आयोजन किया है। जहां समर्थक इसे औपनिवेशिक काल की व्यवस्थाओं में एक आवश्यक सुधार के रूप में देखते हैं, जबकि आलोचकों ने आरएसएस पर शिक्षा का भगवाकरण करने का आरोप लगाया है। यह शिखर सम्मेलन पाठ्यक्रम सुधारों और राज्यों में नई शिक्षा नीति को लागू करने पर बढ़ती बहस के बीच हो रहा है।

## 'निजता और अधिकारों से समझौता नहीं'

- **डब्ल्यूएचओ के नियमों पर अमेरिका ने जताई आपत्ति**

**नई दिल्ली ।** अमेरिका ने शुक्रवार को कहा कि उसने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा पिछले साल बनाए गए अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य नियमों (आईएचआर) में किए गए संशोधनों को खारिज कर दिया है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, अमेरिका के स्वास्थ्य विभाग के मंत्री रॉबर्ट एफ. कैनेडी जूनियर और विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने मिलकर एक संयुक्त बयान जारी किया है। इसमें उन्होंने कहा कि अमेरिका डब्ल्यूएचओ द्वारा 2024 में किए गए नए स्वास्थ्य नियमों को औपचारिक रूप से खारिज करता है।

## थरूर ने टीआरएफ को 'वैश्विक आतंकी समूह' घोषित करने के अमेरिकी फैसले का स्वागत किया

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



पूर्व राजनयिक और वरिष्ठ कांग्रेस नेता शशि थरूर ने लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े 'द रेसिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) के खिलाफ अमेरिका की कार्रवाई का स्वागत किया है। तिरुवनंतपुरम से सांसद थरूर ने उम्मीद जताई कि इस फैसले से पाकिस्तान पर अंतरराष्ट्रीय दबाव बढ़ेगा कि वह अपनी जमीन से संचालित हो रहे आतंकी संगठनों के खिलाफ कार्रवाई करे। अमेरिका ने पिछले दिनों 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) को वैश्विक आतंकवादी संगठन घोषित किया। यह कदम 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद उठाया गया है, जिसमें 26 लोगों की जान गई थी। इस हमले की जिम्मेदारी टीआरएफ ने ली थी। इस हमले के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने न्याय की मांग करते हुए भारत को समर्थन देने की बात कही थी।

## अमेरिका: तुलसी गबार्ड का दावा, 'ओबामा ने रची थी ट्रंप को सत्ता से हटाने की साजिश'


**वाशिंगटन (आईएएनएस)**



अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया निदेशक (डीएनआई) तुलसी गबार्ड ने पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और उनके प्रशासन के वरिष्ठ सदस्यों पर मुकदमा चलाने की मांग की है। डीएनआई ने ओबामा पर साल 2016 के चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत को नुकसान पहुंचाने और बाद में उनके राष्ट्रपति पद के कार्यकाल को कमजोर करने के लिए मिलकर साजिश रचने का आरोप लगाया है। तुलसी गबार्ड ने 'एक्स' पर लिखा, "ओबामा का मकसद राष्ट्रपति ट्रंप को सत्ता से हटाना और अमेरिकी जनता की इच्छा को कुचलना था। चाहे वह कितने भी शक्तिशाली क्यों न हों, इस साजिश में शामिल हर शख्स की पूरी तरह से जांच होनी चाहिए। कानून के तहत सख्त से सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। हमारे लोकतांत्रिक गणराज्य की विश्वसनीयता इसी पर निर्भर करती है। हम आपराधिक जांच के लिए सभी दस्तावेज न्याय विभाग (डीओजे) को सौंप रहे हैं। राष्ट्रीय खुफिया निदेशक की ओर से जारी प्रेस रिलीज में बताया गया कि शुक्रवार को, राष्ट्रीय खुफिया निदेशक (डीएनआई) तुलसी गबार्ड ने सबूत पेश किए, जिसमें बताया गया कि कैसे राष्ट्रपति ट्रंप के हिलेरी क्लिंटन के खिलाफ 2016 का चुनाव जीतने के बाद, ओबामा और उनकी राष्ट्रीय सुरक्षा टीम के सदस्यों ने जानबूझकर खुफिया सूचनाओं को गढ़ा और राजनीतिक रूप दिया, ताकि राष्ट्रपति ट्रंप के खिलाफ तख्तापलट जैसी साजिश की नींव रखी जा सके।

## ईरान में हुई भीषण बस दुर्घटना, 21 की मौत और लोग घायल

**तेहरान ।** ईरान के दक्षिणी हिस्से में भीषण बस दुर्घटना हुई है। यहां एक बस के पलट जाने से कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई। मसूद आबेद ने बताया कि प्रांत की राजधानी शिराज के दक्षिण में हुई इस दुर्घटना में 34 अन्य लोग घायल हुए हैं। आबेद ने बताया कि बचाव अभियान जारी है। उन्होंने बताया कि अभियान पूरा होने और विस्तृत जांच के बाद अतिरिक्त जानकारी एवं अंतिम आंकड़े घोषित किए जाएंगे। अधिकारी ने बताया कि यह घटना पूर्वाह्न 11 बजकर पांच मिनट पर हुई और बचाव दल तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गया।




कहानी फिल्म जगत की

# शाहरुख को फिल्म के सेट पर लगी चोट, एक महीने आराम की सलाह

*अभिनेता शाहरुख खान को हाल ही में अपनी आगामी फिल्म 'किंग' के एक एक्शन सीक्वेंस की शूटिंग के दौरान पीठ में चोट लग गई। सूत्रों ने इंडिया टुडे को बताया कि चोट गंभीर नहीं है और अभिनेता ठीक हो रहे हैं। हालाँकि, इस घटना ने प्रोडक्शन शेड्यूल को प्रभावित किया है और अब फिल्मांकन सितंबर में फिर से शुरू होने की उम्मीद है।*

अभिनेता शाहरुख खान को हाल ही में अपनी आगामी फिल्म 'किंग' के एक एक्शन सीक्वेंस की शूटिंग के दौरान पीठ में चोट लग गई। सूत्रों ने इंडिया टुडे को बताया कि चोट गंभीर नहीं है और अभिनेता ठीक हो रहे हैं। हालाँकि, इस घटना ने प्रोडक्शन शेड्यूल को प्रभावित किया है और अब फिल्मांकन सितंबर में फिर से शुरू होने की उम्मीद है। चोट लगने के बाद, शाहरुख अमेरिका गए और फिर यूके चले गए, जहाँ वह अपने परिवार के साथ स्वास्थ्य लाभ कर रहे हैं। उनके स्वास्थ्य लाभ और कुशलक्षेम को प्राथमिकता देने के लिए श्रीलंका की उनकी प्रस्तावित यात्रा स्थगित कर दी गई है। रिपोर्ट में एक सूत्र के हवाले से कहा गया है कि शाहरुख को काम से एक महीने का ब्रेक लेने की सलाह दी गई है। "चोट की सटीक जानकारी अभी गुप्त है, लेकिन शाहरुख अपनी टीम के साथ तत्काल चिकित्सा सहायता के लिए अमेरिका गए हैं। यह कोई गंभीर बात नहीं है, बल्कि मांसपेशियों में चोट है। पिछले कुछ वर्षों में, शाहरुख स्टंट करते समय अपने शरीर की कई मांसपेशियों में चोटिल होते रहे हैं," सूत्र ने बॉलीवुड हंगामा को बताया।



***शाहरुख की किंग के बारे में और जानकारी :*** *किंग शाहरुख खान के करियर की सबसे महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में से एक बनने जा रही है, जिसमें वह निर्देशक सिद्धार्थ आनंद के साथ फिर से काम कर रहे हैं, जिनके साथ उन्होंने आखिरी बार पठान में काम किया था।*